रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-320 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### मोदी को मणिपुर जाकर लोगों से करनी चाहिए शांति की अपील : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मणिपुर के आंतरिक हालात ठीक नहीं हैं और पूरा राज्य दो हिस्सों में बंट गया है इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वहां जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर लोगों से शांति की अपील करनी चाहिए। गांधी ने कहा कि वह तीसरी बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं लेकिन उन्हें इस बात का अफसोस है कि वहां स्थिति सामान्य नहीं हो रही है। मोदी को खुद वहां जाकर लोगों से शांति की अपील करनी चाहिए ताकि स्थिति सामान्य हो सके। उन्होंने कहा मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं मगर अफसोस, स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा कराने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बड़े पैमाने पर कथित कदाचार और अन्य अनियमितताओं के कारण मेडिकल में स्नातक स्तर की पढ़ाई के दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता का प्रवेश परीक्षा 2024 रद्द कर उसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपनी सुनवाई गुरुवार को 18 जुलाई के लिए टाल दी मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर करते हुए कहा कि उसके के अलावा कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं ने अभी तक केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा दायर हलफनामे पर गौर नहीं किया है।

### ट्रक ने मारी ठोकर, जूदेव घायल




**रायपुर।** भाजपा नेता स्व. दिलीप सिंह जूदेव के छोटे पुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव सड़क हादसे में बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ने उनकी गाड़ी को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे प्रबल प्रताप जूदेव को चोटें आई है। जूदेव के बेहतर उपचार के लिये उन्हें रायपुर के श्रीबालाजी हॉस्पिटल लाया गया। वहीं उनका वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है की यह हादसा मुंगेली जिले के सरगांव के पास रायपुर से बिलासपुर जाते समय हुआ है। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक और चालक राम गणेश यादव (34) को गिरफ्तार कर लिया है।

# विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे : साय

## मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त आयोग से मांगा छत्तीसगढ़ के लिए विशेष अनुदान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आए 16वें वित्त आयोग के साथ बैठक में राज्य की विशेष परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ को विशेष अनुदान देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ नवोदित राज्य है, जो जनजातीय बहुल, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से घिरा एवं माओवाद प्रभावित है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की बराबरी में लाने के लिए अधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी। बैठक में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं सदस्यों के साथ उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी समेत पूरा मंत्रीमंडल मौजूद रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं, साथ ही माओवाद पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इन क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अधोसंरचना विकास के कार्यों में अतिरिक्त व्यय भार आता है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग से राज्य को अधिक वित्तीय सहायता की अनुशंसा की जाती है, तो निश्चित ही पिछड़े इलाकों में लोकहित के कार्यों को बड़े पैमाने पर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और इसके लिए छत्तीसगढ़ भी पूरी मेहनत से काम कर रहा है। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण हम करेंगे। हमारी अपेक्षा है केंद्रीय वित्त आयोग छत्तीसगढ़ के हमारे विजन को अमल में लाने के लिए अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रेल, सड़क, दूरसंचार, ऊर्जा, सिंचाई की परियोजनाओं की लागत एवं समय-सीमा में वृद्धि के कारण हमें अतिरिक्त व्यय भार वहन करना पड़ रहा है। खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण को होने वाली क्षति और लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से निपटने के लिए हमें अतिरिक्त धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी खपत एवं गन्तव्य आधारित कर प्रणाली के कारण खनन गतिविधियों का वास्तविक लाभ छत्तीसगढ़ को न मिलकर उन राज्यों को मिल रहा है जहां खनिजों का वैल्यू-एडिशन हो रहा है और खनिजों की खपत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के समय मात्र 29 हजार 539 करोड़ रुपए की छोटी सी अर्थव्यवस्था के साथ इस राज्य ने शुरुआत की थी। वर्ष 2023-24 में राज्य 5 लाख 9 हजार करोड़ रुपए के जीएसडीपी के लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है। आने वाले पांच वर्षों में हम जीएसडीपी के आकार को दोगुना करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

➤ शेष पेज 12 पर

# बजट से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने की अर्थशास्त्रियों से चर्चा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की आम बजट की तैयारियों के बीच नीति आयोग में देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ विचार विमर्श किया। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, अर्थशास्त्री, उद्योग विशेषज्ञ और नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने राजकोषीय स्थिति और रणनीतियों पर चर्चा करते हुए बैठक में प्रधानमंत्री के सामने अपने विचार और सिफारिशें रखे हैं। केंद्र में अपने तीसरे कार्यकाल में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट होगा। रूस और ऑस्ट्रिया की अपनी दो देशों की यात्रा समाप्त करने के बाद पीएम मोदी गुरुवार सुबह राजधानी लौट आए। पिछले महीने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति को तेज करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। वित्त मंत्री ने आगामी बजट पर अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के प्रमुखों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया है। संसद का 22 जुलाई से सत्र शुरु हो रहा है और 23 जुलाई को सीतारमण रिकॉर्ड सातवीं बार आम बजट पेश करेंगी। इसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ बुवाई की समीक्षा की



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ बुवाई की प्रगति की समीक्षा की और दलहन का रकबा बढ़ने पर संतोष व्यक्त किया। खरीफ फसलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दलहनों के रकबे में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। विशेष रूप से तुअर?और उड़द के रकबे में बढ़ोतरी हुई है। चौहान ने कहा कि दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना देश की प्राथमिकता है और इस दिशा में ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सभी राज्यों में उड़द, अरहर और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने इस मुद्दे पर जागरूकता पैदा करने को कहा ताकि अधिक से अधिक किसान दलहन की खेती के लिए आगे आएं।

## महिलाओं को मिले परिवार नियोजन के विकल्प चुनने का अधिकार: नड्डा

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



जेपी नड्डा ने कहा कि परिवार नियोजन में महिलाओं को विकल्प चुनने में सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्यों को सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है। नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक ऑनलाइन सम्मेलन 'माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का स्वस्थ समय और अंतराल' की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र और राज्यों को सामूहिक रूप से काम करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं परिवार नियोजन के विकल्प चुनने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और उन पर अनचाहे गर्भधारण का बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि गर्भनिरोधकों की जरूरतें विशेष रूप से अधिक जनसंख्या वाले वाले राज्यों, जिलों और ब्लॉकों में पूरी करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## बिना सबूत केजरीवाल को जेल में रखने के लिए बनाया गया आरोपी :'आप'



**नयी दिल्ली।** आप ने ईडी के आरोप पत्र को भाजपा के एजेंडे का हिस्सा करार देते हुए कि एजेंसी के पास कोई सबूत नहीं है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने के लिए आरोपी बनाया गया है। 'आप' राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने कहा, भाजपा द्वारा रचित तथाकथित शराब घोटाले में ईडी ने सातवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इस आरोप पत्र में ईडी ने केजरीवाल और 'आप' को आरोपी बनाया है। ईडी ने आरोप पत्र में जिन चीजों को हाइलाइट किया है, उस पर 20 जून को स्पेशल कोर्ट पहले ही स्पष्ट आदेश दे चुका है। स्पेशल कोर्ट ने ईडी की दो साल की जांच और सारे सबूतों को ध्यान में रखकर आदेश दिया है।

## राजसमंद में कार एवं ट्रेलर की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान में राजसमंद जिले में चारभुजा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर गुरुवार कार और ट्रेलर की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में धानिन मानसिंह का गुड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार और ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौत हो गई जो सभी एक ही परिवार के है। मृतकों की शिनाख्त दीनबंधु उपाध्याय (32), पुरुषोत्तम उपाध्याय (40) उनकी पत्नी रेणु उपाध्याय (34) और मनसुख देवी उपाध्याय (68) निवासी केलवाड़ा राजसमंद के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही चारभुजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# बारिश के लिए मेंढक-मेंढकी का रचाया ब्याह





पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

अल्प वर्षा से जूझ रहे दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक स्थित समलूर में ग्रामीणों ने मेंढक-मेंढकी का ब्याह रचाया। पारंपरिक रीति-रिवाज से कराई गई इस शादी में आम लोगों की तरह मंडपाच्छादन से लेकर तेल, हरिद्रालेपन, सात फेरों की रस्म वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुईं। पांरपरिक बाजा-मोहरी की धुन पर ग्रामीण जमकर थिरके। बाकायदा वर मेंढक के घर से बारात निकली और वधु मेंढकी के घर यानि मंडप तक जाकर फेरे करवाए गए। वर व वधु के रूप में मेंढक-मेंढकी को मिट्टी की छोटी-छोटी मटकियों में अलग-अलग रखा गया। गांव के ही दो छोटे-छोटे बालकों ने रस्में निभाने इन मटकी को गोद में धारण किया था। गांव के तालाब से मेंढक व मेंढकी लाए गए थे। फेरे की रस्म के बाद प्रीति भोज भी हुआ। इसके बाद बाजे-गाजे के साथ मेंढक-मेंढकी को गांव से होकर बहने वाली नदी में जाकर छोड़ा गया।

### अच्छी बारिश की कामना के लिए शादी

मेंढक-मेंढकी का ब्याह रचाकर अच्छी बारिश व खुशहाली की कामना की गई। दीगर जिलों की अपेक्षा दंतेवाड़ा जिले में तुलनात्मक रूप से कम हो रही बारिश को देखते हुए यह आयोजन ग्रामीणों ने किया। तपेश्वरी माता के प्रधान पुजारी परमानंद जिया ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। हर तीसरे साल यह आयोजन होता है। मेंढक को मेघराजा व मेंढकी को मेघरानी का प्रतीक माना जाता है। खास बात यह है कि इस आयोजन में बगैर किसी सरकारी मदद के ग्रामीण हर घर से जन सहयोग के रूप में राशि व अनाज इकट्ठा कर संपन्न करवाते हैं।

## सीएस अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विजन 2047 के संबंध में संभागायुक्तों और कलेक्टरों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन और उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट पर सभी संभागों, जिलों से सुझावों लिए गए। छत्तीसगढ़ के विकास और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। जिला स्तर पर विशिष्ट समस्याओं, आवश्यकताओं और क्षमताओं पर जिला कलेक्टरों से प्राप्त सुझावों पर गहन चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं, क्षमताओं को पहचानें और उन्हें विजन डाक्यूमेंट में शामिल करने जरूरी कार्यवाही करें। उन्होंने विजन डाक्यूमेंट के संबंध में जिले के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और विद्यार्थियों के सुझाव प्राथमिकता से लिए जाए। जिससे विजन 2047 दस्तावेज वास्तव में समावेशी और हर क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को पूरा कर सके। आगामी दिनों में विजन डाक्यूमेंट 2047 के संबंध में आयोजित संवाद कार्यक्रम में लोगों की जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि आजादी के अमृतकाल (2047) तक भारत को विकसित बनाने प्रधानमंत्री ने देशवासियों का आह्वान किया है। प्रदेश सरकार द्वारा 2047 तक छत्तीसगढ़ के समग्र विकास व नागरिकों की समृद्धि का रोडमैप तय करने के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है, जिसे प्रदेश स्थापना दिवस को नागरिकों को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का दायित्व राज्य नीति आयोग को सौंपा गया है। सदस्य, राज्य नीति आयोग ने इस अवसर पर बताया कि विजन डाक्यूमेंट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को विकास के नए आयामों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जनता की आवाज को प्राथमिकता दें और विकास योजनाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विशेष जरूरतों और विकास योजनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में प्राप्त सुझावों और विचारों को विजन 2047 डाक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा।

### आठवें प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करेंगे कंवर

# भीम सिंह कंवर ने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नये प्रबंध निदेशक के पद पर भीम सिंह कंवर की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। कंवर ने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के आठवें प्रबंध निदेशक के रूप में देर शाम पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी.दयानंद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कंवर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में कार्यपालक निदेशक (संचा. एवं संधा.) के पद पर पदस्थ थे। अब वे पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के आठवें प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। कंवर को विद्युत सेवा भवन में स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला एवं अन्य कार्यपालक निदेशकों, मुख्य अभियंतागण, अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### उपभोक्ता सेवा, संतुष्टि तथा विद्युत विकास कार्यों को प्राथमिकता : कंवर

नवनियुक्त एम.डी.भीमसिंह कंवर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा को पूरा करने के लिए ऊर्जा सचिव पी.दयानंद के मार्गदर्शन में पूरे समर्पण के साथ कार्य करेंगे। कंवर ने कहा कि वितरण कंपनी का मुख्य कार्य अंतिम विद्युत उपभोक्ता तक राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाना, उपभोक्ता सेवा तथा उपभोक्ताओं की संतुष्टि का ध्यान रखना होगा। वितरण कंपनी द्वारा जिस विद्युत अधोसंरचना का विकास किया जाता है, उसका सीधा संबंध उपभोक्ताओं की सेवा और संतुष्टि से होता है। अतः मैं और हमारी वितरण कंपनी की पूरी मैदानी टीम इस दिशा में हरसंभव योगदान देगी।

## दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने में केजरीवाल अनुपयुक्त : भाजपा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के गठजोड़ को दिल्ली की बदहाली के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता को सोचना चाहिए कि शहर को विश्व स्तरीय एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए यह 'ठगबंधन' कितना उपयुक्त है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, आप और अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से दिल्ली में अराजकता फैलाई है, दिल्ली का हर निवासी इससे त्रस्त है। कचरा नहीं साफहो रहा है। उन्होंने (आप) झूठे वादे किए हैं। वह दिल्ली के लिए पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं और शराब पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि जिस तरह का घोटाला केजरीवाल ने किया है उससे सवाल उठते हैं। उनके विचारों और सोच पर सवालिया निशान है। आज कांग्रेस भी इसमें शामिल हो गई है। कांग्रेस एवं आप के बीच महागठबंधन कायम है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारे तथ्यों एवं सबूतों के साथ न्यायालय को जानकारी दी है। दिल्ली की निवासियों को तय करना है कि दिल्ली को विश्वस्तरीय और अच्छी सुविधाओं वाला शहर बनाने के लिए क्या अरविंद केजरीवाल और 'ठगबंधन' 'कांग्रेस और आप की सरकार उपयुक्त है? अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह की कट्टर बेईमानी की राजनीति प्रस्तुत की है, उसे दिल्ली की जनता ने नकार दिया है।

## जीओसी व्हाइट नाइट कोर ने की उधमपुर, डोडा में सुरक्षा की समीक्षा



वार्ता ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग (जीओसी) व्हाइट नाइट कोर नवीन सचदेवा ने जम्मू और कश्मीर के उधमपुर और डोडा जिलों के दूरदराज के इलाकों में सुरक्षा की समीक्षा की। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा 'व्हाइटनाइट कोर, जीओसी ,सीआईएफ (डेल्टा) के साथ वर्तमान सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए बसंतगढ़ ,डोडा का दौरा किया। इसमें आगे पोस्ट किया गया, समीक्षा में क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल और निर्बाध समन्वय की अनिवार्यता को रेखांकित किया गया। उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में एक पुलिसकर्मी ने संदिग्ध गतिविधि को देखकर बुधवार शाम को गोली चला दी, जबकि मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी के बाद तलाशी अभियान जारी है।

# पौधारोपण, पर्यावरण के प्रति दर्शाता है संवेदनशीलता : मुख्यमंत्री मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर आरंभ एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पूरे देश में जनअभियान का स्वरूप ले लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल की 25 वीं बटालियन में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 करोड़ 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है, यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना को जगाने की कोशिश है। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पौधारोपण को अपनी प्राथमिकता में शामिल करना पुलिस की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। हर्ष का विषय है कि पुलिस जवानों के साथ उनके परिवार भी पौधारोपण को अपनी जिम्मेदारी मान रहे हैं। उन्होंने नक्सल विरोधी अभियान में



पुलिस की कार्यवाही और संपूर्ण प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में संवेदनशीलता के लिए पुलिस कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना कार्य प्रभावी तरीके से करती है, राज्य सरकार उनके साथ है। डॉ. यादव ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया और आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी समय संपूर्ण प्रदेश की पुलिस इकाइयों में एक साथ 1 लाख 25 हजार पौधे रोपे गए। मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने परिसर में भ्रमण कर पौधरोपण के लिए एकत्र हुए पुलिस जवानों और पुलिस परिवारों के सदस्यों से बातचीत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन हमें प्रकृति से जोड़ते हैं और मानवता के मूल गुणों को प्रोत्साहित करते हैं। जंगलों के नष्ट होने और अनियंत्रित प्रदूषण के परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि हुई है, जिसकी पूर्ति पौधे लगाने से ही हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पौधरोपण को माँ से जोड़कर अभियान को सभी के लिए आत्मीय और व्यक्तिगत बनाया है। माँ के नाम पर पौधा लगाना भारतीय संस्कृति को नमन है। प्रधानमंत्री मोदी के आहवान के अनुसार सिर्फ पौधा ही नहीं लगाना, अपितु पाँच फीट का होने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी हमें वहन करनी है।

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य की सभी पुलिस इकाइयों में आयोजित एक पेड़ मां के नाम-वृहद वक्षारोपण अभियान पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को प्रकृति के अधिक निकट लाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा। धरती माँ की रक्षा करने के साथ पौधे लगाकर धरती को परिपोषत करना भी हमारी जिम्मेदारी है। सक्सेना के निर्देश पर प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में हुए पौधरोपण कार्यक्रम में पुलिस जवानों तथा उनके परिजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भोपाल के कार्यक्रम में तीन वर्षीय विजयांश कुशवाह पुलिस की वर्दी में पौधरोपण के लिए अपनी माँ के साथ आए। मुख्यमंत्री ने विजयांश के उत्साह की प्रशंसा करते हुए उसके साथ पौधा रोपा।

## गोहाना में एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत जिला के गोहाना में पानीपत-रोहतक राजमार्ग पर गुरुवार को अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव शामडी निवासी जयपाल उर्फ जोगेंद्र (50) के रूप में की गई है। वह सुबह दूध बांटने के बाद घर लौट रहा था, इसी दौरान जब वह सैनीपुरा गांव के पास पहुंचा तो ताक में बैठे अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ आठ गोलियां उस पर चला दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है जिसमें तीन बाइक सवार युवक हमला करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भेज दिया है।

# योगी ने श्रावस्ती और बलरामपुर में लिया बाढ़ का जायजा

वार्ता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मण्डल के बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों में आई बाढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया और बाढ प्रभावितों को यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। योगी ने बलरामपुर जिले के सदर तहसील के सोनार गांव में बाढ़ पीड़ितों को सम्बोधित करते हुये कहा कि डबल इंजन की सरकार विषम घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और मदद के लिये सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मां पाटेश्वरी से प्रार्थना करते हुये योगी ने भीषण बाढ़ से आमजन को निजात दिलाने की कामना की। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश नेपाल में अतिवृष्टि के कारण सीमावर्ती 14 जिले की करीब 70 लाख की आबादी बाढ़ से अधिक प्रभावित है। इनमें श्रावस्ती बलरामपुर



लखीमपुर पीलीभीत व अन्य जिले शामिल है। योगी ने कहा कि इस वर्ष बाढ़ अगस्त के बजाय जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही आ गयी जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा और किसान प्रभावित हुये। उन्होंने श्रावस्ती जिले में बाढ़ में फंसे ग्यारह लोगों की जान पीएसी की फ्लड कम्पनी द्वारा बचाये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पहले से ही बाढ़ की आपदा से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध कर रखी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर में आई बड़ी आपदा से लगभग पांच दर्जन गांव प्रभावित है। जिले में कई सम्पर्क मार्ग और मुख्य मार्ग प्रभावित है। उन्होंने कहा कि जो परिवार पानी से घिरे होने के कारण बाहर नही निकल पा रहे उन्हें प्रशासन द्वारा घरों में ही फूड पैकेट, राहत पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मेडिकल सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जहरीले जंतुओं के काटने पर इंजेक्शन की व्यवस्था भी मेडिकल कैम्पो में की गयी है। उन्होंने जनहानि, पशुहानि, फसलहानि व अन्य नुकसान होने पर राहत व सहयोग राशि की बात करते हुये दोहराया कि सरकार हर पल पीड़ितों संग है। योगी ने कहा कि बाढ़ ग्रस्त इलाको में मंत्रियों का दौरा निरन्तर जारी है साथ वे स्वयं राहत व बचाव की निगरानी कर रहे है।

# बस्ती तथा सिद्धार्थनगर में बाढ़ का कहर जारी

एजेंसी ◄ बस्ती
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बस्ती मण्डल के बस्ती तथा सिद्धार्थनगर जिले में बाढ़ का कहर जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरूवार को बताया है कि बस्ती जिले में सरयू नदी का जलस्तर निरन्तर बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान 92.730 के बदले 93.090 पर बह रही है। नदी का रूख कटान की ओर है नदी के किनारे स्थित कृषि योग्य भूमि पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से माझा क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। सूबिका बाबू गांव के लोगों को आने-जाने के लिए जिला प्रशासन ने तीन मोटर बोट लगाया है। बाढ़ की पानी से टेड़हवा, विशुनदासपुर, भूअरिया, सतहा चारों तरफ से घिर गया है। अतिसंवेदनशील तटबन्ध कटरिया चांदपुर तथा सैफाबाद गौरा पर नदी के बहाव का तेज दबाव लगातार बना हुआ है। नदी का जलस्तर अगर ऐसे बढ़ता रहा तो तटबन्धों के लिए खतरा साबित होगा। घघौवा के रानीपुर कटवनिया में स्थित ठोकर नम्बर-1 पर बने लाचिंग अप्रन का वेश बाढ़ के पानी में डूब गया है। सिद्धार्थनगर जिले में बाढ़ के पानी से 12 सड़कें डूब गयी है तथा दो दर्जन से अधिक गांव पानी से घिरे हुए है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में 31 गांव प्रवाहित है बाढ़ खण्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरन्तर दौड़ा किया जा रहा है। बूढ़ी राप्ती नदी जिले में एक सप्ताह से खतरे के निशान के ऊपर बह रही है बढ़नी ब्लाक के तौलिहवा ग्राम पंचायत बाघा नगर टोले में कभी भी मकान विहीन हो सकती है।

# संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि ठगबंधन सरकार की तुष्टिकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी आबादी खतरे में है। ऐसा लगता है कुछ दिनो में अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। मरांडी ने 1951से लेकर 2011तक हुए जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार का सेंसस रिपोर्ट है जो नरेंद्र मोदी जी को देश की सत्ता में आने से पहले का है। उन्होंने कहा कि आज जनसंख्या दिवस है और आंकड़े बताते हैं कैसे संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही और मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित ढंग से घट रही। मरांडी ने कहा कि 1951में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67त्नथी ,मुस्लिम आबादी 9.44त्नथी और सामान्य आबादी 45.91त्नथी। आज 2011की जनगणना रिपोर्ट को देखें तो मुस्लिम आबादी में ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73त्नहो गई जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67त्नसे घटकर 28.11त्नहो गई। यही पर सामान्य आबादी 45.9त्नसे 49.2त्नतक ही बढ़ी।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान सरकार के विधानसभा में पेश किए बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सम्पूर्ण प्रदेश में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना लागू करने, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी , 125 करोड़ रुपये व्यय, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आगामी तीन वर्षो में 15 हजार करोड़ रुपये के कार्य करने का प्रावधान किया गया हैं। बजट में सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय ,जयपुर के आयुष्मान टावर हेतु लगभग 200 करोड़ रुपये व्यय , अजमेर में आयुर्वेद , योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं एक हजार 500 चिकित्सकों तथा चार हजार नर्सिंग कर्मियों के नये पद सृजित किए जायेंगे। इसी तरह सड़क सुरक्षा क्षेत्र में आरयूएचएस जयपुर , कोलाना (बांदीकुई) दौसा , साण्डेराव , देसूरी-पाली एवं प्रतापगढ़ सहित छह नये ट्रोमा सेंटर , 25 अतिरिक्त उन्नत जीवन सुरक्षा एम्बुलेंस , प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा टॉस्क फोर्स का प्रावधान किया गया है। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना में 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में वंचित वर्ग की आबादी सकी आधारभूत संरचनाओं के लिए दो सौ करोड़ रुपये का प्रावधान , शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडरों के साथ अन्य जरुरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए , प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को 25 हजार रुपये का अनुदान , ईडब्ल्यूएस हेतु रियायती ब्याज दर पर रिण के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान , प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच नवीन आंगनबाडी केन्द्र , लखपति दीदी योजना के अंतर्गत इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का पांच लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने तथा दो हजार दिव्यांगजन को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्तालय में पृथक से सुरक्षा पुलिस बल , पद्मिनी , कालीबाई एवं अमृतादेवी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना , पुलिस के लिए 750 मोटरसाइकिल एवं पांच सौ हल्के वाहन एवं विभिन्न नये न्यायालयों की स्थापना , प्रत्येक जिले में एक महिला थाना एवं 10 नये पुलिस थाने खोलने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह कार्मिक कल्याण पेंशनर्स को देय आउट डोर चिकित्सा सुविधा व्यय की सीमा का 30 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष , ग्रेच्युटी की वर्तमान अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया है। इससे लगभग 120 करोड़ रुपये का वित्तीय भार पड़ेगा। इसी तरह स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की आयु सीमा तथा अनुभव में छूट देते हुए न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा पत्रकारिता का अनुभव 15 वर्ष किया गया है।

# पांच किलो डोडा पोस्त के साथ उप्र का तस्कर गिरफ्तार

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड की बाजपुर पुलिस ने पांच किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ उत्तर प्रदेश (उप्र) के एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजपुर पुलिस की ओर से मंगलवार रात को केशोवाला रोड पर मजार के पास वाहनों की जांच के लिये अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक मोटर साइकिल सवार को रोका और उसकी जांच की तो उसके पास से 4.996 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी शिशुपाल निवासी ग्राम औरंगाबाद, पो0 ओ0 केशरपुर, थाना सिरौली, बरेली, उप्र को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफमादक द्रव्य अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कार्रवाई में अमल में लायी गयी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बरामद डोडा पोस्त को उप्र के बरेली से लाया है और ऊधम सिंह नगर के बन्नाखेड़ा ऊंचे दाम पर बेचने के लिये ले जा रहा था। पुलिस उन आरोपियों की तलाश में जुट गयी जिन्हें डोडा पोस्त की आपूर्ति की जानी थी।

## सांप के काटने से गर्भवती महिला समेत दो की मौत

**गौरेला पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में दो अलग-अलग गांवों में सांप के काटने से दो लोगों की मौत हो गई। विजय अगरिया और गर्भवती रोशनी भरिया आधी रात को अपने-अपने घर पर सो रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। एक घटना गौरेला थाना क्षेत्र के भस्कुरा गांव और दूसरी पेंड्रा थाना क्षेत्र के कुड़कई गांव की है।

## तमिलनाडु के विक्रवंडी विस उपचुनाव में तीन बजे तक 64.44 प्रतिशत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विक्रवंडी विधानसभा सीट पर बुधवार सुबह शुरू हुए मतदान में कुल 2,37,031 मतदाताओं में से अपराह्न तीन बजे तक 64.44 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सुचारू रूप से जारी है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न तीन बजे तक 64.44 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान अभी तक सुचारू रूप से और शांतिपूर्वक चल रहा है। उपचुनाव के लिए सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक), पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) और नाम तमिलर काची (एनटीके) समेत कुल 29 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उपचुनाव में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे, भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन और एनटीके के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है, क्योंकि मुख्य विपक्षी दल अखिल अन्नाद्रमुक और उसके सहयोगी देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) ने चुनावों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। मुख्य मुकाबला द्रमुक के अन्नियुर शिवा और भाजपा की सहयोगी पीएमके उम्मीदवार सी. अंबुमणि के बीच है। एनटीके की डॉ. पी. अनुराधा मैदान में अन्य मुख्य उम्मीदवार हैं, जबकि बाकी निर्दलीय हैं। यह सत्तारूढ़ द्रमुक और पीएमके के बीच सीधा मुकाबला है।

# जौनपुर में कार की चपेट में आने बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सिंगरामऊ क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ हाइवे पर गुरुवार दोपहर में बाइक सवार दंपत्ति कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को




घायलावस्था में पीएचसी ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र के कुतुबीचक, पट्टीनरेन्द्रपुर गाँव निवासी सभाशंकर मिश्रा (54) अपनी पत्नी के साथ बाइक से रिश्तेदार के यहाँ आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने प्रतापगढ़ जा रहे थे कि रतासी मार्ग से आकर सिंगरामऊ हाईवे के समीप मिश्रौली गांव के पास जैसे ही बाइक लेकर चढ़े, उसी समय सुल्तानपुर की तरफसे आ रही कार उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सहित पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर दोनों को गिरा देख पास में ही स्थित पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों की मदद से तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए पीएचसी सिंगरामऊ ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने सभाशंकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी पत्नी का इलाज करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

## हाईकोर्ट के निर्णय ने हमारे रुख पर मुहर लगाई : पंधेर

**चंडीगढ़।** किसान ने सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा सरकार को पंजाब से लगी सीमाओं से बैरिकेड हटाने का निर्देश देकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने किसानों के रुख पर मुहर लगाई है। बाबा बकाला में मीडिया से बातचीत में उच्च न्यायालय के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री पंधेर ने कहा, हम शुरू से कहते रहे हैं कि हाइवे हमने नहीं रोके हैं, बल्कि यह हरियाणा सरकार थी जिसने बैरीकेड लगाकर सीमाएं सील कर दी हैं। उन्होंने कहा कि अब वह पहले अपने वकीलों के जरिए अदालत के आदेश की प्रति प्राप्त करेंगे, आदेश का अध्ययन होगा और 16 जुलाई को किसान संगठन चर्चा के बाद अपने अगले कदम का फैसला करेंगे।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लाए तेजी : गौर

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा है कि प्रदेश की विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वन में तेजी लाए। गौर ने कहा कि डेटाबेस के आधार पर परिवारों को विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाये। उन्होंने यह निर्देश विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु विभाग की



समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के कल्याण की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय के अधिक से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक योजनाओं में समुदाय की 71 हजार छात्र-छात्राओं को वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विभाग के अंतर्गत 141 छात्रावास, आश्रम, सामुदायिक कल्याण केन्द्र संचालित हैं। इनमें 4485 बालक और 2065 बालिका के लिए कुल 6550 सीटे स्वीकृत है। विमुक्त जाति बस्ती विकास योजना में वर्ष 2024-25 के लिए 516 लाख रूपये के बजट का प्रावधान है।

# राजस्थान का यह बजट डबल इंजर सरकार का ऐतिहासिक बजट है : सारस्वत

वार्ता ◄ बीकानेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ सीट से भारतीय जनता पार्टी विधायक ताराचंद सारस्वत ने विधानसभा में पेश बजट को डबल इंजन की सरकार का ऐतिहासिक बजट बताया है और कहा है कि इस बजट में प्रत्येक वर्ग को शामिल किया गया है। सारस्वत ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यह बजट गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट में पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में श्रीडूंगरगढ़ में वर्षों पुरानी मांग बस स्टैंड को बजट में शामिल किया गया है। यहां अब आधुनिक बस स्टैंड बनाया जायेगा। क्षेत्र में 20 नये हैंड पम्प और 10 ट्यूबवेल लगाये जायेंगे। इसके साथ ही गुसांइसर बड़ा और ठुकरियासर में 132 केवी का जीएसएस का निर्माण किया जायेगा। सारस्वत ने बताया कि बजट घोषणा के तहत क्षेत्र में क्षेत्रवासियों की मांग पर कालू रोड श्रीडूंगरगढ़ से पुनरासर वाया समंदरसर और वीर बिग्गाजी से तोलियासर सड़क का निर्माण किया जायेगा।

# यूपी में सपा की सरकार बनाना सबसे बड़ा लक्ष्य : शिवपाल

वार्ता ◄ इटावा
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की बहुमत की बनाना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इटावा जिला कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी को यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब पार्टी का संगठन बेहद मजबूत होगा। 2027 के विधानसभा चुनावों में सपा की सरकार हर हाल में काबिज करनी है। यह तभी संभव होगा जब पार्टी का मजबूत संगठन होगा। यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ऐसी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार काबिज होगी लेकिन यह तभी संभव होगा जब पार्टी का संगठन मजबूत होगा। हाल में हुए संसदीय चुनाव में सपा के सामने कई गंभीर चुनौतियां थी लेकिन इसके बावजूद भी सपा ने सभी चुनौतियों का सामना करके अपने आप को उत्तर प्रदेश में भाजपा से बेहतर साबित करके दिखाया है। उन्होने कहा कि कोई भी पार्टी का संगठन अगर मजबूत है तो फिर उसका कोई भी विरोधी कोई नुकसान नहीं कर सकता है। जिस अंदाज में सपा के कार्यकर्ताओं ने संसदीय चुनाव में जी तोड़ मेहनत की है, ऐसी मेहनत 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को करने की जरूरत पड़ेगी।

# वनाधिकार पट्टा धारकों को मिले पीएम आवास का लाभ : पटेल

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वन अधिकार पट्टा धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समुचित रूप से मिले। पट्टा धारकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का अनिवार्यतः लाभ दिया जायें। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पटेल ने यह निर्देश वन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। राजभवन में आयोजित बैठक में वन, पर्यावरण और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर और अपर मुख्य सचिव वन विभाग अशोक कुमार बर्णवाल मौजूद थे। राज्यपाल ने बैठक में वन मित्र पोर्टल की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पोर्टल को आवेदक फ्रेंडली



और पात्र हितग्राहियों की सहूलियत का विशेष ध्यान रख जाए। उन्होंने वन अधिकार पट्टा धारकों के लिए खेल मैदान, हाट बाज़ार, मढ़ई-मेले और श्मशान घाट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि जनजाति समुदाय को पीएम जनमन योजना के विभिन्न घटकों को संयोजित कर प्राथमिकता से लाभान्वित करें। उन्होंने बैठक में पीव्हीटीजी वनधन केंद्रों की स्थापना की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि वन अपराध में जनजाति व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों का गंभीरता के आधार पर वर्गीकरण कर त्वरित निराकरण के लिये मानिटरिंग की जाए। राज्यपाल ने बैठक में लघु वनोपज संग्रहण अधिकार, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, नवीन ग्राम सभाओं के गठन के पश्चात उनके नजरी नक्शे और सीमांकन की स्थिति, तेंदू-पत्ता संग्रहण, गौण वनोपज का संग्रहण एवं प्रबंधन तथा विपणन, वनोपज की खरीदी एवं बिक्री, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय-विक्रय, वन संसाधन योजना एवं नियंत्रण समिति के गठन, गौण वनोपज के प्रबंधन हेतु सूक्ष्म प्रबंध योजना, खनिज स्वामित्व को लेकर ग्राम सभाओ की स्थिति, आदि के विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा कर निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सुनी आम लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी



शिकायतों तथा समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन स्वयं एक-एक लोगों से उनके आवेदन पत्रों को लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का यथोचित एवं त्वरित समाधान किए जाने का भरोसा दिया। मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने उपस्थित लोगों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में उनकी सरकार गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास किया है। उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीतियां बनाई हैं। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वकांक्षी जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इन सभी प्रभावी नीतियों तथा योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार तथा सकारात्मक बदलाव लाया जा सके इस निमित्त हम प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं को उनतक तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग, सहभागिता और आशीर्वाद से ही विकसित एवं समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

# आकांक्षी ब्लॉक ओरछा में संपूर्णता अभियान के तहत लगाई गई शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



संपूर्णता अभियान के तहत् ग्राम कस्तुरमेटा, विकासखण्ड ओरछा में स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संपूर्णता अभियान शिविर में कुल 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में 46 हितग्राहियों का बीपी, शुगर जांच किया जिसमें से 0 पॉजिटिव एवं 43 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया जिसमें से 06 पॉजिटिव मरीज मिले, जिनको उपचार हेतु दवाई उपलब्ध कराते हुए संबंधित बिमारी के बारे में सुझाव दिया गया साथ ही 10 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। राजीव कुमार सिंह बघेल, डी.पी.एम. एवं ऐल्फी, युनिसेफ सलाहकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। डॉ. टी. आर. कुंवर, सी.एम.एच.ओ. एवं सबिरा, युनिसेफ सलाहकार के नेतृत्व में दिनांक 10.07.2024 को संपुर्णता अभियान के तहत् दुसरा स्वास्थ्य शिविर ग्राम ओरछा, विकासखण्ड ओरछा में स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संपुर्णता अभियान शिविर में कुल 356 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में 47 लोगों का सोनोग्राफी, 151 हितग्राहियों का बीपी-शुगर जांच किया जिसमें से 08 बीपी और 06 शुगर के पॉजिटिव मरीज एवं 43 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया जिसमें से 06 पॉजिटिव मरीज पाये गये। सभी पॉजिटिव पाये गये लोगों को दवाई उपलब्ध कराते हुए संबंधित बिमारी के बारे में सुझाव दिया गया। डॉ. टी. आर. कुंवर, सी.एम.एच.ओ. एवं सबिरा, युनिसेफ सलाहकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

# आज जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वृक्षारोपण अभियान



**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को प्रोत्साहित किए जाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 जुलाई को जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को एकत्र कर पानी की महत्ता जैसे- स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरो में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में 12 जुलाई को पांच फलदार वृक्ष का रोपण भी किया जायेगा और आंगनबाड़ियों के वृक्षारोपण में समुदाय एवं पालकों के सहयोग एक वृक्ष माँ के नाम शीर्षक से एक पौधे का रोपण कार्यक्रम होगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं जनसमुदाय से भी आवश्यक सहयोग की अपील भी की गई है।

# नकुलनार-गंजेनार-मसेनार मार्ग पर जल्द लगेंगे स्ट्रीट लाइट, प्रवेश जोशी ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



प्रवेश कुमार जोशी द्वारा नकुलनार से गंजेनार और गंजेनार से मसेनार गांवों में सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखी गई। जोशी ने अपने पत्र में लिखा था कि इन गांवों में कुल 40 परिवार रहते हैं, और अब तक इन गांवों में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं थी। अंधेरे के कारण ग्रामवासियों को रात्रि में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। असामाजिक घटनाओं का डर बना रहता है, बच्चों के खेलने के दौरान भी सड़क दुर्घटना का खतरा रहता है। पत्र पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, शिकायत विभाग रायपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंस में दिए गए निदेर्शानुसार कलेक्टर दंतेवाड़ा ने आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र जिला ऊर्जा विभाग को प्रेषित किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत किया गया है। कुल 42,72,453.72 रुपये की राशि का यह प्राक्कलन स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

## प्राक्कलन के अनुसार, 6 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी

ग्राम नकुलनार से आईटीआई कुआकोण्डा तकः 7,98,302.82 रुपये, आईटीआई कुआकोण्डा से शासकीय कॉलेज कुआकोण्डा तकः 5,27,320.62 रुपये, शासकीय कॉलेज कुआकोण्डा से ग्राम गंजेनार विपिन राईस मिल तकः 7,98,302.82 रुपये, ग्राम गंजेनार विपिन राईस मिल से ग्राम गंजेनार मुन्ना मरकाम के घर तकः 6,91,644.70 रुपये, ग्राम गंजेनार मुन्ना मरकाम से ग्राम मसेनार नाकापार तकः 9,29,562.14 रुपये, ग्राम मसेनार नाकापार से मसेनार आम बगीचा तकः 5,27,320.62 रुपये है। स्ट्रीट लाइट फिलिंग और संबंधित कार्य ग्राम पंचायत नकुलनार और सीईओ कुआकोण्डा द्वारा किया जाएगा। इस सकारात्मक कार्यवाही के लिए प्रवेश जोशी ने जन सुनवाई में तत्पर रहते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का व जनशिकायत विभाग और विकास पुरुष कलेक्टर दंतेवाड़ा का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इन सभी की तेज कार्यकुशलता और विकास कार्यो के प्रति समर्पण को प्रशंसनीय बताया। जिन सबके कारण ही जनसमस्याओं का निवारण हो रहा है। यह उम्मीद है कि शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट स्थापित हो जाएंगी और ग्रामीणों को रात के समय सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

# एएमएनएस किरन्दुल द्वारा 39 बच्चों को किया गया साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



मुख्य रूप से दूरस्थ आदिवासी स्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीएसआर के तहत आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम आयोजित की गई। विशेष रूप से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के वंचित छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करते हुए गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर किरंदुल में चयनित टॉपर छात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। जिसमें अरविंद महाविद्यालय, कोड़ेनार क्रमांक 01, कोड़ेनार क्रमांक 02, बंगाली कैम्प माध्यमिक विद्यालय एवम विद्यानगर के 39 विद्यार्थियों को नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय एवम जनप्रतिनिधियों द्वारा साईकिल वितरित किया गया। ताकि उनकी शिक्षा जारी रहे और स्कूल में ड्रॉपआउट कम हो और अन्य छात्रों को भी बढ़ावा मिले। इस प्रकार की सुविधा मेधावी छात्रों को अपने उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। मौके पर एएमएनएस जीएम वाई वी राघवेलु, सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश, श्रीनिवास राव, बीआरसी मेहतर राम कश्यप, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, प्राचार्या हायर सेकेंडरी स्कूल विद्यानगर उमा ठाकुर, प्राचार्या अरविंद महाविद्यालय डॉ. तंजीन आरा खान, संकुल समन्वयक शहरी शंकर चौधरी, शारदा दर्रो, मंगरीता टोप्पो उपस्थित थे।

# शहर में लगातार हो रही दुर्घटना को रोक लगाने युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस के द्वारा जिला महासचिव सुरेश नाग एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू के नेतृत्व में कांकेर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू जिला महासचिव सुरेश नाग ने कहा कि पिछले कुछ समय से कांकेर शहर में लगातार दुर्घटना हो रही है जिससे आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है जब से शहर में डिवाइडर बना है और उसकी ऊंचाई अधिक है जिससे पार करने वाले दिखाई नहीं देते है ओर जा डिवाइडर को पार करने के लिए रास्ता है वो न तो न सिग्लन न है ही कोई स्पीड ब्रेकर है जिससे गाड़ियों को रस्तार तेज होती है जो एक प्रमुख कारण है दुर्घटना का क्यूंकि सेंट माइकल स्कूल से कालेज कालेज और ज्ञानि चौक तक लगातार भीड़ वाला जगह है स्कूल कालेज के पास छात्रों का बहुत भीड़ बना रहता है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है उन सब जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए या फिर गाड़ियों की रस्तार कम उचित व्यवस्था किया जाए पिछले कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज की हमारी बहन इंदु वट्टी जो फेमस यूटबर थी इस दुर्घटना की वजह से बहुत ही अल्प समय में हम सबको छोड़ कर इस दुनियां से चले गई ओर एक्सीडेंट कर वाले कार चालक ओर मालिक के ऊपर अब तक की कोई भीकार्यवाही नहीं हुवा है और जिला प्रशासन को बहन के परिवार को उचित मुवायजा दिया गया अगर हमारी मांगो को जिला प्रशासन पूर्ण नहीं करती तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी इस दौरान कृषि सभापति जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पटौदी एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू जिला महासचिव सुरेश नाग युवा कांग्रेस विधानसभा नरेश तुलावी एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष तारस सिन्हा प्रशांत सिन्हा अभिषेक साहू अजय नागवंशी सौरभ श्रीवातसव श्याम नेताम प्रियंका जैन मीनू तारम अपूर्णना साहू काव्य पोयम लूमन मांडवी टिकेशवरी कोर्राम मोनिका वट्टी संगीता हिड़को मनीषा लीना कोसमा आदि लोग मौजूद थे

# सिंधी समाज चालीहो महोत्सव मनाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com






पूरे देश भर में 16 जुलाई से सिंधी समाज द्वारा चालीहो महोत्सव आयोजन मनाया जाना है इसमें 40 दिवसीय अखंड ज्योत जलेगी, भजन, कीर्तन, भोगसाहिब, अरदास, प्रसादी विरतण भी होगा। सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया हमारे समाज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम पहली बार इस वर्ष हम सब सिंधी समाज सदस्य मिलकर चालीहो महोत्सव 2024 मनाएंगे इस बार प्रथम वर्ष में चालिहे साहिब जी की मौज से चालीहो महोत्सव के पावन अवसर में चकरभाठा से साई जी का आगमन भी होना है, इस चालीहो महोत्सव में 16 जुलाई को समाज द्वारा आस जी मटकी का विराजमान सिन्धु भवन में होना है इस आस की मटकी का 40 दिन तक सुबह शाम पूजा की जाएगी। प्रथम दिवस में ही धमतरी से झूलेलाल मन्दिर के भजन मंडली सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन सिन्धु भवन में शाम 6 बजे से प्रारम्भ होगा। सिंधी पंचायत सचिव हरेश नागवानी ने जानकारी दी चालिहा महोत्सव में 40 दिनों की अखंड ज्योत प्रज्वलित होगी । इस आस की मटकी में अखो ( अक्षत चावल, लौंग, इलायची, शक्कर, सिक्का ) होता है जिसकी 40 दिन पूजा होती है 40 दिन पश्चात भव्य रूप से अखंड ज्योत एवं बहराणा साहिब शोभायात्रा सिन्धु भवन से निकाला जाएगा आतिशबाजी के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुवे शोभायात्रा महादेव घाट में पहुँच कर पूजा की जाएगी बहराणा साहिब एवं ज्योत विसर्जन किया जाएगा। सिंधी गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने बताया सभी समाज सदस्य मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम चालिहा साहिब जी मौज को विधिवत रूप से करवाएंगे सुहिणी सोच महिला विंग एवम सिंधी नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी से चालिहा महोत्सव में 40 दिन सत्संग, भजन, कीर्तन, आरती, अरदास, पल्लव कार्यक्रम करवाएंगे, समाज सदस्यों द्वारा प्रतिदिन धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे। चालिहा महोत्सव आयोजन में 40 दिन के लिए संकल्प बंधन लेंगे गुलशन माधवानी, सुरेश मेठानी, विजय बसन्तवानी। सभी संकल्प धारियों को पूरे चालीसों दिन सुबह शाम की आरती में रहना होगा। कार्यक्रम सम्बंधित समस्त जानकारी समाज उपाध्यक्ष सुनील दण्डवानी ने दी।

# मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर एमएमडब्ल्यू यूनियन ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नायक के एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल शाखा द्वारा अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के नेतृव में सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ एवं शॉल, तिरंगा गमछा, गांधी टोपी से अभिनन्दन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए परियोजना एवं निगम को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाने एवं नवीन कीर्तिमान बनाने में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन सदैव ही कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग प्रदान करता रहेगा ये आश्वासन यूनियन द्वारा दिया गया तथा प्रबंधन एवं श्रम संघ के परस्पर समन्वय से लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण में किस प्रकार से वृद्धि की जा सके इस पर संक्षिप्त वार्ता की गई। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष ओमकुमार साहू, नथेला राम नेताम, एम. के. मल्लाह, दिलीप डेहरिया, रवीश तिवारी उपस्थित थे।

## विधायक विक्रम मंडावी ने किया ग्राम धनगोल का दौरा

# ग्रामीणों ने रखी पुलिया बनाने की मांग





पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों सोशल मीडिया में भोपालपटनम के ग्राम धनगोल में ग्रामीणों द्वारा ताड वृक्षों से पुलिया बनाने का मामला वायरल हो रहा था जिसे संज्ञान में लेकर बुधवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी भोपालपटनम के धनगोल गांव के दौरे पर रहे और विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से गांव में एक पुलिया निर्माण किए जाने की मांग रखी जिसे विधायक विक्रम मंडावी ने ग्राम धनगोल में पुलिया किए जाने को लेकर जिले के अधिकारियों से फ़ोन पर चर्चा की और प्रशासन से जलद से जल्द पुलिया निर्माण के कार्य को प्रारंभ करने की अपील की है। इस पुलिया के बनने से धनगोल गांव के आसपास के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी।

## किरंदुल थाना परिसर में वन महोत्सव के तहत की गई पौधारोपण

**किरंदुल।** वन महोत्सव व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किरंदुल थाना परिसर में वन परिक्षेत्र बचेली, थाना स्टाफ व जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर कई फलदार एवम छायेदार पौधों का रोपण किया गया।

Government of India
Airports Economic Regulatory Authority of India
3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi-110003

**Invitation of applications for Engagement of Office Support Professional (Secretarial Personal Assistant) on contract basis in Airports Economic Regulatory Authority of India**

Airports Economic Regulatory Authority of India proposes to hire one **(01)** Office Support Professional (Secretarial Personal Assistant) on contract basis. The number of vacancies may vary as per the requirement. Candidate with requisite qualification and experience as prescribed would be hired as Office Support Professional. The interested candidates must indicate the post for which they applied.

2. Airports Economic Regulatory Authority of India invites applications from eligible candidates as Office Support Professional. The details including eligibility criteria, Terms & Conditions etc. are available on the AERA's website: www.aera.gov.in Last date of receipt of application is **01.08.2024 upto 5.30 P.M.** Applications received after due date and time will not be considered.

**Deputy Chief**
**Airports Economic Regulatory Authority of India, 3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi – 110003**

CBC-03112/12/0002/2425

# भाजपा कार्यसमिति की हुई बैठक

## शिवरतन शर्मा ने रखा राजनीतिक प्रस्ताव, कांग्रेस पर लगाया झूठ फैलाने का आरोप

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रायपुर में सम्पन्न हुई, जिसमें भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि एक तरफ जहां भाजपा विश्वास और विकास के एक नए युग में भारतीय लोकतंत्र को ले जा रही है, वहीं कांग्रेस लगातार अपनी हरकतों से देश और लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। कार्यसमिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, पीएम मोदी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को बताएं और निकाय व पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक कहकर देश और सनातन समाज का अपमान किया है. इसी तरह उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन के के बारे में भी अनर्गल बयानबाजी कर हिंदू भावना को आहत किया है। यह विस्तारित कार्यसमिति राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करती है. हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा के लिए विख्यात हिन्दू समाज को इस तरह अपमानित करने की जितनी निंदा की जाए वह कम है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भी लगातार झूठों का महाजाल फैलाया था. संविधान पर झूठ, आरक्षण खत्म कर देने का झूठ, चावल बंद कर देने का झूठ, महतारी वंदन योजना समाप्त कर देने का झूठ, यहां तक झूठ कि मोदीजी जीतेंगे तो आगे से चुनाव नहीं होंगे. इन तमाम झूठों का पर्दाफाश कर भाजपा ने सतत जनता का विश्वास हासिल किया है. हाल के दोनों चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करती है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, मोदीजी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को लेकर निकाय और पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। प्रदेश भाजपा की यह विस्तारित कार्यसमिति ऐसे महत्वपूर्ण और विलक्षण समय पर हो रही है, जब भाजपा ने चतुर्दिक विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है. अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जिसे दुहराना अन्य दलों के लिए सदियों में संभव नहीं होगा। आज इस कार्यसमिति को न केवल तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने की प्रसन्नता है, बल्कि छत्तीसगढ़ समेत तीन बड़े राज्यों में भी ऐतिहासिक वापसी का गौरव भी है. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी तक की सबसे अधिक सीटें प्राप्त होने, अभी तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत पाने और विपक्षी दल से मत प्रतिशत में सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल करने यह कार्यसमिति आह्लादित है. इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ से 11 में से 10 सीट देकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दुहराने का भी संतोष यह कार्यसमिति व्यक्त करती है। भाजपा आज भरोसे का दूसरा नाम है. आज अनुच्छेद 370 और 35 ए बीते दिनों की बात हो गई है. बिना रक्त का एक कतरा बहे इस अनुच्छेद को निष्प्रभावी कर दिया गया. इसी तरह अयोध्या में श्रीरामलला आज अपने भव्यतम मंदिर में विराजमान हैं. त्वरित तीन तलाक को समाप्त कर भाजपा ने समान नागरिक आचार संहिता के वादे को भी लगभग पूरा करते हुए मोदीजी ने अपने दूसरे कार्यकाल में एक ही साथ सभी कोर मुद्दे का समाधान कर दिया है. जनता, कार्यकर्ता और नेता के बीच विश्वास बहाली का इससे बड़ा उदाहरण विश्व की राजनीति में भी शायद अन्य कोई नहीं होगा। पार्टी के सभी सांस्कृतिक मुद्दों को हल करते रहकर भी मोदीजी ने विकास और गरीब कल्याण को भी अपनी शीर्ष प्राथमिकता बनाए रखा.देश से चाहे 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने की बात हो या 80 करोड़ से अधिक लोगों तक लगातार निःशुल्क अनाज पहुंचाने की, करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना से मुफ्त चिकित्सा की बात हो या चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास की, प्रदेश के हर घर तक बिजली पहुंचाने की बात हो या हर घर तक पीने का साफ पानी पहुंचाने की, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल आदि की व्यवस्था करते हुए भी देश को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, और फिर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चलना वाले हमारे प्रधानमंत्री आज विश्व के सबसे लोकप्रिय और मजबूत नेता बनर सामने आए हैं। इन तमाम उपलब्धियों पर इस कार्यसमिति को गर्व है। राजनीतिक प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि मोदीजी की गारंटी पर ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी मैदान में थी. इसके अलावा कांग्रेस की वादाखिलाफ़ी, उसकी विफलता तथा उसके घोटालों के मुद्दे भी चुनाव में थे. भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन मुद्दों को जनता तक ले जाने में जी तोड़ मेहनत की और परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम सामने आया, जब भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश मिला. लोकतंत्र में सबसे बड़ी बात जनता का विश्वास ही होता है।

# चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में शाला नायक एवं नायिका के चुनाव के लिए मतदान आज

## जिले के 2 खिलाड़ियों का चयन सांई सेंटर बेंगलुरु के लिए

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलुरु में महासमुंद जिले के राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द के राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी सुकदेव केंवट पिता छत्रपाल केंवट एवं निखिल यादव पिता दाऊ लाल यादव बागबाहरा का चयन साई बेंगलुरु में हुआ हैं। जिसका राष्ट्रीय चयन ट्रायल साई द्वारा 4 से 5 मई 2024 को एथलेटिक्स ग्राउंड बेंगलूरु में आयोजित किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से 04 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। साई बेंगलुरु में शुकदेव व निखिल यादव का चयन हुआ हैं। चयन पश्चात् खिलाड़ियों को आवासीय सुविधाएं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण दी जा रही हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुखदेव केंवट ने जूनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप जनवरी 2023 गुजरात में टी इलेवन कैटेगरी में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे हैं। तथा निखिल यादव ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप गुजरात में ही टी 12 कैटेगरी में क्वालीफाई करते हुए 400 मीटर, 1500 मीटर दौड़ में भागीदारी की है। जिले के बागबाहरा कला खेल मैदान से अभ्यास कर खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर साल शामिल होकर जिला, प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विगत 8 वर्षों से कई पदक जीतने में सफ्ल रहे हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों में ईश्वरी निषाद, लक्की यादव, श्रीति प्रधान, सुकदेव केंवट ने निरंजन साहू के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा निखारने में कामयाब रहे हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु में चयन होने पर कलेक्टर प्रभात मलिक, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, विश्वनाथ पाणिग्रही, भेख लाल साहू, अतुल बग्गा, डॉ. विकास अग्रवाल, तुलसी बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, भोजराम वर्मा, आरती श्रीवास्तव, मंजू कुंजकर, अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन निरंजन साहू एवं समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# शासकीय उच्चतर विद्यालय पचेड़ा मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



पायनियर संवाददाता ✓ पचेड़ा
www.dailypioneer.com

शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम को सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण किया गया इसके बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को संबोधन किया गया सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य ने अतिथियों एवं बच्चों को साधुवाद देते हुए स्वागत किया गया इसके बाद घनश्याम कुंदन साहू सदस्य जनपद पंचायत बागबाहरा, ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चों को पढ़ाई के प्रति रखने को कहा, अगले उद्धबोधन मे शत्रुघ्न साहू ने कहा गया कि शाला प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य है कि बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव एवं जागरूकता को पढ़ावा देना बताया गया और कहा गया कि विद्यार्थीयों को मोबाईल एवं टेलीविजन से दुर रहने को कहा गया और बिना किसी विशेष कारण के स्कूल से छुट्टी न लेने को बोला गया । इसके बाद शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेखअल्लाउद्दीन ने अपना उद्धबोधन मे कहा कि स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं और अध्ययनरत बच्चों को शाला लगने का समय का विशेष ध्यान रखते हुए अनुशासन मे रहने को कहा गया इसके बाद मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा ने बच्चों सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे स्कूल नियमित आएं और शिक्षा अध्ययन करके अपने भविष्य को सुरक्षित एवं शिक्षित बनाने को कहा गया साथ ही बच्चों को कहा कि शिक्षको का सम्मान करें । उद्धबोधन के समाप्ति के पश्चात संस्था के शिक्षक घृतलहरे सर ने समस्त अतिथियों का अभार ब्यक्त किया गया ।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजय घाडगे , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेखअल्लाउद्दीन,शत्रुहन साहू सक्रिय सदस्य, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, उदयराम साहू सदस्य, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, भोजराम निषाद पंच ,बसंत नारंग शिक्षकगण ओमप्रकाश धरमवंशी ,मिलन चक्रधारी, घृतलहरे सर,एवं स्टाफ के समस्त शिक्षिकागण और शाला के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी।

# अग्निवीर वायु सेना भर्ती पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

4 जुलाई 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में अग्निवीर वायु सेना भर्ती हेतु पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना भोपाल के सैन्य अधिकारी सार्जेंट आनंद राय ,कारपोरल रोहित शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक बीआर पटेल एवं जिला रोजगार अधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा सुश्री मनोरमा भगत उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा,व्याख्याता गण जी पी वर्मा,के के यादव,डी पी साहू,एन सी सी फर्स्ट आफिसर पी आर मांझी ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । स्वागतोउपरांत सहायक संचालक बी आर पटेल एवं जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के कैरियर काउन्सलिंग के इस आयोजन के संबंध में छात्रों को जानकारी दिये। पश्चात सार्जेंट आनंद राय ने वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवश्यक योग्यताएं,आयु सीमाओं,फार्म भरने के नियमावली,आवश्यक तैयारी कैसे करें के बारे में विस्तार से छात्रों को जानकारी दिये। उन्होंने छात्रों को बताया कि चयन होने पर उनकी सैलरी कितनी होगी क्या क्या फायदे होंगे ,शिक्षण संबंधी उपयोगिता भविष्य व वर्तमान पर सविस्तार जानकारी दिये। उन्होंने ने सेना में अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप सभी को ज्ञात हैं कि केन्द्र सरकार के द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक सेना के क्षेत्र में रोजगार देने हेतु अग्निवीर योजना की शुरुआत किया गया है।किसी के बहकावे में न आकर तैयारी करें और भर्ती निकलने पर प्रयास करें। छात्रों को बताया कि 8जुलाई से वायु सेना में अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही हैं। जिसमें फार्म भरने की अंतिम तिथि 28जुलाई 2024 हैं। आप सभी जो पात्र हैं इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होकर प्रयास करें। सम्मान की नौकरी प्राप्त कर देश सेवा करे। कायक्रम का संचालन व्याख्याता जी पी वर्मा व्याख्याता ने किया उन्होंने ने भी छात्रों को प्रेरित किया। अंत में संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने वायु सेना में अग्निवीर भर्ती सेमिनार के इस आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी,जिला रोजगार अधिकारी एवं वायुसेना के सैन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया उन्होंने ने कहा कि विद्यालय के छात्रों को निश्चित ही इन जानकारियों से लाभ होगा। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण आर भालेराव, डा ए वर्मा, आर वर्मा, के ध्रुव, एस कंवर, जे लकड़ा, कुसुम लता वर्मा, कैलाश साहू, एस बंसल, एम कुशवाहा, डी साहू, रितेश कुमार चौबे, पीसी साव चित्ररेखा, मनीषा सेन, एनसीसी कैडेट्स एवं दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ताईक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

राज्य ताइक्वांडो संघ तथा जिला ताइक्वांडो संघ रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में रायगढ में 5 से 7 जुलाई 2024 तक 20वीं जूनियर सीनियर और 7वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताईक्वांडो चैपियनशीप 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें पांच छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, महासमुंद के दो छात्रों ने पदक जीतकर महासमुन्द जिला का गौरव बढ़ाया। इसमें शीर्ष स्थान पर संग्राम सिंह ठाकुर एवं अपूर्व साहू ने कांस्य पदक जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं नीलम यादव, लक्ष्य कश्यप, आदित्य राज, सहभागी रहे। जिले के चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल के व्यायाम शिक्षक एवं ताइक्वांडो खेल के कोच भीषम कुमार मांडले द्वारा आयोजन में निर्णायक की निभाई गई, उनको रायगढ़ पुलिस अधीक्षक ने शील्ड भेंट कर सम्मानित किया, महासमुन्द जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार, अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, महासुमंद जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव आनंद सिंघान एवं स्कूल परिवार की ओर से उज्वल भविष्य कि कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# भाजपा के बाहरी व्यपारियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू कर रही भाजपा सरकार : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के 15 साल के कमीशनखोरी को समाप्त करने सीएसआईडीसी के तहत उद्योग नीति बनाई थी। जिसमें स्थानीय उद्योगपतियों को मौका दिया जाता था। स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा था। बघेल ने भाजपा के 15 वर्षो से चल रहे बाहरी व्यापारियों का धंधा बंद कर दिया था। जिसे राज्य के साय सरकार द्वारा पुनः बाहरी भाजपाइयों व गुजरात के उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू करने जा रही है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि जेम पोर्टल से स्थानीय रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। भाजपा सरकार के इस कदम से राज्य के छोटे उद्योगों, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बड़ा नुकसान होगा। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करती थी जिससे स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं को रोजगार मिलता था। भाजपा सरकार का जेम पोर्टल से खरीदारी का निर्णय गुजराती व्यापारियों और बाहरी भाजपाइयों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लिया गया है। चंद्राकर ने कहा कि जेम पोर्टल से सबसे ज्यादा सप्लाई गुजरात के व्यापारी करते हैं और यह निर्णय केंद्र सरकार के दबाव में लिया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों को नुकसान होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में कोई भ्रष्टाचार नहीं होता था, बल्कि यह एक पारदर्शी व्यवस्था थी जिससे स्थानीय व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। उन्होंने ने भाजपा सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि सीएसआईडीसी के रेट कॉन्ट्रैक्ट में किस प्रकार भ्रष्टाचार होता था। जेम पोर्टल के माध्यम से स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनकर मोटा कमीशन वसूलने की साजिश की जा रही है। सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रेक्ट का जो लाभ लघु उद्यमियों को मिलता था, वह अब नहीं मिलेगा।

# बच्चों का भविष्य गढ़ते आंगनबाड़ी केन्द्र गुदगुदा

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com




आंगनबाड़ी केंद्र में जिस तरह से छोटे-छोटे बच्चे और गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य तथा मातृत्व शिक्षा सेवाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रदान करती है वास्तव में यह बड़ा सराहनीय कदम है। आंगनबाड़ी केंद्र एक सरकारी संगठन है जिसमें तीन से छै साल तक के बच्चों किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं, यही कारण है कि छोटे बच्चों के प्रतिमान से गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करते हैं। इन केंद्रों में बच्चों की आधारशिला को मजबूत बनाने के लिए राजा-रानी, दादा-दादी, नाना-नानी, बंदर मामा, चंदा मामा की कहानी सुनाना, बाल कविता के माध्यम से शिक्षा देना, खेल-खेल में शिक्षा जैसी अनेक मनोरंजन से संबंधित गतिविधियों को बच्चों के व्यवहार में शामिल करते हैं। जिला मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर की दूरी में ग्राम पंचायत गुदगुदा स्थित है। वित्तीय वर्ष - 2021-22 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत राशि- 6 लाख 45 हजार रुपए एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अभिसरण मद की राशि- 1 लाख 45 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया। रचनात्मक दृष्टिकोण से देखें तो अन्य केंद्रों की अपेक्षा आंगनबाड़ी केंद्र गुदगुदा एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में कहानी को बयां कर रही है । इस आंगनबाड़ी में अब शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। इस आंगनबाड़ी केंद्र की खासियत यह है कि इसके दीवारों पर बने आकर्षक कार्टून बच्चों और पालकों को सम्मोहित करते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारिणी साहू बताती हैं-बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और आकर्षक चित्रों से बने आंगनबाड़ी केंद्र ने नये रूप में बड़ा बदलाव ला दिया है। खेल-खेल में शिक्षा अ आ इ ई उ ऊ तथा बारह खड़ी की गिनती सीखते हैं। अब तो बच्चे के अभिभावक इस केंद्र में निश्चित होकर पढ़ने के लिए भेजते हैं क्योंकि यहां उन्हें उचित शिक्षा के साथ देखभाल किया जाता है। कु. लालिमा निषाद की मां सेवती निषाद बताती हैं-अपने साढ़े तीन वर्ष की बेटी लालिमा को हर रोज आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ने आती है। आंगनबाड़ी केंद्र को बच्चे का दूसरा घर कहती हैं। चांवल, दाल, हरी सब्जी, रेडी टू ईट का हलवा, पोहा मीनू अनुसार प्रति दिवस पौष्टिक आहार के रुप में देते हैं। कु.काव्या यादव की मां खिलेश्वरी यादव ने बताया कि-आंगनबाड़ी केंद्र में सुविधाएं बेहतर हुई है। इसलिए मेरे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र जाना बहुत पसंद करते हैं। ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम साहू ने बताया कि-आंगनबाड़ी केंद्र महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं महिला बाल विकास विभाग के अभिसरण से बनाया गया है। बच्चों के बीच प्रारंभिक शिक्षा के साथ पोषण स्तर में सुधार लाया गया। इससे मातृ एवं शिशु पोषण स्तर में सुधार आया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को पढ़ाई के अलावा विभिन्न खेलकूद के माध्यम से सिखाया जाता है।

# सांसद बृजमोहन के हाथों सम्मानित हुए दीक्षांश साहू

## उमेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष के पुत्र हैं दीक्षाश



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

पिछले वर्ष2023में पीएसवाई राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन देशभर के सभी स्कूलों के लिए हुआ था। जिसमें केंद्रीय विद्यालय धमतरी से दीक्षांश कुमार साहू जो पूर्व सांसद प्रतिनिधि और वर्तमान भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू के पुत्र हैं उन्होंने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। उनकी रुचि पेंटिंग में है। चित्रकारी का विषय गंगा में होते प्रदूषण पर रहा है इसका चयन विषय की गंभीरता ,पेंटिंग में किए गए रंगों का उपयोग और कई मापदंड के आधार पर चयनित होते हैं जिसमें देशभर से बच्चों का चयन हुआ। इस कार्यक्रम के पुरस्कार एवं चेक वितरण समारोह छत्तीसगढ़ के लिए रायपुर कलेक्टर कार्यालय स्थित रेड क्रॉस हल में रायपुर के सांसद बृजमोहन एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसमें सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। दीक्षांश साहू को परिवार के सभी सदस्योंए मित्रों और उनके शिक्षकों के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# मजबूत विष्णु, साथ दे रहे श्री राम और एचएमटी, आशंकित किसानों ने घटाई आवक



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रतिकूल मानसून। आशंकित किसान और कमजोर आवक। यह तीनों स्थितियां साफ संकेत दे रही हैं कि आने वाले दिन भी बारीक धान में तेजी के ही रहने वाले हैं। कुछ ऐसे ही संकेत महामाया और सरना से भी मिल रहे हैं क्योंकि कीमत के मामले में यह दोनों भी मजबूत हैं। मानसून की बेरुखी का असर अब कृषि उपज मंडी में भी देखा जाने लगा है, जहां मोटा धान को छोड़कर शेष सभी जिंस की आवक सीमित होने लगी है लेकिन लिवाली का क्रम पूर्ववत बना हुआ है। ऐसी स्थिति में प्रतिस्पर्धी खरीदी से भाव बढ़ते क्रम पर है। मांग और आपूर्ति के बीच बड़ा अंतर अगली फसल की आवक तक बने रहने की आशंका है।

### मजबूत होने लगी यह प्रजातियां

हर उपभोक्ता की पहुंच में है एचएमटी चावल लेकिन अब इसकी खरीदी महंगी पड़ने वाली है क्योंकि एचएमटी धान 2800 से 3000 रुपए क्विंटल की दर पर खरीद रही हैं इकाइयां। गर्मी उस सियाराम धान में भी आने लगी है, जिसमें न्यूनतम भाव 3200 और अधिकतम भाव 3300 रूपये क्विंटल पर बोले जा रहे हैं। शीर्ष पर रहता आया है विष्णु भोग। यह जगह इसने 3400 से 3600 रुपए क्विंटल की कीमत के साथ बनाए रखा है।

### आवक कमजोर हो रही

मानसून के प्रतिकूल तेवर को देखते हुए अनहोनी की आशंका के बीच अब बारीक धान की आवक किसानों ने कमजोर करना चालू कर दिया है। इससे मांग और आपूर्ति के बीच अंतर की खाई गहरी होने लगी है। ऐसे में कारोबारी सूत्र बारीक धान की सभी किस्म में दीर्घ अवधि तक तेजी की आशंका जता रहे हैं।

### पीछे नहीं यह दोनों भी

पोहा में अंतरप्रांतीय कारोबार ने महामाया धान और भाटापारा कृषि उपज मंडी को जो पहचान दी है, वह अब छिपी नहीं है लेकिन मानसून की बेरुखी के बाद पोहा उत्पादक इकाइयों ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए चौतरफा खरीदी का सिलसिला बनाए रखा है। इसलिए प्रांगण में महामाया 2100 से 2200 रूपए क्विंटल और बाहर 2200 से 2300 रुपए क्विंटल पर सौदे हो रहे हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति सरना में भी देखी जा रही है, जिसमें 1950 से 2000 रुपए क्विंटल पर लिवाली निकली हुई है।

# नरेंद्र रोहरा बने पीजी कॉलेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष



**धमतरी ।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने धमतरी जिला के शासकीय महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों का मनोनयन कर सूची जारी कर दी है जिसमें नगर निगम के नेताप्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा को बीसीएस शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी का अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य महाविद्यालय में शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में दमयंती साहू, शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में हेमंत माला, शासकीय महाविद्यालय कंडेल में रामाधार साहू, सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी में अजय नाहटा,शासकीय कॉलेज मगरलोड में नरेश अग्रवाल,शासकीय पीजी कॉलेज कुरूद में भोजराज चंद्राकर, सिलौटी कॉलेज में भीम साहू और शासकीय महाविद्यालय भखारा में हरख जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया है। नरेंद्र रोहरा ने कहा कि वह कॉलेज पहुंचने के बाद वहां की स्थिति को समझेंगे, मूलभूत समस्याओं से रूबरू होंगे और जो अति आवश्यक होगा उसे जल्द ही शासन को भेज कर पूरा करवाएंगे।

# दरबार मोखली जनसमस्या निवारण शिविर में 255 आवेदन निराकृत

## विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजना से 37 हितग्राही लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने, समझने और समाधान के लिए जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला प्रशासन के समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी सम्मलित हुए और विभाग को ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किये। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 407 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 255 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष 152 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजना से 37 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सांसद विजय बघेल भी इस जिला स्तरीय शिविर में शिरकत किये। शिविर में कृषि, उद्यानकी, पशुपालन, मत्स्य, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, सहकारिता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर चौधरी की मौजूदगी में विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को अवगत कराये। शिविर में जिला पंचायत के अधिकारियों ने जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने नारी शक्ति से जल शक्ति व जल मड़ाई के महत्व को प्रदर्शित किया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद विजय बघेल ने भी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

मुख्य अतिथि की आसंदी से शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर सरकार के नए कार्यकाल में पुरानी व्यवस्था का पुनः शुरुवात है। जिले में विकासखंडवार हर पंद्रह दिनों में जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा वर्षवार शिविर तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि जनता ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। जिले में यह दूसरा शिविर का आयोजन है। खेती-बाड़ी के समय में भी आप उम्मीद लेकर आये है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपके उम्मीदों को अधिकारी पूरा करने हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही न बरतने तथा विनम्र रहकर काम करने की सख्त निर्देश दिए। सांसद बघेल ने आवेदकों को भी विनम्र भाव से अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने कहा है। सांसद ने जिला प्रशासन के जल संरक्षण अभियान व जल मड़ई की सराहना की। शिविर को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर सु चौधरी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप यह आयोजन किया जा रहा है। सभी जिला प्रमुख अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान करने पहुंचे है। आवेदन जिस कंडीशन में प्राप्त हुए है, निराकरण का पूरा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर का लक्ष्य पूरा करने जनता का सहयोग भी जरूरी है। जिला पंचायत सदस्य मती हर्षा चंद्राकर ने भी शिविर के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अपने करकमलों से विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री प्रदान किया।

# राष्ट्रीय पुरूस्कार से पुरुस्कृत विद्यालय पोटिया में विकास खंड स्तरीय समीक्षा बैठक, सह न्यौता भोज सम्पन्न

■ 45 संकुल समन्वयक सहित विभाग के शीर्ष आला अधिकारी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक डीएमसी सुरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में स्वच्छ प्रेरक मिडिल स्कूल पोटिया धमधा में आज सम्पन्न हुई जिसमें धमधा विकासखण्ड के 45 संकुल शैक्षिक समन्वयक सहित बीईओ कैलाश साहू, एबीईओ संगीता देवांगन, बेनीराम वर्मा, बीआरसी महावीर वर्मा शामिल हुए। साथ ही अतिथियो हेतु एवं विद्यालय के बच्चो के लिए विकासखंड शिक्षाधिकारी और पोटिया शाला परिवार की तरफ से न्योता भोज का भी आयोजन करवाया गया। विद्यालय मे मल्टीमीडिया आधारित शिक्षण हेतु स्मार्ट क्लास का उद्घाटन-ग्राम सरपंच उत्तम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं जिला विकासखंड स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगणो के द्वारा बच्चो को मल्टीमीडिया आधारित शिक्षण प्रदान करने हेतु इन्टीग्रेटेड टच स्क्रीन पैनल युक्त स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। इस क्लास के द्वारा बच्चे आडियो विडिओ सिस्टम से पढ़ सकेंगे।

**इन बिंदुओं पर की गई समीक्षा-** आधार कैंप का आयोजन,एक पेड़ माँ के नाम, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, एफ़एलएन किचन शेड, प्रिंट रिच वातावरण, जर्जर भवन, फर्नीचर की आवश्यकता, बालवाड़ी की जानकारी इत्यादि जैसे शिक्षा विभाग की अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित जानकारी की समीक्षा किया गया। शासन की विभिन्न महत्वाकां योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का विद्यालय रूपी बगिया में खिल रहे नन्हें पुष्पों को पल्लवित करने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू जी के पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया।

**शिक्षक स्टाफको मिली शाबाशी-** अतिथियों ने उत्कृष्ठ कार्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ विद्यालय के रूप में पुरष्कृत शाला पोटिया के शिक्षक, स्टाफ की पीठ थपथपाई। एनएमएमएसई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा में धमधा सहित जिले व राज्य में दुर्ग जिले के बच्चो का उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पवन सिंह को शाबाशी दी गई।

# निगम भिलाई में कार्यरत महिला स्टाफ से दुर्व्यवहार करने पर होगी शक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किसी प्रकार का भेद भाव या अन्य किसी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि न हो। इसके लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समिति का गठन किया है। नगर निगम भिलाई में कार्यरत सभी महिला स्टाफ के साथ अगर किसी प्रकार का दुर्व्यवहार अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है। संबंधित महिला कर्मचारी लिखित में आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी । समिति दोनों पक्षों की बातों को सुनेगी तत्पश्चात उचित निर्णय लेगी । समिति गठन करने का उद्देश्य यही है किसी के साथ भेदभाव ना हो, किसी प्रकार का महिला उत्पीड़न ना हो, सबको समान अधिकार मिले। उसके खिलाफ सुनवाई हेतु निगम के शिकायत समिति के समक्ष आवेदन कर सकती है। समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पीड़ित पक्षकार के हित में फैसला लिया जायेगा, जो सब को मान्य होगा। शासन के आदेश क्रं/एफ-109/1/ सा.प्र.वि./ विविध/ 2024/285 भिलाई, दिनांक 10.07.2024 के अनुसार गठित समिति में अध्यक्ष सु दीप्ति साहू, सचिव मती रीता चतुर्वेदी, सदस्य मती चंचल शर्मा, मती रीमा जामुलकर, मती शोभा चैबे, मती अपर्णा रसागर, मती नीतिलता विश्वकर्मा, मती प्रियंका राव, सु लक्ष्मी, मती नसीमा बेगम, मती चंद्रकला देशमुख, मती शानु मोहनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति की बराबर बैठक होगी ।आयुक्त ने सभी से अपील की है कि महिलाओं का सम्मान करें, उनसे अच्छी तरह से बात करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी । महापौर नीरज पाल ने महिला समिति के गठन का स्वागत किया है ।

# जन-समस्या निवारण शिविर आधार एवं आयुष्मन कार्ड के 11 आवेदनों का त्वरित किया गया निराकरण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 10 जुलाई को पहला शिविर विवेकानद भवन सभागार मे वार्ड क्रमांक 36 से लेकर 49 तक जन-समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों को 11 आवेदन त्वरित निराकृत किए गए। शिविर में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा पार्षद हेमा शर्मा, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,दुर्गेश गुप्ता,थानसिंह यादव,संजय मिश्रा के संग शिविर का निरीक्षण किया गया।शिविर में सुबह से ही आम नागरिकों के पहुँचने का सिलसिला शुरू हुआ और नागरिकों ने शिविर के स्टॉल में पहुँच कर अपनी समस्याओं को दर्ज कराये । शिविर में नए राशन कार्ड बनवाने व नाम जोड़ने , राजस्व वसुली, सफाई से सम्बंधित आवेदन, अतिक्रमण से सम्बंधित शिकायत, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि, निराश्रित पेंशन, विद्युत तथा पेयजल,सड़क एवं नाली निर्माण, श्रम कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड व बिजली आदि संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकारियों ने गंभीरता के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाया। शिविर के दौरान राजस्व विभाग में जन्म प्रमाण-पत्र का आवेदन आवेदकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।आवेदन का त्वरित निराकरण से हितग्राही प्रसन्न हुए और प्रशासन को धन्यवाद दिया।

शिविर में विभिन्न विभागों को 51 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 11 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। अन्य 40 आवेदनों पर प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिसका निराकरण जल्द ही किया जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

## 30 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेना के वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अथवा जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अन्तर्गत अभ्यर्थी को 1.6 कि.मी. दौड़, बीम पुल अप, गड्ढा कुदना तथा बैलेंसिंग इत्यादि प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी गुगल लिंक- https //forms.gle/{hxvwe&Uz pnBWSyvA पर अथवा क्यूआर को स्केन कर दिनांक 30 जुलाई 2024 तक अपना आवेदन उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग को प्रेषित कर सकते है। आवेदन पत्र में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, मोबाइल नं., लिखित परीक्षा हेतु जारी रोल नम्बर एवं पता अनिवार्य रूप से लिखे।

# पद्मश्री, गायक, साहित्यकार, डॉक्टर और एक्टर रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली ने 20 लोगों को ब्रांड एम्बसेडर बनाया है। इसमें पद्मश्री, डॉक्टर, योग गुरू, लोक कलाकार, भजन गायक, साहितयकार और एक्टर शामिल है। रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर शहर को अन्य निकाय से सुंदर बनाने आम नागरिक को प्रोत्साहित करेंगे। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि रिसाली निगम क्षेत्र संस्कृति, साहित्य और कला के क्षेत्र में धनी है। सर्वेक्षण 2024 में रिसाली का मान बढ़ाने सब मिलकर एक सूत्र में बंधकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर आम नागरिकों को शहर को साफ सुथरा रखने प्रोत्साहित करेगा। इससे रिसाली की छवि बेहतर होगी और राज्य में हम अच्छे स्थान पर रहेंगे। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जन स्वास्थ्य विभाग अलग से कार्य योजना तैयार उसे मूर्त रूप दे रहा है। ये है रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर-पद्मश्री राधेश्याम बारले, गजल भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, मनोज वर्मा अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी, नित्य विभूषण डॉ. राखी राय, डॉ सोनाली चक्रवर्ती कलाकार, रजनी रजक लोकगायिका, रिखी क्षत्रिय राष्ट्रीय लोक वाद्य संग्रहक एवं वादक, संतोष मांझी, साहित्यकार, डी.पी. देशमुख लोककला मर्मज्ञ, दुर्गा प्रसाद पारककर साहित्यकार, रजनीश मांझी एक्टर, अशोक महेश्वरी योग गुरू, दिनेश बाजपेयी समाजसेवी, एस. संजीव शिक्षाविद, प्रदीप साहू फिटनेश कोच, डॉ विजिन अरोरा चिकित्सक, कुवर नरेन्द्र राठोर पर्यावरण विद, डॉ. कामता प्रसाद साहू, चिकित्सक, ललित वर्मा पर्यावरण मित्र, राजदीप सेन शिक्षक। मिलकर यह कार्य करेंगे। 10 जुलाई से संगठनों के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास, 15 जुलाई से मोहल्ला समिति में स्वच्छता एवं जल संसाधनों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाना, 21 जुलाई से सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय को कैसे साफ रखे, 28 जुलाई से स्वच्छता दीदी द्वारा डोर टू डोर कैंपेन, 4 अगस्त से नुक्कड़ नाटक, विद्यालयों में रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता, 15 अगस्त को प्रतिभागियों का सम्मान, 16 अगस्त स्वास्थ्य परीक्षण, 25 अगस्त से खुले में कचरा फेकने पर रोक लगाने अभियान।

# भिलाई-चरौदा निगम द्वारा सोमनी वार्ड में किया गया जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-38 सोमनी में बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सोमनी वार्ड के अलावा समीप वार्ड के नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जल कार्य, निराश्रित पेंशन योजना, जन्म-मृत्यू, विवाह पंजीयन, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड के साथ स्वास्थ्य परीक्षण के भी काउन्टर लगाये गये, जिनमें बडी संख्या में पहुंचकर नागरिकों ने शासन के योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मितान कार्यकर्ता द्वारा 05 नया आधार कार्ड बनाया गया। जबकि 10 लोगों के आधार अपडेट किये गये। वही राजस्व विभाग को पट्टा ट्रांसफर हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 05 आवेदन बी.एल.सी. आवास हेतु प्राप्त हुए एवं 28 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण की कार्यवाही की गयी। जनसमस्या निवारण शिविर में 212 लोगों के राशन कार्ड का सत्यापन किया गया तथा निगम के मोबाईल मेडिकल युनिट से डॉ.रिचा शर्मा एवं सहयोगियों के द्वारा 29 लोगों का शुगर, ब्लड प्रेशर चेक कर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्रदान किया गया। निगम कमिश्नर एम भार्गव (ट्रेनी आइ.ए.एस. ऑफिसर ) द्वारा सोमनी के सामुदायिक भवन पहुंचकर जन समस्या निवारण शिविर की कार्यवाही का निरीक्षण किया। सी.एस.पी.डी. सी.एल. भिलाई-चरोदा जोन भिलाई-03 की ओर से टेस्टिंग सुपरवाइजर एम वेंकट रमन, यूडी.सी. हिमांशु गुप्ता के साथ सहायक लाईनमेन जी. गोविंद रेड्डी ने उपस्थित रहकर विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। निगम की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता डी.के.पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी अरुणिमा दुबे मौजूद रहे।राशन कार्ड काउंटर में टी कामेश्वरी, जन्म-मृत्यु कांउटर से अभिलाषा श्रीवास्तव, राजस्व विभाग काउंटर से सीताराम चौहान, दीपक निषाद, समाज कल्याण काउंटर में नरसिंह सपहा, कृष्णा यादव, मितान काउंटर में डागेश्वर साहू, देव कुमार साहू, संपदा विभाग काउंटर से सहायक ग्रेड-01 राजू वर्मा , लोक कर्म विभाग काउन्टर से सुखनंदन यादव, पी.एम.आवास से सी.एल.टी.सी. अंकित साहू, जया पमनानी, टिकेन्द्र शर्मा, जल कार्य काउंटर से पुरेन्द्र वर्मा, राजेश अचैया, द्वारा उपस्थित रहकर विभाग संबंधी आवेदनों को स्वीकार करने की कार्यवाही की गयी।

# युवोदय कार्यक्रम ने हमारे युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान किया हैः कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में यूनिसेफ (छ.ग.) एवं एग्रीकॉन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से कॉफ़ी विथ कलेक्टर कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। युवोदय स्वयं सेवा अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम फॉरेस्ट मिलेट कैफ़े में आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में युवोदय स्वयंसेवकों ने एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करना था। जिले के प्रशासनिक कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने इस अभियान की शुरूआत की गई। जिला प्रशासन एवं यूनिसेफके संयुक्त पहल से यह अभियान 7 जून 2023 को प्रारंभ हुआ। इस एक वर्ष के दौरान विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे सामुदायिक-मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, पोषण, किशोर-किशोरी संपूर्ण स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, एएनसी चेकअप, आदि में स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों तथा महतारी वंदन योजना के आवेदन प्रक्रिया में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा की गई, जिन्होंने युवोदय स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की और समाज में उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, युवोदय कार्यक्रम ने हमारे युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान किया है। इनके अनुभव और योगदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। युवोदय स्वयंसेवकों ने अपनी एक वर्ष की यात्रा के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे इस कार्यक्रम ने उन्हें न केवल समाज की सेवा करने का मौका दिया, बल्कि व्यक्तिगत विकास के अवसर भी प्रदान किए। कुछ अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों ने कहा इस कार्यक्रम ने मुझे समाज की जरूरतों को समझने और उनके लिए काम करने का अवसर दिया है। मैंने इस दौरान कई नई कौशल सीखे और अपने आत्मविश्वास में वृद्धि महसूस की।

**कार्यक्रम में पत्रकारों ने नवीन कानूनों पर दिखाई जिज्ञासा, पुलिस अधिकारियों से पूछे नवीन संहिता से जुड़े प्रश्न**

# जिला मुख्यालय में आयोजित "परिचर्चा कार्यक्रम" में पत्रकारों को दी गई नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





01 जुलाई से तीन नवीन आपराधिक कानून प्रभावशील हो गए हैं। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समाज के सभी वर्गो को नवीन कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है। जिले में नवीन कानूनों के प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी क्रम में आज जिला मुख्यालय में पत्रकारों को नवीन आपराधिक कानून की जानकारी प्रदान करने "परिचर्चा कार्यक्रम" आयोजित किया गया । पुलिस सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े जिले के पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि जिला पुलिस आमजन को नवीन कानूनों पर जागरूकता करने कई कार्यक्रम आयोजित किया गया है और आगे भी विविध जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जावेगा । पहले आईपीसी में 420, 302 के तहत दर्ज होने वाले अपराध को धारा से ही आम नागरिक समझ जाते थे। आईपीसी-भारतीय दण्ड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता है। कानून में हुए नवीन बदलाव से पुलिस की जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी वहीं पीड़ित को शीघ्र न्याय मिलेगा। न्याय से जुड़ा नया कानून नागरिकों को शीघ्र न्याय देने सिद्ध होगा। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, डीएसपी अखिलेश कौशिक एवं डीएसपी अनामिका जैन द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर एक-एक कर पुराने और नये कानूनों में बदलाव की जानकारी दिया। जिसमें पहले हत्या का दोषसिद्धि के लिये दंड 302 आईपीसी अब धारा 103 बीएनएस है, पहले दहेज हत्या के लिए दण्ड 304बी आईपीसी अब धारा 80 बीएनएस, पहले चोरी के लिए दण्ड 379 आईपीसी अब धारा 303 BNS, पहले बलात्कार के लिए दंड 376, अब 64 BNS होगा, पहले धोखाधड़ी के लिए सजा 420 आईपीसी अब 318 बीएनएस है। इसी प्रकार पहले 151 सीआरपीसी को अब 170 BNSS से जाना जावेगा। साथ ही नवीन कानून के तहत जांच की समयसीमा, ई-आफआईआर, महिला संबंधी अपराधों में संशोधित कानून, पीड़ित को प्रदाय करने वाली जानकारी, संवेदनशील सामाग्रियों के प्रचार-प्रसार से जुड़ी जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान पत्रकारों ने नवीन कानूनों के संबंध में उनके मन में उठ रहे प्रश्न पुलिस अधिकारियों से पूछकर जानकारी प्राप्त किया गया ।

**रामेश्वरम स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः ब्लॉक–7, कक्ष सं. 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर रायपुर, छत्तीसगढ़–492099, सीआईएनः U27109CT2004PTC016620
ईमेल आईडीः rameshwaram.roc@gmail.com फोन नं. 07767–202 664, 202 665

**सार्वजनिक सूचना**
फार्म नं. आईएनसी-26
{कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}
**क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद के समक्ष**
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के मामले में
और
**मैसर्स रामेश्वरम स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएन U27109CT2004PTC016620) के मामले में, जिसका पंजीकृत कार्यालय ब्लॉक-7, रूम नं. 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर रायपुर, छत्तीसगढ़-492099, भारत, ....आवेदक**
एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **25 जून, 2024** को आयोजित बैठक में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को "छत्तीसगढ़ राज्य" को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली" में बदलने हेतु पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल **(www.mca.gov.in)** में शिकायत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित / विपक्ष के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद, गुजरात - 380013 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय पर इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर भेज देः
**पंजीकृत कार्यालयः** ब्लॉक-7, रूम नं. 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर रायपुर, छत्तीसगढ़-492099, भारत
रामेश्वरम स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से
हस्ता/-
प्रियंका भाटिया
(कंपनी सचिव)
सदस्यता नं. A69179
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11 जुलाई, 2024

## संपादकीय

### मोदी की रूस यात्रा स्पष्ट संकेत

**प्रधानमंत्री** मोदी की रूस यात्रा 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखने व राष्ट्रीय हित में काम करने का स्पष्ट संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मास्को गए। उनकी यह यात्रा लंबे समय बाद हुई है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी आखिरी बार 2019 में रूस गए थे। इसके बाद से अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में काफी बदलाव आए हैं तथा भारत और रूस विश्वसनीय मित्रों के रूप में उभरे हैं। इस यात्रा का भारत-रूस संबंधों के लिए बहुत महत्व है और इसने परोक्ष रूप से चीन और पश्चिमी देशों को संदेश दिए हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से बहुत अच्छे संबंध हैं जिनका आधार ऐतिहासिक, रणनीतिक तथा आर्थिक सहयोग है। इस यात्रा से इन परंपरागत संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। दोनों देशों के बीच साझेदारी अनेक क्षेत्रों तक फैली हुई है जिसमें रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष तथा नाभिकीय तकनीक शामिल हैं। इन संबंधों की पुन: पुष्टि कर प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत किसी अकेली वैश्विक शक्ति के साथ पूरी तरह जुड़ने के बाहरी दबावों का प्रतिरोध कर अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखेगा। चीन के साथ भारत के संबंधों में सीमा पर तनाव हावी है। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा इस नाजुक संतुलन को संभालने का रणनीतिक कदम है क्योंकि रूस और चीन के बीच बहुत निकट संबंध हैं। रूस के साथ भारत की दोस्ती चीन को यह याद दिलाने के लिए काफी है कि भारत की अपने पड़ोसियों के साथ मजबूत साझेदारी है। प्रधानमंत्री मोदी का हवाईअड्डे पर स्वागत रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने किया जो हालिया यात्रा पर वहां गए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का स्वागत करने वाले उप-प्रधानमंत्री से उच्च स्तर के अधिकारी हैं। इससे स्पष्ट होता है कि रूस भारत के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देता है। यह स्थिति चीन से संबंधों की तुलना में देखी जा सकती है क्योंकि शी जिनपिंग का स्वागत एक निचले दर्जे वाले उप-प्रधानमंत्री ने किया था।



दूसरी ओर पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका से भारत के संबंध हालिया वर्षों में काफी सुधरे हैं। लेकिन रूस की यात्रा कर प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया है कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बनाए रखेगा। यह यात्रा याद दिलाती है कि भारत पश्चिमी हितों के साथ एकमात्र जुड़ाव नहीं चाहता है। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत का बहुध्रुवीय दृष्टिकोण उजागर होता है जहां वह परस्पर हित तथा लाभ के आधार पर सभी प्रमुख शक्तियों से संबंध बनाना चाहता है। इस परिदृश्य में यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि रूस भारत को हथियारों का प्रमुख सप्लायर है और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीदने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम आर्थिक और ऊर्जा सहयोग है। रूस भारत का प्रमुख ऊर्जा सप्लायर है जिसमें तेल व प्राकृतिक गैस शामिल हैं। इस ऊर्जा साझेदारी से भारत को अपने स्रोतों के विविधीकरण के साथ भावी ऊर्जा आवश्यकताएं सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। रक्षा सहयोग भारत-रूस संबंधों का प्रमुख आयाम है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा में रक्षा संबंधों तथा तकनीक हस्तांतरण पर चर्चा को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। रूस के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध भारत को अपने पड़ोसियों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने में सहायक हो सकते हैं। रूसी समर्थन भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिलाने में सहायक हो सकता है। रूस के साथ मित्रता विश्व शांति स्थापित करने और बहुध्रुवीय दुनिया बनाने में सहायक हो सकती है।

# सामाजिक असमानताओं का परिणाम

**हाथरस घटना हाशियाकृत समुदायों की गहरी सामाजिक अनदेखी का परिणाम है। इससे स्वयं को सामाजिक सुधार के मसीहा के रूप में पेश करने वाले संदिग्ध लोगों के उभार की परिस्थितियां पैदा होती हैं**



सिद्धार्थ मिश्रा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



देश में फल-फूल रही सामाजिक असमानता के अनेक गंभीर परिणाम सामने आते हैं। हाथरस घटना हाशियाकृत समुदायों की गहरी सामाजिक अनदेखी का परिणाम है। इससे स्वयं को सामाजिक सुधार के मसीहा के रूप में पेश करने वाले संदिग्ध नेताओं के उभार की परिस्थितियां पैदा होती हैं। हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सोशल मीडिया में अत्यन्त निंदनीय विमर्श के रूप में स्थान मिल रहा है। ऐसा लगता है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले 120 से अधिक लोगों के प्रति किसी को हमदर्दी नहीं है जिनमें से अधिकांश दलित समुदाय से थे। इसके बजाय इस तथ्य पर ज्यादा चर्चा हो रही है कि एक 'बाबा' जाटव समुदाय से उभरे हैं। अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इसके चुनावों में पड़ने वाले प्रभाव की बात कर रहे हैं, लेकिन परिघटना की विस्तृत व्याख्या नहीं कर रहे हैं।

सूरजपाल सिंह जाटव जैसे 'बाबा' का उभार अपने आप में बहुत कुछ कहता है। यह वर्तमान समय के विरोधाभास भी प्रकट करता है। ऐसे समय जब सर्वाधिक शक्तिशाली नेता अपनी पूरी आर्थिक शक्ति और संगठनात्मक मशीनरी के बावजूद एक रैली में 25,000 लोगों को एकत्र करने में कठिनाई का अनुभव करते हैं, ऐसे में सूरजपाल सिंह के कामकाज में कुछ खास जरूर होना चाहिए जिसके चलते वह एक आयोजन में 2,50,000 लोगों को एकत्र करने में सफल हुआ। ऐसे समय जब भाजपा पिछले संसदीय चुनाव में खासकर उत्तर प्रदेश में अनेक हिंदू मतदाताओं के अपने से अलग होने की बात करती हो तब हाथरस की घटना एक प्रकार से इसका जवाब देती है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में विपक्षी नेताओं ने इस त्रासदी के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। इस प्रकार उन्होंने यदि प्रत्यक्ष नहीं तो भी परोक्ष रूप से 'बाबा' का बचाव करने का प्रयास किया है। इस परिघटना का संबंध केवल जाटव समुदाय से आने वाले सूरजपाल से नहीं है, बल्कि हरियाणा में जाट समुदाय से आने वाले रामपाल जैसे लोगों ने भी हिंदू आध्यात्मिक विमर्श पर उच्चजातीय एकाधिकार को चुनौती दी है। ऐसे 'बाबाओं' के तरीके न केवल शुद्धतावादी व्यवहारों को चुनौती देते हैं, बल्कि उनके समर्थक इनके लिए उनकी प्रशंसा भी करते हैं। हाथरस प्रकरण में पुलिस जांच की रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोजकों ने 'आयोजन में संभावित सहभागियों की संख्या बहुत कम बताई, ट्रैफिक प्रबंधन में सहायता नहीं की तथा भगदड़ के बाद प्रमाण मिटाने के प्रयास किए। भगदड़ उस समय हुई जब बाबा के वाहन गुजरने के रास्ते से लोगों ने मिट्टी या चरण धूल एकत्र करने के प्रयास किए।' एफआईआर से संकेत मिलता है कि पुलिस और प्रशासन ने उपलब्ध संसाधनों के साथ यथासंभव अधिकाधिक प्रयास किए।

विडंबना है कि एफआईआर से यह भी स्पष्ट होता है कि न केवल इस जिले में, बल्कि पूरे भारत में प्रशासन पूरी तरह जमीन पर चल रही घटनाओं के बारे में अनभिज्ञ है। जब लोगों की इतनी बड़ी संख्या प्रस्थान कर रहे 'बाबा' की कार द्वारा उड़ाई धूल या 'चरण रज' एकत्र करने का प्रयास करे तो इससे स्पष्ट होता है कि सरकार और समाज गरीबों और वंचितों को अपने साथ लेने में विफल रहे हैं। गरीबी केवल ऐसी चीज नहीं है जिसकी परिभाषा अर्थशास्त्री करें, बल्कि इसका संबंध अज्ञान और असमानता से भी है। इससे समुदाय से ऐसे 'बाबा' के उभरने की परिस्थितियां पैदा होती हैं जिनमें वह स्वयं को 'समाज सुधारक' के रूप में पेश कर सकता है।

सरकार द्वारा संचालित समाज सुधार कार्यक्रमों में समाज में समता के प्रसार के बजाय नकदी हस्तांतरण या पैसा देने पर जोर दिया गया है, फिर चाहे वे पुराने जमाने के 'सर्वोदय' जैसे कार्यक्रम रहे हों या वर्तमान समय के 'अंत्योदय' जैसे कार्यक्रम। इससे पता लगता है कि सूरजपाल और उसके जैसे 'बाबाओं' की वित्त व्यवस्था कैसे काम करती है। वित्तीय रूप से समृद्ध समाज सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की बातें करते हुए उदारता से दान देता है। सूरजपाल भी अपने प्रवचनों में समता और सशक्तिकरण की बातें करता था। वह शिक्षा की पैरोकारी करता है तथा उसने अपने समुदाय के बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला कराने में भी सहायता की थी। वह आमतौर से जाति-आधारित भेदभाव की निन्दा करते हुए सबके बीच भाईचारे की पैरवी करता था। उसके समर्थकों की संख्या में भारी वृद्धि इस कारण भी हुई कि उसने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अपने समुदाय के गरीबों में भोजन, दवायें तथा अन्य जरूरी चीजें बांटने में भी सहायता की। मई, 2021 में वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान जब महामारी शिखर पर थी, तब सूरजपाल ने फर्रुखाबाद में एक शिविर का आयोजन किया था। जिला प्रशासन ने उस समय इसमें शामिल होने के लिए 50 लोगों की अनुमति दी थी, पर इसमें कई हजार लोगों ने भाग लिया।

ऐसे 'सामाजिक आंदोलन' केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विशेषता नहीं हैं जहां से सूरजपाल का उभार हुआ। लोग खासकर हरियाणा और पंजाब में विभिन्न प्रकार के 'डेरों' में भारी भीड़ लगाते हैं। हालांकि, ये सभी 'डेरे' हर जाति में अपने समर्थक होने का दावा करते हैं, पर उनके अधिकांश अनुयाई दलित व पिछड़ी जातियों के लोग हैं जो अक्सर आर्थिक रूप से गरीब भी होते हैं। वर्तमान असमानता, सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था तथा समाज में दलितों की हाशियाकृत स्थितियों के चलते पंजाब में बड़ी संख्या में 'डेरे' उभरे हैं।

सिख विद्वानों द्वारा लगाए गए मोटे अनुमानों के अनुसार पंजाब के 12,000 गांवों में लगभग 9,000 सिख और गैर-सिख डेरे अस्तित्व में हैं। इनमें पंजाब और पड़ोसी हरियाणा में 300 बड़े डेरे शामिल हैं। इनमें से लगभग एक दर्जन में प्रत्येक के अनुयाइयों की संख्या एक लाख से अधिक है। इन मानकों के आधार पर देखने से स्पष्ट होता है कि सूरजपाल का 'आश्रम' अपने संख्याबल के आधार पर यदि पंजाब में बीस के राधास्वामी, सिरसा के डेरा सच्चा सौदा, निरंकारी, नामधारी, नूरमहल के दिव्य ज्योति जागरण संस्थान, रोपड़ के डेरा संत भैंनरवाला तथा बालन के डेरा सच खंड से बड़ा नहीं तो भी उनके लगभग बराबर है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस प्रकरण की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन किया है।

ऐसा लगता है कि आयोग सूरजपाल, उनके भक्तों तथा प्रशासन पर इस त्रासदी का आरोप लगाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार कुछ समय के लिए पूरी शक्ति के साथ इस त्रासदी के जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी करेगी। लेकिन जनता का शोरशराबा घटने के बाद मीडिया वहां से अपने कैमरे हटा कर किसी अन्य खबरिया घटना पर केन्द्रित करने लगेगा। इसके साथ ही न्यायिक जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद कुछ समय उस पर चर्चा होगी, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि उस पर क्या कार्रवाई होगी। संभवत: कोई इस बात का जवाब नहीं देना चाहेगा कि सूरजपाल जैसे 'बाबा' क्यों उभरते हैं और वे जनता की भावनायें अपने पक्ष में कैसे एकजुट कर लेते हैं। सूरजपाल जैसे 'बाबा' भारी संख्या में अपने अनुयाइयों के कारण 'राजनीतिक प्रभाव' भी प्राप्त कर लेते हैं।

अनुयाइयों की बड़ी संख्या के कारण हर राजनीतिक पार्टी उनको अपने पाले में लाने का प्रयास करती है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सूरजपाल सिंह जाटव का समर्थन कर रही हैं। एलेक्ट्रानिक मीडिया ने एक दल के अध्यक्ष के पुराने वीडियो तलाशे हैं जिसमें वे 'बाबा' सूरजपाल जाटव की भूरि-भूरि प्रशंसा करते दिखते हैं। हालांकि ये नेता विदेश में शिक्षित इंजीनियर हैं, पर 'बाबा' की तारीफ करते समय वे संभवत: विज्ञान की सीमायें भी तोड़ देते हैं।

हालांकि, हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी हत्या के दोषी डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम सिंह को कई बार उदारतापूर्वक फर्लो दी है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'बाबा' लोगों का गुस्सा किसी राजनीतिक पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

# ब्रिटेन और ईरान में नेतृत्व परिवर्तन

> यूके और ईरान में हुए हालिया नेतृत्व परिवर्तन यह दर्शाते हैं कि वैश्विक स्तर पर मतदाता समावेशी व समभाव वाले नेताओं को पसंद कर रहे हैं।

अखिलेश सुमन
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यूनाइटेड किंगडम और ईरान दोनों में नेतृत्व में बदलाव हुआ है। यू.के. में कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक को जगह लेबर पार्टी के कीर स्टारमर ने ली है। ईरान में लोगों ने सुधारवादी और अपेक्षाकृत उदार उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन को अपना नया राष्ट्रपति चुना है। मई में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मृत्यु के कारण ईरानी राष्ट्रपति चुनाव की आवश्यकता थी। यूरोप और एशिया में ये बदलाव महाद्वीपों के लोगों की मानसिकता में बदलाव को दर्शाते हैं।

दोनों देशों में, उनकी समृद्ध परंपराओं और सभ्यताओं के साथ, उनके मतदाताओं ने उदार नेताओं और पार्टियों के पक्ष में कट्टरपंथियों को खारिज किया है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे, जब विकल्प दिया जाता है, तो लोग सभ्यता और राष्ट्रवाद का आह्वान करने वाले कट्टरपंथियों की निरंतर बयानबाजी के बजाय वर्तमान जरूरतों के अनुसार बड़े पैमाने पर सोच-समझकर निर्णय लेते हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी पिछले 14 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। कई लोगों ने पार्टी के पतन की भविष्यवाणी की थी और माना था कि देश अनिश्चित काल तक कंजर्वेटिव शासन के अधीन रहेगा। राष्ट्रवादी इच्छाओं से प्रेरित कंजर्वेटिवों ने ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से बाहर निकाल दिया, जिससे देश अपने पड़ोसी लोकतंत्रों से अलग-थलग पड़ गया। यह उल्लेखनीय है कि कंजर्वेटिवों की हार ब्रिटिश लोकतंत्र के संदर्भ में ऐतिहासिक रूप से कम है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि, 2019 में 11 से बढ़कर अब 72 हो जाना, ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर को दर्शाता है। चूंकि लिबरल डेमोक्रेट्स को लेबर पार्टी से भी कुछ हद तक अधिक वामपंथी माना जाता है, इसलिए देश के राजनीतिक परिदृश्य में किसी भी अन्य समय की तुलना में आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर नए सिरे से जोर दिया जा रहा है।



इसके विपरीत, 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद से, ईरान ने अपनी संप्रभुता का दावा करने के लिए लगातार पश्चिम के खिलाफ खुद को खड़ा किया है। इस रुख ने न केवल पश्चिम के साथ सांस्कृतिक संघर्षों को जन्म दिया है, बल्कि ईरान की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा की हैं। इसके अलावा और ख्व देशों के साथ टकराव ने इसकी तेल आधारित अर्थव्यवस्था को कमजोर कर दिया है। इसके अतिरिक्त, ईरानी लोगों ने समय-समय पर देश के सामाजिक कानूनों के प्रति अपना असंतोष व्यक्त किया है। ब्रिटेन और ईरान में नेतृत्व में हाल ही में हुए बदलावों के साथ, दोनों नए नेताओं ने अपने देशों के अलगाव को समाप्त करने और वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। इससे पता चलता है कि ब्रिटेन यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नवीनीकृत करने की कोशिश कर सकता है, और ईरान पश्चिम के साथ संबंधों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रख सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कीर स्टारमर ब्रेक्सिट पर पुनर्विचार करेंगे और ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के करीब ले जाएंगे।

इसी तरह, जैसा कि नए ईरानी राष्ट्रपति ने सभी के लिए दोस्ती का हाथ बढ़ाने का वादा किया है, यह देखना बाकी है कि क्या इससे अमेरिका और अंतत: तकनीक-समृद्ध इज़राइल के साथ शांति स्थापित होगी। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या ईरानी नेता संवेदनशील परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) ढांचे पर लौटने के लिए राजी कर पाते हैं, जो पश्चिम में ईरान के अलगाव का मुख्य कारण है।

ये चुनाव परिणाम वैश्विक राजनीति में संभावित वामपंथी बदलाव का संकेत देते हैं, जिसमें प्रमुख यूरोपीय और एशियाई दोनों देशों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि सरकारों को रोजगार सृजन और अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी। ब्रिटेन वर्तमान में वित्तीय कठिनाइयों और उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है, संपत्ति की कीमतों में उछाल के बावजूद। इसी तरह, ईरानी लोग अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए लगातार बढ़ते प्रतिबंधों का भार महसूस कर रहे हैं। ईरानियों को एक नई अर्थव्यवस्था और पश्चिम के साथ अपने संबंधों के लिए एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि पश्चिमी देश ईरान में बदलाव के बारे में सतर्क रूप से आशावादी हैं, उन्हें विश्वास है कि यूके में नया लेबर नेतृत्व एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएगा।

उदासीन औपनिवेशिक दृष्टिकोण से प्रेरित अनावश्यक मुखरता को रूढ़िवादी रणनीति से हटकर, यूके को अपनी रणनीति को फिर से परिभाषित करने और जनता के साथ अधिक खुले तौर पर जुड़ने की आवश्यकता होगी। अंत में, दुनिया भर के राजनीतिक दलों के लिए एक संदेश है' यदि आप जमीनी स्तर से जुड़े रहते हैं और व्यावहारिक तरीके से आम लोगों के मुद्दों को संबोधित करना जारी रखते हैं, तो आप प्रासंगिक बने रहेंगे व संभावित रूप से पुनर्जीवित होंगे।

## आप की बात

### हाथरस के सबक

**भारत** में डिजिटल इंडिया एवम कंप्यूटर के युग के बावजूद अंधविश्वास, पाखंड, आडंबर जादू-टोने व तांत्रिकों के चक्कर में समाज का एक हिस्सा जकड़ा है। धार्मिक, आस्थावान व निष्ठावान रहने के साथ ही हमें समाज को भीड़-तंत्र और भेड़-चाल से बचाना होगा नहीं तो हाथरस जैसे हादसे होते रहेंगे। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं को इस गंभीर स्थिति पर विचार करना चाहिए। सभी पार्टियों के राजनेताओं को भी केवल वोटबैंक के लिए ऐसे फर्जी बाबाओं की प्रशंसा से बचते हुए जनता में जागरूकता पैदा करने के प्रयास करने चाहिए। नेताओं के ऐसे कदमों से जनता भ्रमित होती है और इससे धर्म के प्रति उसकी सच्ची श्रद्धा और आस्था विकृत हो जाती है। सुश्री मायावती का दृष्टिकोण इस पूरे मामले में एकदम अलग और प्रशंसनीय है। उन्होंने ऐसे भ्रष्ट बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए जनता को अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह दी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का भी दृष्टिकोण इस मामले में बिल्कुल सही है जिसने देश भर के अनेक तथाकथित बाबाओं को फर्जी घोषित किया है। योगी सरकार ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए सात अधिकारियों को निलंबित किया है। हमें हाथरस त्रासदी से समुचित सबक लेने चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### कश्मीर की स्थिति

**जम्मू-कश्मीर** से धारा 370 व 35 ए खत्म करने के बाद केंद्र सरकार ने इसे जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के तीन भागों में सुरक्षा और सुशासन की दृष्टि से बांटा था, ताकि आतंक व उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र को नियंत्रित करने में आसानी हो सके एवं वहां जन-जीवन सामान्य बन सके। लेकिन अभी भी यदा-कदा पड़ोसी देश की शह पर आतंकी घटनाएं हो रही हैं जिसमें हमारे वीर जवान शहीद हुए और अभी भी हो रहे हैं। हाल ही में कठुआ में आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हो गए। सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त व तुरंत उचित कार्रवाई कर आतंकियों व उनके अड्डों को नष्ट किया है। सर्वविदित है कि ये सारी कारस्तानी सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों की ही है। अत: सीमा पर भी चौकसी बढ़ाने की बहुत जरूरत है। हालांकि, अभी भी जम्मू कश्मीर के कुछ तत्व इन आतंकियों की अनेक प्रकार से सहायता करते हैं। ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है। खुशी की बात है कि पाकिस्तान से बातचीत की पैरोकारी करने वाले फारूक अब्दुल्ला ने भी इस बार पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि आतंकवाद उस देश को बरबाद कर डालेगा। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाओं के साथ बातचीत असंभव है।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### संतुलित विदेश नीति

**पिछले दशक** में भारत ने संतुलित विदेश नीति अपनाई है। पश्चिमी देशों की परवाह किए बगैर मोदी की विश्वसनीय मित्र देश रूस की यात्रा करना, लेकिन उसके द्वारा यूक्रेन के बाल चिकित्सालय पर हमले में बच्चों की दु:खद मृत्यु का मुद्दा पुरी शिद्दत से उठाना यह सिद्ध करता है कि भारत की अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है तथा वह राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानकर किसी के आगे झुकता नहीं है। भारत की मंशा किसी एक गुट का हिस्सा बनकर रहने की नहीं है। वह पश्चिमी वर्चस्व वाले जी-20 और क्वाड के साथ जी-7 के साथ भी रहा है। वहीं चीनी वर्चस्व वाले शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स जैसी संस्थाओं में भी भारत ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। पश्चिमी देशों के साथ संबंध बेहतर बनाने के साथ उसने रूस से भी अपने वर्षों पुराने संबंध पर आंच नहीं आने दी। उसने हमास द्वारा इजराइल पर किए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की तो गाज़ा में इजराइली सैनिक कार्रवाई के शिकार लोगों के लिए मानवीय सहायता भी भेजी। मोदी ने एक बार फिर पुतिन से साफ-साफ कहा कि शांति के लिए बातचीत और राजनय का रास्ता अपनाना चाहिए। इस विदेश नीति से दुनिया भर में भारत तथा मोदी का सम्मान बढ़ा है।

**- विमलेश पगारिया,** बदनावर

### अमेरिका में राजनीति

**अमेरिका** में राजनीति सारी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण लगती है। दो भीषण युद्धों से परेशान दुनिया में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव बहुत ही अहम हैं। डोनाल्ड ट्रंप का पिछला कार्यकाल देखते हुए जाहिर है कि यदि वे राष्ट्रपति बने तो अपनी स्वच्छंदता को बरकरार रखते हुए सिर्फ अमेरिकी हितों की बात करेंगे और कई अंतरराष्ट्रीय संधियों के निष्क्रिय होने का भय बना रहेगा। नाटो भी इस संभावना से चिंतित है। बायडेन की जीत में उनकी उम्र सबसे बड़ी समस्या है। डेमोक्रेटिक पार्टी को समय रहते उनके स्थान पर किसी युवा व जोशीले उम्मीदवार को आगे करना चाहिए, ताकि ट्रंप को सत्ता में आने से रोका जा सके। यदि बायडेन की पार्टी ऐसा नहीं करती है तो अमेरिकी मतदाता ना चाहते हुए भी ट्रंप को ही वोट देंगे। वैसे भी बायडेन के जीतने की संभावना मात्र 25 प्रतिशत है। ऐसे में देश और पार्टी के हित को ध्यान में रखते हुए बायडेन को चुनाव लड़ने की अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए। इसके साथ ही ट्रंप को भी स्पष्ट करना चाहिए कि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव जीतने पर वे कैसी दुनिया बनाना पसंद करेंगे जिसमें अमेरिका प्रथम भी हो।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा आदिवासी बच्चों से फीस के नाम पर हो रहा है बड़ा खेल : मुश्ताक अहमद

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय मजदूर संघ के नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के आदिवासी बच्चों से फीस के नाम पर बड़े पैमाने पर खेल खेला जा रहा है। जिसकी शिकायत 09 सितम्बर 2023 को तत्कालीन एस डी एम राजहरा से की गई थी, किन्तु आज तक उस पर किसी तरह का निर्णय नहीं निकल पाया है जो बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली को दर्शाता है और साथ स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन की कमजोरीयों को भी दिखाता है कि किस तरह बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन लगभग 01 साल से स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को गुमराह किये हुए हैं और स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन गुमराह हो रहें हैं। यह चिंता का विषय है? विगत दिनों इसी संबंध में बीएसपी प्रबंधन, डीएवी स्कूल प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन और शिकायतकर्ता के साथ एक बैठक 05-06-2024 को एस डी एम कार्यालय राजहरा में आयोजित हुई थी जिसमें बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन से क्षेत्र के आदिवासी बच्चों से दोहरी फीस न लेने और पीपुल्स फंड को किस मद में खर्च किया जाता है उसकी जानकारी एवं सीएसआर मद से सत्र 2022-23 में डीएवी स्कूल प्रबंधन राजहरा को 2 करोड़ 03 लाख रुपए और सत्र 2023-24 में 2 करोड़ 70 लाख रुपए गैर बीएसपी बच्चों के लिए दिया गया था उसके बाद भी क्षेत्र के गैर बीएसपी आदिवासी बच्चों से बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन फीस वसूलने में लगी है जोकि जांच का विषय है। 05 तारीख की बैठक भी बेनतीजा समाप्त हो गई और बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन ने एक बार फिर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन को गुमराह करने में सफल रही। बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा किसी भी शिकायत का आज तक लिखित जवाब नहीं दिया जो स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन की असफलता है क्योंकि एक तरफबीएसपी प्रबंधन अंतागढ़ में सीएसआर मद से मुफ्त में डीएवी स्कूल का संचालन कर रही है मगर दूसरी तरफ दल्ली राजहरा के डीएवी स्कूल में मनमाने तरीके से फीस वसूलने में लगी है और शिक्षा का व्यसायी करण कर आदिवासी बच्चों का शोषण करने में लगीं है। एक तरफ रावघाट खदान के सीएसआर के तहत डीएवी शिक्षण संस्थान के साथ अनुबंध कर सीबीएससी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का संचालन किया जा रहा है और दूसरी तरफ दल्ली राजहरा में अपने सभी स्कूलों को बंद कर डीएवी स्कूल के साथ अनुबंध कर यहां के आदिवासियों से मनमाना फीस वसूला जा रहा है। इस तरह का दोहरा मापदंड अपना रही है बीएसपी प्रबंधन जो सबसे बड़े दुःख का विषय है कि खदान के दुष्प्रभाव से सबसे ज्यादा प्रभावित दल्ली राजहरा नगर है, मगर न तो सीएसआर मद से बीएसपी प्रबंधन कुछ कर रहीं हैं और न ही डीएम एफ फंड से । नगर का पूर्ण रूप से शोषण करने में लगीं है बीएसपी प्रबंधन और सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा बैठक में हुई चर्चा और मांगी गई जानकारी को लिखित में नहीं दे रही है बीएसपी प्रबंधन द्वारा कलेक्टर के प्रतिनिधि एस डी एम राजहरा को अपना जवाब एक सादे काग़ज़ में बिना किसी के हस्ताक्षर किए हुए दिया गया है जोकि काफी हास्यास्पद है और जिला कलेक्टर और एस डी एम राजहरा के लिए चिंता का विषय है मगर उसके बाद भी आज तक 01 माह से अधिक समय बीतने के बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा बैठक में हुई चर्चा और मांगी गई जानकारी किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर एस डी एम कार्यालय में नहीं दिया गया है जोकि चिंता का विषय है। बैठक में मुख्य रूप से एस डी एम राजहरा आर के सोनकर, बीएसपी प्रबंधन से आर बी गहरवार मुख्य महाप्रबंधक खदान, के श्रीकांत ऐजेंट राजहरा खदान, विपीन कुमार महाप्रबंधक एम एंड एस, तुषार राठौर, पर्सनल विभाग से एम के रेड्डी, धीरज बघेल,और बी एम एस से मुश्ताक अहमद और लखनलाल चौधरी उपस्थित थे।

# कलारिप्पयत्तू प्रतियोगिता में बालोद जिले के 36 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

## 15 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 स्वर्ण 11 रजत एवं तीन कांस्य पदक जीते



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय कलारिप्पयत्तू प्रतियोगिता का आयोजन 6 जुलाई से 9 जुलाई तक कोरबा ( कुसमुंडा) में संपन्न हुई। इसमें छत्तीसगढ़ के करीबन 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें बालोद जिला के 36 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ।प्रतियोगिता में मार्शल आर्ट क्लब दल्ली राजहरा के 21 खिलाड़ी एवं शहीद वीर नारायण क्लब बालोद के 15 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 स्वर्ण 11 रजत एवं तीन कांस्य पदक जीते । स्वर्ण पदक प्राप्त विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो 9 अगस्त से 11 अगस्त तक त्रिवेंद्रम में आयोजित है इसमें हिस्सा लेंगे। कलारिप्पयत्तू खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है एवं खेलो इंडिया यूथ गेम में शामिल है हमारे खिलाड़ी खेलो इंडिया यूथ गेम में पदक जीतकर राज्य एवं लौहनगरी दल्लीराजहरा का नाम रोशन कर चुके हैं। दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस तरह हैं । ट्विंकल- दो स्वर्ण एवँ एक रजत पदक (हाई किक,चुवादुक्कल, मेपयत्तु), आदित्य दो स्वर्ण पदक-एक रजत(हाई किक,मेपयत्तु,चुवादुक्कल), राहुल-कांस्य पदक (हाइकिक), नेहा ठाकुर-स्वर्ण पदक (हाइकिक), सिमरन कौर - स्वर्ण पदक (उर्मी शील्ड,हाइकिक), मोहित-स्वर्ण पदक एवँ कांस्य पदक (कुरुवडी,स्टिक) विपिन-कांस्य पदक,रजत,कांस्य (हाइकिक, उर्मी, फाइटिंग इवेन्ट), चंद्रप्रकाश-स्वर्ण एवं दो कांस्य पदक(कुरुवडी, स्टिक,उर्मी), हर्ष देवांगन - रजत पदक (उर्मी), राधा - स्वर्ण (उर्मी शिल्ड), शादीके - दो स्वर्ण (कुरुवडी, स्टिक), जास्मिन एवँ दिव्यानी - दो स्वर्ण (तलवार ढाल,उर्मी ढाल), हिमानी - दो रजत पदक,कांस्य पदक(हाइकिक,मेपयत्तु,चुवादुक्कल), आयुष एवँ हर्षदीप-स्वर्ण एवं कांस्य पदक(स्टिक, कुरुवडी), इसके अलावा हर्षदीप - रजत पदक (हाइकिक), जिया एवँ सोनम - रजत पदक (कुरुवडी), जिया - रजत पदक (हाइकिक), सोनम - दो रजत (चुवादुक्कल, मेपयत्तु), मिलन एवँ गगन सोनी- दो स्वर्ण पदक (उर्मी ढाल,तलवार ढाल) गगन सोनी - स्वर्ण पदक (उर्मी विसिल), वीरेंद्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकारी के रूप में हरबंस कौर एवं किशोर नाथ योगी रेफरी जज की भूमिका निभाई। इन पदक विजेता खिलाड़ियों को सी जी एम माइंस दल्ली राजहरा आर बी गहरवार , श्रीकांत जनरल मैनेजर दल्ली राजहरा माइंस, नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, अध्यक्ष बालोद जिला कलारिप्पयत्तू संघअनिल खोबरागड़े खेल प्रेमी ने नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कलारिप्पयत्तू संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू ने दी।

# कवीर स्वयंसेवकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का किया गया सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे कार्यक्रम बदलाव संग युवा जिसमें कवीर स्वयंसेवकों का लगातार क्षमतावर्धन किया जा रहा है। यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से जिला पंचायत भवन के सभागार कक्ष में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में मैं हूं न कार्यक्रम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक मानसिक स्वास्थ्य दानिश खातून हुसैन ने कवीर स्वयंसेवकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रथम सहायता उपचार के लिए प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि किस प्रकार से दोस्त, बच्चा, युवा या बड़े जो दुख और परेशानी में होते हैं, उनकी मदद की जा सके। जिला समन्वयक दीपक बागरी ने कहा की ÷मैं हूं ना÷ थीम के तहत, स्वयंसेवकों को मन मित्र के रूप में समुदाय में सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच के अंतर को समझा और मन मित्र के रूप में आवश्यक सावधानियों को सीखा गया। यह ज्ञात हो कि कवीर स्वयंसेवी जिले में पांच कार्यक्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं, जिनमें से एक मानसिक स्वास्थ्य है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मन मित्र के रूप में स्वयंसेवकों को तैयार करना था। कार्यक्रम में वॉलंटियर समन्वयक नितेश चंदेल और जिलेभर से बड़ी संख्या में कवीर स्वयंसेवी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एटीएम एक्सचेंज गिरोह के यूपी के 2 आरोपी गिरफ्तार

## पूर्व में भी लूट व धोखाधड़ी मामले में जा चुके है जेल

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com





आईजी दुर्ग रेंज के मार्गदर्शन में डौंडीलोहारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली हैं। एसपी के निर्देशन में डौंडीलोहारा पुलिस ने एटीएम एक्सचेंज गिरोह के 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। त्रिनयन एप्प की मदद से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों का सुराग पुलिस को मिला है। साइबर सेल बालोद और डौंडीलोहारा की सयुक्त कार्यवाही हैं। दोनों आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले है, लेकिन भिलाई में किराए के मकान में रहते थे। आरोपी सुरेश कुमार वर्मा पिता रामलोचन वर्मा (31वर्ष) और राम अवतार राजभर पिता रमेश राजभर (28वर्ष) के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई सफेद कलर की स्विफ्ट कार, 3 नग मोबाइल, 25 नग एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, ठगी की नगदी रकम 18 हजार रुपए, 2 नग सोने का चैन, 3 नग सोने का अंगूठी जब्त किया गया है। जिसका खुलासा गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी एसआर भगत ने किया। खुलासे में एसपी बताया गया कि आरोपी एटीएम मशीन से पैसा निकालने में मदद के नाम पर ठगी करते थे। पूर्व में दुर्ग के खुर्सीपार थाना और उत्तरप्रदेश में दीदारगंज थाना में आरोपी के नाम से धोखाधड़ी व लूट के मामले दर्ज है। दोनो जेल भी जा चुके है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, बालोद एसडीओपी देवांश राठौर मौजूद रहे।

### 6 बार मे निकाले 75 हजार रुपये-

एसपी एसआर भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि डौंडीलोहारा थाना अंतर्गत ग्राम धनगांव निवासी नेमीचंद साहू पिता दानीलाल साहू (21वर्ष) बीते सोमवार को थाने में एक लिखित शिकायत आवेदन पेश किया कि 6 जुलाई को वह अपने माता चित्ररेखा बाई के एसबीआई बैंक शाखा डौंडीलोहारा खाता क्रमांक XXXXXXXXX के जारी किए एटीएम कार्ड से बैलेंस चेक करने डौंडीलोहारा आया था। इंडिया वन एटीएम के कमरा के अंदर नेमीचंद अपने एटीएम से पैसा चेक कर रहा था, उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति उसके साइड में खड़ा था, जो ऐसा रकम नहीं निकालते है, नही तो तुम्हारा पूरा रकम निकल जाएगा, कहकर बोलने के बाद उसके एटीएम कार्ड को मांग लिया और उसके एटीएम कार्ड को बदली कर अपने पास रखे एटीएम को उसे देकर वह अपने चार पहिया वाहन से चला गया। एटीएम को कब बदली किया उसे पता नहीं चला बाद में उसे उसके मोबाईल नंबर में पैसा दुसरे व्यक्ति के द्वारा निकालने का मैसेज आने पर मुझे पता चला जो उसके मां का खाता क्रमांक XXXXXXXXX से अलग-अलग 6 बार रकम निकाला गया है। कुल 75 हजार रूपये को अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर रकम निकाल लिया। जिसकी सूचना मिलने पर डौंडीलोहारा थाना एवं साइबर सेल बालोद से टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना किया गया था।

### कार चेकिंग के दौरान मिला एटीएम कार्ड

एसपी ने आगे खुलासा करते हुए बताया कि टीम द्वारा घटना स्थल जाकर वहा आसपास दुकानदारों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर अज्ञात आरोपी द्वारा ब्लैक कलर के टीशर्ट में इंडिया एटीएम मशीन डौंडीलोहारा में प्रार्थी के साथ सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा था। जिसे प्राप्त कर लोहारा रोड पर लगे सीसीटीवी को त्रिनयन एप्प के मदद से सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज को देख उसका बारीकी से एनालिसिस कर संदिग्ध कार को चिन्हांकित कर प्रार्थी के बैंक डिटेल जिसमे रकम किन किन एटीएम से निकाला गया है की जानकारी तत्काल बैंक से प्राप्त कर देवरी के एसबीआई एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर संदिग्ध कार का जहा जहां से गया है उसका सीसीटीवी फुटेज को देखने पर राजनांदगांव तरफजाना और बैंक डिटेल से बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप से एटीएम स्वाइप कर रकम निकालने की जानकारी होने से संदिग्ध कार को फॉलो किया गया। जिसके बाद मुखबिर से सूचना मिलीकी एक सफेद कलर की स्विफ्ट कार बालोद से लोहारा की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। जिसे थाना प्रभारी स्टाफ और साइबर सेल टीम बालोद द्वारा चेकिंग प्वाइंट पर रोका गया। जिसे पूछने पर दुर्ग से आना और राजनांदगांव जाना बताया। संदिग्ध लगने से जिसकी कार को चेक करने पर बहुत सारे अलग अलग बैंक के एटीएम कार्ड मिला। जिसे मौके पर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना मूल निवास यूपी का होना बताया और एटीएम एक्सचेंज करके फ्रॉड करना और 6 जुलाई को बालोद से डौंडीलोहारा आना और एक व्यक्ति से एटीएम कार्ड बदलकर उसके एटीएम से 75 हजार रूपए निकालना बताया और कुछ दोनो से राजनादगांव, धमतरी, तिल्दा, महासमुंद एवं बालोद के जिले में जाकर एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी किया गया है।

### आरोपियों ने कई जिलों में लोगों को बनाया है शिकार

एसपी भगत ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि सुरेश कुमार वर्मा मूलतः यूपी का रहने वाला है और वर्तमान में दुर्ग जिले के कोहका भिलाई में किराए के मकान में रहता है और पूर्व में लूट के आरोप में जेल जा चुका है। अपने साथी राम अवतार राजभर को कुछ दिन पहले ही यूपी से भिलाई आया है। उसके साथ अपने सफेद कलर के कार से दुर्ग से अन्य जिले जाकर एटीएम मशीन के पास लोगो को जो एटीएम से पैसा निकलते है। उसे अपने बातो में फसा कर उसका एटीएम पासवर्ड देख कर सेम बैंक का एटीएम को बदल देता था और वहां से जाकर अन्य एटीएम मशीन से पैसा आहरण कर धोखाधडी करते है। कई जिलों के लोगो को अपना शिकार बनाया है। उक्त प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पता साजी में डौंडीलोहारा थाना प्रभारी लक्ष्मीप्रसाद जयसवाल, एएसआई आत्माराम धनेलिया, आरक्षक त्रवेश सिन्हा, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, विवेक शाही, रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक राहुल मनहरे, आकाश सोनी, आकाश दुबे, विपिन गुप्ता, पूरन प्रसाद देवांगन, मिथलेश यादव, योगेश पटेल, गुलजरी साहू, योगेश गेडाम की रही विशेष भूमिका।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कालीबाड़ी मंदिर में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में दल्ली राजहरा के कालीबाड़ी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया द्य मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हमें पेड़ अवश्य लगाना चाहिए । यदि हर व्यक्ति मन में यह ठान ले कि हर वर्ष मैं एक पेड़ अवश्य लगाऊंगा तो देश में प्रतिवर्ष करोड़ पेड़ मानव के द्वारा यूं ही लग जाएंगे द्य हरे भरे पेड़ मन को तो सुकून देते हैं साथ ही बढ़ते तापमान में भी पेड़ों की वजह से कमी आती है द्य तथा पेड़ों की पेड़ों की वजह से पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद मिलती है द्य हमारा यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम हमेशा चलता रहेगा । द्विवेदी ने राजहरा के हर व्यक्ति से निवेदन किया कि आप भी पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने में अवश्य मदद करें । वृक्षारोपण में राजहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री मदन मायती , महेंद्र सिंह (गुड्डू) ,उपाध्यक्ष सुजीत झा , मंत्री रमेश गुर्जर , निलेश श्रीवास्तव , कोषाध्यक्ष रमेश जैन ,जिला के पूर्व कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह , विश्वकर्मा न्याय योजना के जिला अध्यक्ष सुरेश जयसवाल , प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र पिपरे , अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष बंटी चोपड़े , काली बाड़ी मंदिर सदस्य गौतम बेरा , विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष शंकर साहू , नंदा पसीने , उमा साहू , कुमारी रावटे, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का होगा भव्य आयोजन

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदयात्रा के संबंध में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में भोरमदेव मंदिर परिसर में जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसके साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझाव को भी अमल में लाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में ज्वाइंट हेण्ड, लांयस क्लब, जिला प्रेस क्लब, विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा निःशुल्क भोजन व्यवस्था, फल वितरण, चाय-बिस्कुट आदि वितरित करने की जानकारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इनमें मुख्य रूप से जगह-जगह पर भोरमदेव मंदिर जाने का रास्ता एवं दूरी दर्शाने के लिए साईन बोर्ड लगाने, भोरमदेव पदयात्रा का प्रचार-प्रचार गांव स्तर पर करने तथा वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया गया। बैठक में आयोजन को भव्य बनाने के लिए यात्रा को विशेष थीम पर अधारित करने का सुझाव दिया गया ताकि नागरिकों को अच्छा संदेश पहुंचे। बैठक में डीएफओ शशि कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, बोड़ला एसडीएम मती गीता रायस्त, विधायक प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कांत उपाध्याय, राजेश शुक्ला, शैलेन्द्र उपाध्यय, प्रकाश वर्मा, निरज मंजीत, भारमदेव मंदिर के पुजारी आशीष पाठक सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए कानून का प्रावधान

## नए कानून में दंड से न्याय की ओर समाज को अग्रसर करने का प्रयास किया गया है

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



11 जुलाई को जिला कबीरधाम में पुलिस प्रशासन द्वारा भारत में 1/7/2024 से लागू हुए नए कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों की जानकारी देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता में जिले के मीडियाकर्मियों को नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक आम जनता तक नए कानून के विशेष प्रावधानों को पहुंचाने हेतु अपील किया गया।

**जिला कबीरधाम के विशेष प्रयासः**

जिला कबीरधाम प्रशासन ने इन नए कानूनों की जानकारी को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इसके तहत विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए, जिसमें जागरूकता रैलियाँ, और डिजिटल मीडिया का उपयोग शामिल है। जिला पुलिस द्वारा सामुदायिक बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें नागरिकों को नए कानूनों के प्रावधानों और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया है।

प्रमुख बदलावों पर विशेष जोरः

E FIR और जीरो FIR: शिकायत दर्ज करना और भी आसान, सा सुरक्षा नियमः साक्षियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सूचना, पीड़ित को केस की विवेचना की जानकारी,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही, साक्षियों की पहचान उजागर न करना,पुलिस कार्यवाहियों की वीडियोग्राफी, गंभीर अपराधों में स्सरूयूनिट की सहायता, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए नए प्रावधान, बच्चों के विरुद्ध अपराधों में मृत्युदंड, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को प्राथमिक साक्ष्य के रूप में स्वीकार करना, बुजुर्गजनो के लिए विशेष सुविधाएं, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉक्टर अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज की प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, एसडीओपी पंडरिया पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षण मती मोनिका परिहार, सतीश धुर्वे, कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनता को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध होना अत्यंत आवश्यक है ताकि कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सके। 1/7/2024 से पूर्ण रूप से लागू हुए नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला कबीरधाम प्रशासन अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखते हुए समाज को सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में अग्रसर है।

# भगवान महावीर निर्वाण दिवस एवं गुरू घासीदास जयंती पर पधुवध एवं मांस बिक्री पर प्रतिबंध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 26 अगस्त को कृष्ण जनमाष्टमी, 07 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 14 सितंबर को ढोल ग्यारस, 17 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, 21 अगस्त को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जनमाष्टमी, गणेश चतुर्थी, ढोल ग्यारस, अनन्त चतुर्दशी, गांधी जयंती, भगवान महावीर निर्वाण दिवस एवं गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

# दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम सिंघनपुरी निवासी सुनिता साहू की जहरीले छिपकली के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति धनेश साहू, पंडरिया तहसील के ग्राम डेंगूरजाम निवासी फुलसिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रामबती बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# महिला की हत्या कर पुलिस को बताया अधिक शराब सेवन से हुई मौत, पीएम रिपोर्ट में हुआ हत्या का खुलासा

## मायके जाने की जिद में चली गई महिला की जान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय में रिलेशनशीप में रह रही महिला की हाथ-मुक्को व लात घुसों से पिटाई कर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी के द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराध घुपाने झुठी कहानी रची गई थी परंतु पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टीवी टावर मोहल्ला निवासी प्रेम कुमार राठिया को पुलिस ने रिलेशनशीप में रह रही महिला की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब पांच साल पहले पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम केनसरा निवासी केंवरा सारथी उर्फ संध्या पति विवेकानंद सारथी जो कि पहले से ही विवाहिता थी उसके पति के द्वारा उसे छोड़ने के बाद उसे अपनी पत्नी बनाकर रखा था और पांच सालों तक दोनों जीवन यापन करते आ रहे थे।

### पीएम रिपोर्ट में हत्या का मामला आया सामने

पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर, पेट में अंदरूनी चोट आने से अत्यधिक खून निकलना और मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया। तत्काल चक्रधरनगर पुलिस ने प्रथम संदेही प्रेम कुमार राठिया को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### साथ में बैठकर पी शराब फिर दे दी मौत

आरोपी ने बताया कि 07 जुलाई की शाम 5 बजे दोनों इतवारी बाजार गए थे जहां से वापसी के दौरान उन्होंने सिग्नल चैक स्थित शराब दुकान से शराब खरीदकर घर लेकर गए और फिर मछली बनाकर दोनों ने साथ में बैठकर शराब सेवन किया।

### लाथ-मुक्के व लात घूसों से की पिटाई

आरोपी ने बताया कि खाना खाने के बाद रात करीब 11 बजे संध्या ने उससे काफी दिन से मायके नहीं गई हूं कहकर रात में ही उसके मायके ग्राम केनसरा, पुसौर जाने की जिद कर रही थी जिसे दूसरे दिन चले जाना कह कर बोला। इसी बात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ और गुस्से में प्रेम राठिया ने संध्या को हाथ मुक्का लात से सिर व पेट में मारकर चोट पहुंचाना बताया।

### अपराध छुपाने रची झूठी कहानी

आरोपी प्रेम कुमार राठिया की पिटाई से संध्या दरवाजा के पास सो गई थी और अगले दिन सुबह उठने पर प्रेम कुमार राठिया ने संध्या को हिला डुला कर देखा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद आरोपी ने अपना अपराध छुपाने के लिये झूठी कहानी रचते हुए मृतका महिला की अधिक शराब सेवन से मृत्यु होने की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

आरोपी प्रेम कुमार राठिया द्वारा हत्या कर अपराध छिपाने का साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी प्रेम कुमार राठिया पिता पानिकराम राठिया उम्र 28 साल को टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास से चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# ब्लाक जैजैपुर के स्वास्थ कर्मचारी हड़ताल करने को मजबूर

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीनस्थ स्वास्थ कर्मचारी अपने मांगों को लेकर एक बार फिर हड़ताल करने को मजबूर हो रहे है। गौतम चंद्रा ब्लाक अध्यक्ष ने जानकारी में बताए की हम लोग पिछले वर्षो से अपनी कई मांगों जैसे एक वर्षो से कई कर्मचारियों का ई एल स्वीकृत नही हुवा है, कई कर्मचारियों का सर्विस बुक वेरिफिकेशन, समयमान वेतनमान, जो हर दस वर्ष में एक बार लगता है जो बहुतो कर्मचारियों का समय अवधि हो जाने के बौजूद दो वर्ष तीन वर्ष से नही लग पा रहा है, सातवा वेतन मान का एरियर्स शासन से आदेश उपरांत भी नही मिल पा रहा है, शासन की गाईड लाइन अनुसार कर्मचारियों द्वारा 0 से 40 वर्षो के सभी व्यक्तियों का सिकल सेल जांच कर एंट्री का कार्य लक्ष के अनुरूप कार्य किया गया पर गाइड लाइन अनुसार प्रति जांच दो रुपए देने का प्रवधान है जो एक वर्ष बीत जाने के बाजूद आज तक अप्राप्त है जिस संबंध में कर्मचारियों द्वारा कई बार अपने उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराया गया पर कोई सकारात्मक परिणाम नही निकल पाया ,श्री चंद्रा ने आगे जानकारी दिए की उक्त समस्या के संबंध में हम लोग कई बार पत्राचार भी किए जिससे कोई सकारात्मक पहल नही निकल पाया और कर्मचारियों की समस्या बढ़ते जा रहा है, यहां तक कि हमारे एक दो रिटायर कर्मचारी है जिसको एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक पेंशन के लिए भटक रहे है जो उच्च अधिकारियों की लापरवाही की वजह है जिसका समय रहते सर्विस बुक वेरिफिकेशन , समयमान वेतन नही लगने से आज ये नौबत आया है, हम सब कर्मचारियों में भी कई एसे कर्मचारी है जो रिटायर के कगार में है और समय रहते यदि उक्त समस्या का समाधान नहीं होता है तो अन्य कर्मचारी भी भुगत सकते है, ऐसे स्थिति में कर्मचारियों के पास हड़ताल के अलावा और कोई रास्ता नही है, अभी दिनांक 11जुलाई से आनलाइन कार्य को बंद करने का निर्णय लिया गया है और उसके बौजूद यदि सक्षम अधिकारी हमारी समस्या को संज्ञान में नहीं लेने से हम सब जल्द ही टीकाकरण, डायरिया नियंत्रण कार्य, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण, मलेरिया, लेप्रोसी कार्यक्रम, ए एन सी, आदि सभी कार्यक्रम को बंद करने के लिए मजबूर रहेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।

# वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरन दास के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष अमित दुबे के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित18 बिंदु माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार माँग पत्र मंत्री एंव विधायक को दे रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया थालेकिन बहुत से विभागों को 27: वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है जिसमें मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण कर्मचारियों में लगातार रोश व्याप्त होते जा रहा है। इस माँग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौपा गया। जिसमें संघ के भुवन साहू, अवि साहू ,पवन निर्मलकर, योगेश सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# कर्मचारी संघ ने ध्यानाकर्षण प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

## दस सूत्रीय मांगों के लिये बना रहे माहौल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय निकाय रायपुर के आह्वान पर 10 सूत्रीय मांगो के लिये राज्य स्तरीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन का आयोजन किया गया। रायगढ़ जिला मुख्यालय में ध्यान आकर्षण प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन के पूर्व केंद्र के समान महंगाई भत्ता देना होगा, मध्य प्रदेश के समान 300 दिन का अवकाश नगदी करण आदेश जारी करना होगा, पिंगुआ समिति की अनुशंसा प्राप्त कर वेतन विसंगति दूर करना होगा, चार स्तरीय वेतनमान देना होगा सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में तथा आईटीआई कर्मचारियों के मांगो के समर्थन में जमकर नारे बाजी की गयी. प्रदर्शन स्थल पर शेख कलीमुल्लाह संरक्षक, संजीव सेठी कार्यकारी जिला शाखा अध्यक्ष, डॉ माधुरी त्रिपाठी, विनोद षडंगी, एल बी एस जाटवर, विकास तिवारी, रोशनी दुबे तथा आई टी आई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल डनसेना ने संबोधित किया।

10सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सी पी डनसेना शामिल हुए। ध्यान आकर्षण प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों सहित आई टी आई के कर्मचारियों ने काफी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एल बी एस जाटवर जिला सचिव तथा आभार प्रदर्शन विकास तिवारी अध्यक्ष विकासखंड शाखा द्वारा किया गया।

# जिला मुख्यालय से लगे हुए गांवों से होते हुए ओडिसा के जंगल में घुसे गजराज, दहशत में रहे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर से लगे हुए रामपुर पहाड़ी में दो गजराजों की आमद से इस क्षेत्र में अफ्रा-तफ्री की स्थिति निर्मित हो गई थी। गजराजों ने यहां किसी प्रकार की कोई नुकसान किये पहाड़ के उपर में चले गए थे जो कि शाम को पहाड़ से नीचे उतरकर रात भर आमापाल क्षेत्र में रहे और सुबह पंडरीपानी पहाड़ी से होते हुए शहर से लगे हुए गांवों से होते हुए ओडिसा के जंगल में प्रवेश कर लिया है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह शहर से सटे रामपुर पहाड़ में आने वाले दोनों हाथी रात भर आमापाल क्षेत्र में विचरण करने के बाद बुधवार की सुबह लामीदरहा, इंदिरा विहार, पंडरीपानी, जुर्डा होते हुए ओडिसा की तरफचले गए हैं। शहरी क्षेत्र में एक दिन तक दो हाथियों की मौजदूगी के मद्देनजर जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों दहशत का माहौल रहा। विदित रहे कि पिछले सप्ताह भर से बंगुरसिया-जुनवानी क्षेत्र में हाथियों के द्वारा जिस प्रकार ग्रामीणों के फसलों व मकानों को क्षति पहुंचाया जा रहा था और उसके बाद शहर में दो हाथियों की मौजदूगी से जहां लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था वहीं वन विभाग की टीम भी हाथियों के हर मूवमेंट पर नजर रखी जा रही थी ताकि हाथियों के द्वारा शहरी क्षेत्र में किसी प्रकार नुकसान या फिर जनहानि की घटना घटित न हो।

# सभी कर्मचारियों के लंबित पदोन्नति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली द्वारा 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से, केन्द्रीय कर्मचारियों एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिन के अवकाश नकदीकरण तथा सभी कर्मचारियों के लंबित पदोन्नति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर मुंगेली के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री अवधेश शुक्ला जिला शाखा अध्यक्ष बिन्दु भास्कर जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रभात तिवारी, जिला प्रवक्ता अरविंद शर्मा, एवं फूलचंद यादव, मुंगेली तहसील अध्यक्ष पीला लाल दिवाकर, तहसील अध्यक्ष लालपुर देवीशंकर यादव सचिव फूलचंद बंजारे,जरहागांव तहसील अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सचिव जवाहरलाल डेहरिया, पुरूषोत्तम पांडेय, शिक्षा उप समिति अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, शंकर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुशीला धृतलहरे, अंकिता ठाकुर,मधु वास्तव, सूरज देवी, राहुल देव खांडेकर, जगमोहनी भगत, संजय शुक्ला पवन अनंत, अनिल सिंह राज, अभिषेक टंडन, विजय क्षत्रिय, लक्ष्मी नारायण बन्जारे, भूपेन्द्र घृतलहरे, सतीश टंडन, रमाशंकर गुप्ता, मनोज अंचल,इंद्राज पाटले, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किए गए आह्वान "एक पेड़ माँ के नाम" के अनुपालन में कलेक्टर मुंगेली के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाला प्राचार्य एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एडीपीओ एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय नाथ, सहायक परियोजना अधिकारी आकाश परिहार एवं पालक प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा पेड़-पौधों का लोगो के दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टॉफसदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसका संरक्षण करने का आग्रह किया गया। साथ ही अजय नाथ ने सभी स्टॉफसदस्यों एवं उपस्थित विद्यार्थियों को पेड़-पौधों की सुरक्षा तथा परिवार के सदस्यों को भी पेड़-पौधे लगाने हेतु प्रेरित करने का शपथ दिलाया। परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में जीतने पेड़ काटते है उतने पेड़ अवश्यक लगाने चाहिए। उक्त कार्यक्रम में शाला परिसर में एक्जोरा, एक्रोका, ड्रेसिना, पाम, गोल्डन हेन, मदार एवं अन्य अलंकारिक, सजावटी व छायादार पौधों सहित कुल 101 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें शाला के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिए। उक्त कार्यक्रम में शाला प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव ने पेड़-पौधों को मनुष्य के सामान सजीव एवं पर्यावरण संतुलन के लिए अति आवश्यक घटक बताया। उन्होंने पौधा रोपित करने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने पौधों की प्रतिदिन देखभाल करने की जिम्मेदारी दी। कार्यक्रम में पालकों सहित व्याख्याता पंकज मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए पर्यावरण में अधिकतम तापमान के लिए पेड़-पौधों की कमी को जिम्मेदार बताया। कार्यक्रम में व्याख्याता मती सांत्वना दत्ता, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता, दिलेश्वरी मरावी, रीना मरावी, रंजीता कंवट, वंदिता गुप्ता, सविता देवांगन, ज्योति जायसवाल, रूही फातिमा, संध्या कुजूर, पारूल, ओझा, शबनम बानों, पुष्पांजली कोशले, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पूंजीपथरा पुलिस ने किया न्यायालय पेश



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अभियान स्तर पर संदिग्धों एवं फरार आरोपियों, वारंटियों की सघन पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में कल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों वारंटी अवैध शराब बिक्री के मामले के हैं। वारंटी- मोहनलाल धोबा निवासी गेरवानी, देवी लाल यादव निवासी सामारूमा तथा पूरन धनवार निवासी गेरवानी थाना पूंजीपथरा पर वर्ष 2020-21 में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपित नियत पेशी तिथि को न्यायालय उपस्थित नहीं होने पर मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा इन पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीर सक्रिय कर तीनों फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ के साथ फरार वारंटियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस अधिकारियों ने ली होटल, ढाबा, लॉज,धर्मशाला संचालकों की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज सुबह पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा शहर के होटल, धर्मशाला, लाज, ढाबा संचालकों के साथ बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश पुलिस नियमित रूप से संदिग्धों की जांच और कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से होटल, ढाबा, लाज, धर्मशाला व सराय जांच की जांच और प्रतिष्ठानों का सहयोग आपेक्षित है। इसी परिप्रेक्ष्य में एडिशनल एसपी ने शहर की सुरक्षा को लेकर संचालकों को निर्देशित किये कि वे उनके संस्थान के सभी कर्मचारियों का सत्यापन करावें। होटल, सराय, धर्मशाला में बिना आईडी कमरे उपलब्ध ना कराया जावें। ठहरने वालों के नाम, मोबाइल नंबर और आईडी की छायाप्रति रिकार्ड में रखें। कस्टमर के मोबाइल नंबर पर कॉल कर वेरीफाई कर लें। अनैतिक क्रियाकलाप के लिए होटल, सराय, धर्मशाला में कमरे उपलब्ध ना कराया जाए, बिना अनुमति देर रात तक पार्टी या अन्य कार्यक्रम संचालित ना हो। प्रतिष्ठान बाहरी सड़क तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी हो तथा डीवीआर सुरक्षित रखें। होटल, ढाबा, लॉज में कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधियां हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित किया जावे। फायर सेफ्टी उपकरण की समुचित व्यवस्था और हर साल सुरक्षा ऑडिट कराया जावे। मादक पदार्थों का बिक्री और सेवन की व्यवस्था ना किए जाएं। संस्थान में निजी सुरक्षाकर्मी और पार्किंग की व्यवस्था हो। सिटी एसपी आकाश शुक्ला ने बताया कि संस्थान में नवयुवकों को नशे की सामग्री ना परोसी जावें। हुक्का या अन्य मादक पदार्थों की बिना अनुमति विक्रय पर प्रतिष्ठान का लायसेंस रद्द कराने साथ संचालक और अवैध क्रियाकलाप में संलिप्त व्यक्ति पर कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है, सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने साइबर सेल की टीम को होटल, ढाबा, धर्मशाला संचालकों का अपडेट व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करने कहा गया जिसमें किसी भी प्रकार की सूचना के आदान-प्रदान करने कहा गया।

**किसान उद्यानिकी फसल के लिए करा सकते हैं बीमा, 'आवेदन 31 जुलाई तक'-मुंगेली।** उद्यानिकी फसल अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक आदि के उत्पादन से जुड़े किसान अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा के लिए संबंधित किसान 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। साग-सब्जी एवं फलों की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है।

**कार्यालय अधीक्षक, दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

मोबाईल नंबर - 9009331687, ई-मेल - blindschool498@gmail.com

कमांक/दृ.श्र.बा.वि./स्था/2024-25/41 कांकेर दिनांक 09/07/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

समाज कल्याण विभाग, द्वारा संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय/छात्रावास (50 सीटर) हेतु शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए कच्चा खाद्य/राशन सामाग्री आपूर्ति हेतु (अनुमानित 5-6 लाख तक) किये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक फर्म कोटेशन की नियम एवं शर्तें तथा सामाग्रियों की सूची अधीक्षक, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय/छात्रावास कोदाभाट कांकेर में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय/दिवस में प्राप्त कर सकते है। पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त निविदाएं ही स्वीकार की जावेगी।

**महत्वपूर्ण तिथियांः-**
1. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि- 26.07.2024 (सायं 3 बजे तक)
2. निविदा खोले जाने की तिथि- 26.07.2024 (प्रातः 4 बजे)

अधीक्षक
दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

G-242501024/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा शीतला मंदिर के पास सिंघौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

E-mail Id- eeres.bemetara@gmail.com Phone No. 07824222332

क्र./2500/का.अभि/ब्लेलि/ग्रा.यां.सेवा/2024-25 बेमेतरा, दिनांक 08/07/2024

**// संक्षिप्त मैनुअल (जोनल) निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 01 //**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बेमेतरा में विभिन्न योजनाओं के तहत् लघु कार्य/जीर्णोद्धार कार्य भाग-01 से 03 एवं उपसंभाग नवागढ़ हेतु भाग-01 से 03, उपसंभाग बेरला हेतु भाग-01 से भाग-03 एवं उपसंभाग साजा हेतु भाग-01 से भाग-03 तक, अनुमानित लागत प्रत्येक भाग 20.00 लाख रूपये का जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in में दिनांक 09.07.2024 से देखी/डाउनलोड की जा सकती है एवं निविदा प्राप्ती की अंतिम तिथि 23.07.2024 तथा निविदायें दिनांक 25.07.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जावेगी।

(महाजन बांधड़े)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बेमेतरा
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

G-242500990/5

# न्योता भोज पर सांसद और कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर किया विद्यार्थियों के साथ भोजन

## केन्द्र व राज्य सरकार सभी को उत्कृष्ट एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित : नाग





पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार तथा विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है। भोजराज् नाग गुरुवार को शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर भोजराज् नाग ने कहा कि शिक्षा एवं ज्ञानार्जन मनुष्य के लिए अनिवार्य एवं सर्व प्रमुख आवश्यकता है। इसकी महत्ता एवं उपयोगिता को समझते हुए केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को सस्ता, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। समारोह में नाग ने भारत की गौरवशाली प्राचीन शिक्षा पद्धति पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ जमीन में बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जनपद उपाध्यक्ष पोषण लाल बनपेला, अनिल लोढ़ा, जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, लाल निमेंद्र शाह टेकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**सांसद ने की प्रवेशोत्सव के आयोजन की सराहना**

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग ने शिक्षा के अर्थ एवं उद्देश्य के संबंध में भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक योग्यता हासिल करना एवं ज्ञानार्जन करना ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान के माध्यम से सही और गलत, नीति और अनीति की पहचान कर हमारे मूल्यों एवं आदर्शों को भी आत्मसात करना चाहिए। भोजराज नाग ने व्यक्ति के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ-साथ संस्कार को भी अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने देश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन ज्ञान, विज्ञान एवं शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में बार-बार विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण के उपरांत भी हमारे गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत एवं मूल्य आज भी अक्षुण्ण है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी। सांसद नाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप पर्यावरण एवं प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में आम जनता से अनिवार्य सहभागिता निभाने की अपील भी की। इस अवसर पर सांसद ने बालोद जिले में भव्य एवं गरिमामय शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की।

**शिक्षक राष्ट्र निर्माता- पवन**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जन प्रतिनिधि पवन साहू ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है कि आयोजित जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्य म में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत अभिनंदन कर उन्हें शाला में प्रवेश दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि समाज का कोई भी बच्चा शाला में प्रवेश होने से तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा अर्जित करने से वंचित न रहे। इस शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन एवं संस्कार का भी बीजारोपण करने का पूनीत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों के कार्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक हमारे राष्ट्र के निर्माता होते हैं, जो विद्यार्थी रूपी गीली मिट्टी को सुंदर आकार में ढालते हैं।

**पालक बालक सम्मेलन का किया जाएगा आयोजन**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आज आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह में यह विशेष उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सरकार सभी बच्चों को अनिवार्य एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पालकों को अनिवार्य रूप से अपने बच्चों को शाला में प्रवेश कराने की अपील की। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रत्येक शालाओं में तीन-तीन माह के अंतराल में पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने अतिथियों को कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया।

**छात्राओं को किया गया साइकिल प्रदान**

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने शासन द्वारा सभी को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने हेतु चलाए जा रहे योजनाओं तथा शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। समारोह में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। समारोह में अतिथियों के द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा 9वीं कक्षा के छात्राओं को सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकल भी प्रदान किया गया। कार्य म में एसडीएम शिवनाथ बघेल, पंचायत विभाग के उपसंचालक आकाश सोनी, जनपद पंचायत सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्नेहिल मालू ने सी ए इंटर में प्राप्त किए 70.50 प्रतिशत मार्क्स




रायपुर। स्नेहिल मालू ने सी ए इंटर का बोथ ग्रुप पहले प्रयास में सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त करते हुए क्लियर किया । रायपुर में उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । स्नेहिल मालू ने सी ए फाउंडेशन की परीक्षा 80प्रतिशत मार्क्स के साथ रायपुर में प्रथम स्थान के साथ क्लियर किया था । स्नेहिल मालू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा एवं पापा से मिले प्रेरणा , फोकस्ड एंड नियमित स्टडी एवं रिवीजन को दिया । उन्होंने बताया कि उनके मालू परिवार में अभी तक 8 सी ए है और अभी 4 बच्चे सी ए कर रहे है । स्नेहिल ने बताया कि उन्होंने रिवीजन से एवं टेस्ट सीरीज के माध्यम से निरंतर अभ्यास किया । स्नेहिल मालू सी ए विजय मालू के सुपुत्र है एवं उनकी माताजी प्रतिमा मालू ग्रहणी है।

## सुयश गुलेच्छा सी ए बने



रायपुर । सुयश गुलेच्छा ने सी ए फाइनल के बोथ ग्रुप में एक साथ सफलता प्राप्त करके जून 2024 में 23 वर्ष की उम्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि प्राप्त की है । सुयश ने उसकी सफलता का श्रेय अपनी सेल्फ डिसिप्लिन्ड लाइफस्टाइल जिसमें सुबह नियमित 4 बजे उठकर सिस्टेमेटिक stud4 एवं जैन पद्धति के अनुरूप दिनचर्या एवं अपने पापा - मम्मी से मिले प्रेरणा एवं सोशल मीडिया से दूरी को दिया। सुयश ने बताया कि planned study एवं ICAI mock टेस्ट सीरीज के माध्यम से निरंतर अभ्यास किया। सुयश गुलेच्छा C संजय गुलेच्छा के पुत्र हैं और उन्हीं की फर्म में आर्टिकलशिप की ट्रेनिंग ली है। उनकी माताजी शीतल गुलेच्छा बुटीक owner है ।

# पर्याप्त बारिश का किसानों को है इंतजार



## रोपाई का कार्य अटका

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के अधिकांश डबरी व तालाब आषाढ़ मास बीतने को है लेकिन अभी तालाब व डबरी भी खाली है । खेत -खलिहान में जानवरों को पीने के लिए पानी भी नहीं मिल रहा है। आषाढ़ मास में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण गर्मी में जो बोर सूख गये थे वो अभी भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण किसान सबर्मीबल पंप होने के बाद भी रोपाई का कार्य प्रारम्भ नहीं कर पा रहे है। सभी पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि बारिश की पानी और बोर पंप के पानी से रोपाई कार्य करने में सुविधा हो लेकिन दिन और रात में भी आसमान में बादल नहीं होने से किसानों को अब अकाल की साया नजर आने लगी है। नगर सहित अंचल के गांवों में हल्की बरसात के अलावा व्यापक वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। रुक रुक कर वर्षा नहीं होने के कारण खेतों में बोर होने के बाद भी किसान खेतों में धान के नर्सरी का रोपाई कार्य नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि जमीन सूखा होने के कारण पानी खेतों में सूख जा रहा है और खेत को रोपाई के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। अभी तक सिर्फहल्की वर्षा हुई है ज्यादा वर्षा नहीं होने के कारण नाले व खेतों में पानी ही नहीं है। साथ ही बोर पंप भी रिचार्ज नही हुआ है। वहीं गांव के डबरी व तालाब भी वर्षा नहीं होने के कारण अभी तक गर्मी की स्थिति जैसी सूखा ही है। इसी प्रकार कुछ दिनों तक वर्षा नहीं हुआ तो किसानों पर अकाल की साया मंडरा रहा है। किसानों के बुआई वाले धान पीले पड़ने व रोपाई नहीं कर पाने पर थरहा के धान बढ़ जाने से किसानों को वर्षा होने की स्थिति में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित

मानसून के बाद उपजे हालात से कृषक वर्ग चिता में डूब गए हैं। वहीं आमजन भी गर्मी से बेहाल हैं। बंगाल की खाड़ी में इस माह के शुरूआत में बने सिस्टम के बाद अब तक कोई मजबूत सिस्टम तैयार नहीं हुआ है, यही वजह है कि प्रदेश में बारिश पूरी तरह से ठप्प हो चुकी है। राज्य में इस समय बारिश न होने से जुलाई का माह अप्रैल मई जैसा तपना शुरू हो गया है। वहीं अभी निकट भविष्य में भी झमाझम बारिश की उम्मीद काफी कम है। बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत सिस्टम तैयार न होने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है। बारिश के लिए मजबूत सिस्टम तैयार नहीं होने के कारण क्षेत्र में व्यापक वर्षा नहीं हो रही है जिसके चलते नगर सहित आसपास के गांवों में बारिश की गतिविधियों पर वर्तमान में पूरी तरह से विराम लग चुका है। इस समय सूखे के हालात निर्मित हो गाए है। अधिकतर जीवन दायिनी नदियों का जलस्तर जस का तस बना हुआ है। वहीं तालाबों व बांधों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। बारिश न होने से जहां बांधों का जलस्तर कम बना हुआ है तो वहीं तालाबों के जलस्तर में भी कोई बदलाव नहीं आया है। आलम यह है कि बांधों के बचे हुए पानी से ही पेयजल आपूर्ति चल रही है। यदि इस माह झमाझम बारिश नहीं हुई तो निश्चित रूप से आने वाले माह से पेयजल के लिए फिर से संकट खड़ा हो जाएगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर की संभावनाओं पर सेमिनार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर की संभावनाओं पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार की शुरुआत पारंपरिक तरीके से देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. प्रदीप सिंह थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) सेल के निदेशक डॉ. आर उदयकुमार विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट कंप्यूटर डेस्टिनेशन के निदेशक नरेंद्र देवांगन, प्रशिक्षक सुशालू सिन्हा और भुनेश्वरी साहू और कलिंगा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान और आईटी विभाग के प्रमुख ओमप्रकाश देवांगन भी मौजूद थे। अपने वक्तव्य में डॉ. प्रदीप सिंह ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य, चुनौतियों और अवसरों सहित इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिल्मों में स्टंट, सेल्फ-ड्राइविंग कारें और अन्य मौजूदा तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ही नतीजा है। उन्होंने अन्य विषयों के अलावा एआई, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, जेनेरेटिव एआई, मशीन लर्निंग एल्गोरिदम, एल्गोरिदम की शक्ति, पारंपरिक मशीन लर्निंग और प्रॉम्प्ट-आधारित मशीन लर्निंग पर भी चर्चा की। डॉ. सिंह के भाषण से एआई के भविष्य के बारे में जानने के लिए छात्र उत्साहित थे। डॉ. उदयकुमार ने AI&ML पर विस्तार से एक प्रेजेंटेशन भी दिया। उन्होंने छात्रों को IIOT लैब, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, टेक्नोविज ऑटोमेशन और इंटेलिजेंस और AI के बीच अंतर के बारे में जानकारी दी। डॉ. उदय ने यह भी बताया कि मशीन लर्निंग कैसे काम करती है। ओम प्रकाश देवांगन ने ड्रोन तकनीक पर लाइव प्रदर्शन किया।

## भू-विस्थापित परिवार ने भूमि स्वामी के खाते पर आपत्ति जताई

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

वर्ष 1974-75 में गंगरेल बांध का निर्माण हुआ था, जिसमें धमतरी,बालोद, कांकेर, दुर्ग जिले के 52 गांवों के लोग गंगरेल बांध के डूब प्रभावित होकर विस्थापित हो जाने के बाद डूब प्रभावित भूमी स्वामी विस्थापित हो जाने हो बाद राज्य शासन द्वारा डूब प्रभावितों के हितों व पुर्नवास के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई। गंगरेल बांध के डूबं प्रभावितों के हितों की रक्षा व उन्हें न्याय दिलाने हेतु जन संघर्ष समिति, गंगरेल बांध डूब प्रभावित समिति के माध्यम से शासन प्रशासन विगत 40-50 वर्षो से अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से संघर्ष जारी रखा है। इसी दौरान तत्कालीन कलेक्टर रायपुर की अजीत जोगी ने ग्राम सलोनी के पास के चट्टानी व जंगल की भूमि को जोगीडीही का नामकरण कर विस्थापित परिवारो के कि पुर्नवास के लिए आरक्षित रखा है। उसी आरक्षित भूमि पर दबंग व राजनैतिक पहुंच रखने वाले कुछ व्यक्तियो ने आपने व अपने परिवार के नाम से भूमि का आबंटन करवा लिये है। परन्तु कुछ डूब विस्थापित परिवार जिसमें शिरोमणी घोरपडे, सोनाबाई पति राममकृष्ण राव, वामनराव, चिमलाजी राव, महेरा वोलकरावए, गणेश थोक्कराव, अंजनाबाई, हीरासिंग राव , मोहित देवांगत व अन्य विस्थापित परिवारों के द्वारा ग्राम जोगीडीह की आरक्षित भूमि का खसरा नम्बर 190, 191, 192,193, 261, 188, 189, 186, 187, 184, 185,199, 195 ,65 व 66 के भूमि का आबंटन किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी पीठासीन अधिकारी युगल किशोर के न्यायालय में पेश किया गया था जो कि लगभग 14-15 वर्ष हो गया है। उक्त भूमि आबंटन संबंधी फाईल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया तथा उक्त भूमि आबंटन संबधी आवेदन के बारे में राजस्व अधिकारी व कर्मचारी को पुछने पर संतुष्टि पूर्वक जवाब नही देते है।

## मुख्यमंत्री साय के सुशासन में परंपरागत मछुआरों को बोनस राशि वितरण

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस के उपलक्ष में मछली पालन विभाग छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ मत्स्य महासंघ के संयुक्त प्रयास से एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन मछली पालन विभाग प्रशिक्षण कार्यालय तेलीबांधा रायपुर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा चंपालाल हिरवानी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मछुआरा प्रकोष्ठ भाजपा एवं एन एस नाग डायरेक्टर मछली पालन विभाग रीजनल डायरेक्टर एनसीडीसी कौशीक प्रदीप केवट ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उक्त के कृषक सगोष्ठी में लगभग 200 उत्कृष्ट कृषक पंजीकृत सहकारी सोसाइटियों के सदस्य पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित हुए कृष्णा चंपालाल हिरवानी ने कहा कि हम सभी परंपरागत मछुआरों को शासन के सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की जरूरत है देश की यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने मछुआरों के शैक्षणिक आर्थिक उन्नति हेतु प्रधानमंत्री संपदा योजना लागू किया और पृथक से मछली पालन मंत्रालय बनाए ताकि योजनाओं का क्रियावन सही ढंग से हो सके वह मछुआरों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में वा मोदी जी के गारंटी को पूरा करते हुए गहरे पानी जलाशयों में अपने जान जोखिम में डालकर मछली मारने वाले परंपरागत मत्स्य कृषकों को लाखों रुपए का बोनस वितरण चेक के माध्यम से किया गया ताकि उनके परिवार की हालत सभी प्रकार से सुदृढ़ हो सके वह संबल बन सके।संचालक मछली पालन एनएस नाग ने अपने उद्बोधन में कहां की प्रधानमंत्री संपदा योजना की समस्त योजनाएं आपके लिए हैं आप इसका अधिक से अधिक लाभ लेवे और किसी भी प्रकार की कहीं भी समस्या आती है तो वह जिला में और अगर जिला में वह समस्या का निदान नहीं होता है तो वह मुझे प्रत्यक्ष मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं जिसका निराकरण अति शीघ्र किया जाएगा उक्त उद्बोधन के क्रम में एनसीडीसी के रीजनल डायरेक्टर कौशिक जी ने आए हुए समस्त पंजीकृत मत्स्य सहकारी सोसाइटियों को बताया कि आप दिल्ली गुड़गांव में निशुल्क मछली पालन एवं मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं और 50 लख रुपए व्यापार करने के लिए राशि ले सकते हैं और सहकारिता की विषय में बारिकी से सभी मत्स्य कृषकों को जानकारी दिया तत्पश्चा उक्त बोनस वितरण वर्ष 2022-23 के 27 मछुआरों को 593441६ रुपया वितरण किया गया।

## अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध: गोपाल विट्टल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है । ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं। इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, हम आपके लिए और भी फायदे लेकर आए हैं। अब आपके वाई-फाई प्लान में ही टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। एयरटेल वाई-फाई के साथ आपको 22 से ज्यादा OTT प्लेटफॉर्म और 350 से ज्यादा टीवी चैनल मिलेंगे। इसके अलावा, आपके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए, अब जब भी आप कोई नई एयरटेल सर्विस लेंगे - मोबाइल, कंटेंट या वाई-फाई, तो हम आपको आपके बेसिक प्लान पर अतिरिक्त फायदे देंगे। अगर आप नया एयरटेल वाई-फाई कनेक्शन लेना चाहते हैं, तो बस य ह । httpswww.airtel.in/blog/wifi/unlimited-entertainment-with-airtel-wi-fi/ हमेशा की तरह, आपके सुझावों और फीडबैक का स्वागत है ताकि हम अपनी सर्विस को आपकी जरूरतों के और भी ज्यादा अनुकूल बना सकें।

## सैमसंग ने नये फोल्डेबल फोन गैलेक्सी फोल्ड-6 और फ्लिप-6 को लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग ने पेरिस में गैलेक्सी अनपैक्ड कार्यक्रम में गैलेक्सी बड्स3 और गैलेक्सी बड्स3 प्रो के साथ अपने बिल्कुल नए गैलेक्सी फोल्ड6 और गैलेक्सी फ्लिप6 को लॉन्च किया है। नई गैलेक्सी सीरीज की शुरुआत के साथ, सैमसंग गैलेक्सी एआई के नए अध्याय को सामने ला रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव देने के लिए डिजाइन किए गए सबसे बेहतरीन और मजबूत फॉर्म फैक्टर का लाभ उठाया जाएगा। गैलेक्सी एआई कम्युनिकेशन, प्रॉडक्टिविटी और क्रिएटिविटी के एक नए युग को गति देने के लिए मजबूत, इंटेलिजेंट और टिकाऊ फोल्डेबल अनुभव को साथ लाता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरिएंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और हेड टीएम रो ने कहा, ÷इनोवेशन के लंबे इतिहास ने सैमसंग को मोबाइल क्षेत्र में नेतृत्व करने, फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर बनाने और मोबाइल एआई युग की शुरुआत करने में सक्षम बनाया है। अब, हम इन दो टेक्नोलॉजीज को एक साथ लाने और दुनिया भर के यूजर्स के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खोलने जा रहे हैं। हमारे फोल्डेबलस प्रॉडक्ट्स प्रत्येक यूजर्स की उसकी अनूठी जरूरतों को पूरा करते हैं और अब यह गैलेक्सी एआई की शक्ति के साथ अनूठा अनुभव देने जा रहा है।


**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/1151/वा.-1/अविअ./2024 महासमुंद, दिनांक 10/07/2024
ग्राम-महासमुन्द प.ह.न. 42

जितेन्द्र चन्द्राकर पिता प्रेमलाल चन्द्राकर,
प्रमोद चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी
निवासी ग्राम महासमुन्द
तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) ............. आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग.शासन ............. अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुन्द प.ह.न.-42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जितेन्द्र चन्द्राकर पिता प्रेमलाल चन्द्राकर, प्रमोद चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1532/377 रकबा 0.0170 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(महासमुन्द)

**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/1153/वा.-1/अविअ./2024 महासमुंद, दिनांक 10/07/2024
ग्राम-महासमुन्द प.ह.न. 42

प्रमोद चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी
निवासी-ग्राम महासमुन्द
तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) ............. आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग.शासन ............. अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुन्द प.ह.न.-42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रमोद चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1904/16 रकबा 0.0111 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(महासमुन्द)

**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/1150/वा.-1/अविअ./2024 महासमुंद, दिनांक 10/07/2024
ग्राम-महासमुन्द प.ह.न. 42

प्रकाश चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी
निवासी-ग्राम महासमुन्द
तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) ............. आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग.शासन ............. अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुन्द प.ह.न.-42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रकाश चन्द्राकर पिता तारेन्द्र चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1904/14 रकबा 0.0167 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(महासमुन्द)

**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/1152/वा.-1/अविअ./2024 महासमुंद, दिनांक 10/07/2024
ग्राम-महासमुन्द प.ह.न. 42

जितेन्द्र चन्द्राकर पिता प्रेमलाल चन्द्राकर, जाति कुर्मी
निवासी-ग्राम महासमुन्द
तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) ............. आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग.शासन ............. अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुन्द प.ह.न.-42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जितेन्द्र चन्द्राकर पिता प्रेमलाल चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1904/13 रकबा 0.0111 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(महासमुन्द)

**कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**
कार्यालय :- 07856-252360, कार्यालय :- 252360, निवास :- 252350, ई-मेल पता :- ddadante.cg@nic.in

**// खुली निविदा //**

क्रमांक/टी-4/डीएमएफ/2024//1224 दन्तेवाड़ा, दिनांक 9/07/2024

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) अन्तर्गत खुली निविदा पत्र निम्नानुसार विवरण अनुरूप आमंत्रित की जाती है:-
(1) नियम एवं शर्तें तथा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 24/07/2024
(2) प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 08/08/2024 अपरान्ह 3.00 बजे।
(3) आवेदन खोलने की तिथि - 12/08/2024 अपरान्ह 3.00 बजे।

| स. | कार्य का नाम | कृषक संख्या | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नलकूप खनन व सबमर्सिबल पंप स्थापना कार्य | 88 | 210.624 | 3000 | 2.10624 |

अतः इच्छुक खननकर्त्ता व संस्था जोकि कृषि विभाग में जिले हेतु पंजीकृत वैध नलकूप खनन एवं सबमर्सिबल पंप स्थापना कर्त्ताओं का छ.ग. शासन द्वारा पंजीकृत हो, निर्धारित नियम एवं शर्तों की पात्रता रखते हो, उसे निर्धारित प्रपत्र में निश्चित तिथि तक रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विस्तृत विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उप संचालक कृषि,
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

G-242500996/4

# अहंकार की लड़ाई में पिस रहा शहर : महापौर-आयुक्त की लड़ाई जग-जाहिर, इसका खामियाजा शहर को भुगतना पड़ रहा

## आयुक्त स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के निर्देश दे रहे और इधर उनके फैसले से शहर की सफाई पर बट्टा लग गया है

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वच्छा सर्वेक्षण-2023 में पिछड़ने वाले राजनांदगांव शहर के हालात बदतर हैं। शहर की बदहाली की जिम्मेदारी लेने निगम प्रशासन के अफसर और निगम का कोई नेता कोई सामने नहीं आ रहा है। इस बीच पूर्व महापौर से लेकर आम नागरिक तक इस अव्यवस्था को ईगो की लड़ाई बता रहे हैं। पूर्व महापौर नरेश डाकलिया कहते हैं, अधिकारियों को किसी एक के प्रभाव में नहीं आना चाहिए। जनहित के फैसलों में अपने ईगो को थोपकर वे शहर की जनता से अन्याय कर रहे हैं, उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

पूर्व महापौर का ये बयान सारी परिस्थितियों को स्पष्ट करने काफी है। बीते सालों में आयुक्त अभिषेक गुप्ता और महापौर हेमा देशमुख का आपसी सामंजस्य अब बैर में बदल चुका है। प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद आयुक्त निरंकुश हो गए हैं। वे अपने अहंकार के सामने शहर को गर्त में धकेलने वाले फैसले लेने से भी नहीं चूक रहे हैं। अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कई फैसले लिए हैं। वे सफाई ठेकों को एक महीने का एक्सटेंशन देने को लेकर भी ऐसा कर सकते थे। लेकिन महापौर और आयुक्त के बीच छिड़ी रार ने ऐसा नहीं होने दिया। आयुक्त ने एक्सटेंशन देने के बजाए अपने कर्मियों से सफाई का दावा ठोक दिया। इस फैसले से 300 सफाई कर्मी बेरोजगार हो गए। शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई। सवाल उठने लगे कि, अगर शहर बगैर सफाई ठेके के चल सकता है तो आखिर क्यूं सफाई ठेकों की जरुरत पड़ रही है। इधर, निगम कमिश्नर स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के लिए निर्देश दे रहे हैं तो दूसरी ओर शहर में सफाई पर ही सिर फुटव्वल चल रहा है। जुलाई माह के 11 दिन बीत जाने के बाद भी सफाई व्यवस्था के समुचित निदान का कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। दोनों ही दल सफाई ठेकों को लेकर अलग-अलग बैठकें जरुर कर रहे हैं। इस पूरे मामले में निगम कमिश्नर अभिषेक गुप्ता की भूमिका भी है। उन्होंने एक्सटेंशन का विकल्प न चुनकर अपनी जिद पर शहर को गॉरबेज डंप में तब्दील कर दिया है।


निगम में गली-गली, नाला-नाली तक भ्रष्टाचार
निगम में सफाई के धंधे में सबके हाथ गंदे... 409 की कलेक्टर दर, प्लेसमेंट का टेंडर 490 में, मजदूरों को मिल रहे 250, रोज 30 हजार अंदर, सप्लायर की आड़ में लाखों का भ्रष्टाचार
10-15 साल से काम कर रहे, पहले 4 हजार मिलते थे अब साढ़े छह हजार

पायनियर लगातार


आयुक्त बताएं सफाई का सच.... व्यवस्था चरमरा चुकी, दो सौ मजदूर बेरोजगार, महिलाओं को काम पर नहीं लिया जा रहा और चेयरमेन को कोई खबर नहीं
आयुक्त के फैसलों ने निगम में भ्रष्टाचार के रास्ते खोले, सारी व्यवस्था की नींव हिला दी, जनप्रतिनिधियों का पॉवर छीना



### अधिकारी बदल जाएंगे.. नेता सोचें



पूर्व महापौर नरेश डाकलिया इस अव्यवस्था की जड़ अहंकार की लड़ाई को बताते हैं। वे कहते हैं, निगम में ईगो की लड़ाई देखने को मिल रही है। सफाई के मामले में ठेकों को एक्सटेंशन दिया जा सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अपना ईगो दिखाने के फे र में जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। अधिकारियों को किसी के प्रभाव में आने की बजाए शहर की भलाई के लिए काम करना चाहिए लेकिन यहां तो शहर को ही इस लड़ाई में झोंक दिया गया है। महापौर और नेता प्रतिपक्ष के पास नहीं बल्कि आयुक्त के पास अथॉरिटी होती है। जो अव्यवस्था दिख रही है वह उचित नहीं है। निगम में जनहित के लिए काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुटिय राजनीति हावी न हो, अधिकारी बदल जाएंगे लेकिन नेताओं को यही रहना है।

### जनता से किसी को सरोकार ही नहीं



पूर्व महापौर अजीत जैन भी इस विपरित परिस्थिति के लिए ईगो इश्यू को ही जिम्मेदार बताते हैं। वे कहते हैं कि, जनता से किसी को सरोकार ही नहीं रह गया है। निगम में जो नूरा कुश्ती चल रही है वह सभी को दखिाई दे रही है और समझ भी आ रही है। जन स्वास्थ्य और सफाई की व्यवस्था प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन यहां कुछ और ही चल रहा है। इसमें सब शामिल हैं। आज तक राजनांदगांव ने ऐसी समस्या नहीं देखी थी। लेकिन इस बार जो कुछ हुआ है वह बहुत गलत है।

### मधु नहीं बोले, नेता प्रतिपक्ष ने कहा ये मेयर-कमिश्नर की लड़ाई



पूर्व महापौर मधुसूदन यादव कहते हैं कि, मैंने इस विषय पर कुछ विशेष ध्यान नहीं दिया है। जबकि निगम में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु कहते हैं कि, हो यह रहा है आयक्त और महापौर की आपसी लड़ाई शहर पर समस्याओं का पहाड़ बनकर टूट पड़ी है। इन्हें बैठकर अपनी समस्याएं सुलझानी चाहिए ताकि शहरवासियों को न भोगना पड़े। उन्होंने कहा कि, जो हालात बन गए हैं उन्हें जल्द से जल्द सुधारने की जरुरत है।

### फैसले में देरी न हो : मोनू बहादुर



निगम की लचर व्यवस्था को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि, 10 दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है। इस स्थिति के लिए महापौर और एमआईसी भी जिम्मेदार है। 30 जून को सफाई ठेका खत्म होने के चलते 300 सफाई मजदूरों को काम से हटा दिया गया है। शहर में गंदगी बढ़ती जा रही है जिससे नागरिक परेशान हो रहे हैं। मोनू बहादुर ने कहा कि, इन सारी अव्यवस्थाओं से बचा जा सकता था। ऐसा तब नहीं होता जब महापौर परिषद समय पर फैसला लेती, समय पर उनकी बैठक होती.. एमआईसी को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए थी। उन्होंने बैठक पूरे जून माह तक टालीं। इस महत्वपूर्ण काम में लेटलतीफी की गई। उस पर इस मामले में ये पहलू निकलकर सामने आना कि महापौर के निज सचिव ने एमआईसी के संकल्पपत्र से छेड़छाड़ की ये और भी संगीन है। इस मामले की शीघ्र जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब यह विषय सिर्फ सफाई मजदूरों के रोजगार का ही नहीं बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था का भी है। निगम प्रशासन इसमें उचित निर्णय लेते हुए आगे बढ़े और जल्द से जल्द इसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करे। जिनके चलते यह स्थितियां बन रहीं हैं उन्हें जनसेवा के धर्म का ख्याल रखना चाहिए। आज शहर की डेढ़ लाख की आबादी निगम में अंतर्द्वंद्व, अकर्मण्यता का परिणाम भोग रही है जो कि कतई स्वीकार्य नहीं है।

## यूनिवर्सिटी में 3 स्वर्ण पदक से नवाजे गए नवदीप



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के होनहार विद्यार्थी खुज्जी निवासी नवदीप देवांगन पिता सुंदरलाल देवांगन राजधानी में 3 स्वर्ण पदक से नवाजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि छात्र नवदीप ने पंडित सुंदरलाल यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा संचालित एम ए स्नातकोत्तर संस्कृत की परीक्षा में यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नवदीप को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू के अलावा यूनिवर्सिटी के कुलपति वंश गोपाल सिंह के उपस्थिति में तीन स्वर्ण पदक से नवाजा गया है। नवदीप देवांगन को तीन स्वर्ण पदक से सम्मानित होने के बाद डोंगरगांव क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है।

## नगर पालिका में दो पर्यवेक्षक भेजेगी भाजपा

राजनांदगांव। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ में हो रहे विवाद को लेकर जिला भाजपा ने इस मुद्दे को संगठनात्मक संज्ञान में लिया है और इसके निराकरण के लिये पार्टी ने दो पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जो इस विवाद से संबंधित सारे पहलुओं की जानकारी लेकर उसका निराकरण करेंगें। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने इस विषय के निपटारे के लिये प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है तथा इसकी सूचना संबंधित लोगो को देकर पार्टी फोरम के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया है।

## विनोद चौबे और 29 जवानों को देंगे श्रद्धांजलि पुलिस लाइन में रक्तदान-वृक्षारोपण का कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अविभाजित राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा-कोरकोट्टी नक्सल हमले की शुक्रवार को 15वीं बरसी है। 12 जुलाई 2009 को नक्सलियों के एंबुश में तत्कालीन एसपी स्व. विनोद चौबे समेत 29 जवान शहीद हो गए थे। इस विभत्स नक्सली घटना से पूरा देश स्तब्ध हो गया था। हर साल शहीदों की याद में स्थानीय पुलिस लाईन में श्रद्धांजलि देने के लिए सामाजिक, राजनीतिक और पुलिस महकमे के अफसर और जवान मौजूद रहते हैं। कल शहादत की घटना को नमन करने के अलावा पुलिस लाईन में विविध आयोजन होंगे। जिसमें प्रमुख रूप से वृक्षारोपण, रक्तदान समेत शहीदों के परिजनों से शीर्ष अफसरों की आपसी भेंट होगी। आज सुबह 9 बजे स्व. चौबे समेत 29 जवानों की तस्वीरों में फूल अर्पित किए जाएंगे। शहर के ठा. प्यारेलाल चौक स्थित स्व . विनोद चौबे की प्रतिमा में भी पुष्प अर्पित किए जाएंगे। पुलिस महकमे की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम की पूरी हो गई है। विभाग की ओर से राजनीतिक दलों के अलावा सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। आईजी दीपक झा और एसपी मोहित गर्ग कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## एसएसयूआई ने निकाली मशाल रैली



राजनांदगांव। पेपर लीक के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराते हुए एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। गुरुवार की देर शाम एनएसयूआई नेताओं-कार्यकताओं ने मशाल के साथ मार्च किया। उन्होंने आरोप लगाया कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं के भविष्य पर गहरा आघात किया है। इस तरह चयन परीक्षाओं में धांधली देश में आज से पहले कभी नहीं हुई।

## मुहर्रम 17 को शुष्क दिवस घोषित

खैरागढ़। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने मुहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में जिले में स्थित देशी मदिरा दुकान सी. एस. 2 ( घघ), देशी मदिरा दुकान अहाता सी.एस.2 (ग- अहाता, विदेशी मदिरा दुकान एफ. एल. 1 ( घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1(ख- अहाता ), देशी मदिरा दुकान सी. एस. -2 (घघ-कम्पोजिट) मुढ़ीपार, साल्हेवारा एवं देशी मदिरा दुकान सी. एस. -2 (ग- कम्पोजिट अहाता) मुढ़ीपार, साल्हेवारा में 17 जुलाई 2024 को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने हेतु 'शुष्क अवधि' घोषित किया है। उपरोक्त घोषित शुष्क दिवसों में उक्त क्षेत्रों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## वन विभाग ने गांव गांव जाकर स्कूलों में किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन से पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत हो चुकी है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल कुमार बंम्बाडे की अगुवाई में वन परिक्षेत्र बागनदी के अंतर्गत नगर पंचायत छुरिया के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मिडियम स्कूल , प्राथमिक शाला घोघरे, प्राथमिक शाला एटमेटा, प्राथमिक शाला कुमर्रा छुरिया, गैदाटोला,जोब, सहित विभिन्न गांवों के स्कूलों में पौधरोपण किया गया। बोइरडीह, शिकारी महका, तेंदुटोला, घुपसाल, दिवानटोला, कल्लूटोला आदि गांवों में वाहन से घुमघुमकर निशुल्क पौधा वितरण किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी बम्बाडे ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि इस अभियान में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर छुरिया नगर के साथ साथ छत्तीसगढ़ महतारी की गोद को हरा भरा बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आप अपने घर, आंगन, खेत, बाड़ी, एवं प्लाट में पौधरोपण करें। बम्बाडे ने छुरिया नगर के साथ साथ क्षेत्र वासियों से कहा कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सिर्फ पौधारोपण ही नहीं किया जा रहा है बल्कि रोपे गए पौधों के साथ साथ वनों को बचाने में भी गंभीरता से काम कर रहे हैं। बम्बाडे ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मिडियम स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं एवं नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वनों की सुरक्षा में लगे अधिकारी कर्मचारियों को सहयोग करें एवं अवैध कटाई बंद कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाएं।

## इलेक्ट्रॉनिक्स सामान चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से 3 किमी दूर स्थित ग्राम आरी कोनारी में 24 जून रात्रि चोरी मामले पुलिस 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से निशानदेही पर चोरी के इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किए गए हैं। मामले मे आरोपियों को धारा 457, 380, 34 , 411 भादवि के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।



पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक प्रार्थी भरत शर्मा पिता दिनेश शर्मा, 26 वर्ष, निवासी ग्राम आरी, थाना डोंगरगांव ने आरी कोनारी मे शीतला मंदिर के पास राकेश देवांगन के कॉम्लेक्स मे किराये पर संचालित गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग सेंटर में चोरी हो जाने की 25 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी की माने तो 25 जून को सुबह 07 बजे राकेश देंवागन के द्वारा फोन से गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग दुकान का एक ताला टुटे होने व शटर खुले होने की जानकारी दी। तब वे कुछ ग्रामीणों के साथ दुकान पहुंचे। दुकान मे रखे इलेक्ट्रीकल सामान बिखरे हुए थे। सामान कम दिखने पर चोरी का अंदाजा हुआ। प्रार्थी द्वारा उक्ताशय की रिपोर्ट पर जिला पुलिस के मार्गदर्शन में टीआई उपेन्द्र शाह के नेतृत्व के पुलिस ने विवेचना शुरू की। तब मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम तिलईरवार निवासी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी के द्वारा इलेक्ट्रानिक सामान को फक्कीटोला के किसी व्यक्ति के पास बिक्री किया है। सुचना पर हमराह स्टॉफ ग्राम तिलईरवार पहुंच कर संदेही आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी का पतासाजी किया। खिलेंद्र ने अपने साथी सुरज कोसरे राकेश निर्मलकर एवं राकेश कुमार साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। खिलेंद्र का मौके पर मेमोरण्डम कथन लिया गया है। आरोपी ने वाहन क्रमांक सीजी 08 एआर 6420 मे चोरी किये गये ईलेक्ट्रानिक सामान को भरकर ग्राम फक्कीटोला निवासी लक्ष्मीनारायण साहू के घर मे ले जाकर बेचना बताया। तब हमराह स्टॉफ गवाहान के फक्कीटोला पहूंच कर लक्ष्मीनारायण साहू के समक्ष गवाहान के तलाशी लिया गया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को घेरते हुए नाकाम सरकार ठहराया

## भाजपा में आपसी गुटबाजी के चलते नहीं हो रहा मंत्री मंडल का विस्तार : मरकाम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को घेरते हुए नाकाम सरकार ठहराया है। उन्होंने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे है। प्रदेश में हत्याएं, डकैती, लूटपाट जैसे आपराधिक मामलों में वृद्धि हो गई है। आठ माह पुरानी साय सरकार का निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के उम्मीद पर भाजपा सरकार खरा उतरने में असफल साबित हो रही है। गुरुवार को राजनांदगांव के एक दिनी दौरे पर पहुंचे पूर्व अध्यक्ष मरकाम ने कहा कि वह कुछ कांग्रेस कार्यकताओं के परिवार में हुई शोक में सांत्वना देने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में साय सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार में हो रही देरी की वजह के पीछे भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान है।

उन्होंने इशारे में कहा कि साय सरकार का मंत्रिमंडल सबसे कमजोर है, क्योंकि नए नवेले विधायकों को मंत्री बना दिया गया, जो कि अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम हो गया। मरकाम ने कहा कि नगरीय निकायों में हो रहा परिसीमन के पीछे भाजपा सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के इरादे से कर रही है। कांग्रेस न्यायालय के शरण में जाकर परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर चुनौती देगी।




उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जैसी घटना से साय सरकार की नाकामियां सामने आई है। इससे साफ होता है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। शराब के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्व जुटाने को प्राथमिकता में रखते हुए साय सरकार ने दुकानें बढ़ाने की दिशा में प्रयास शुरू किया है। इससे साय सरकार के चाल-चरित्र का अंतर साफ जाहिर होता है।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, महापौर हेमा देशमुख, पीसीसी महामंत्री शाहिद खान, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, शारदा तिवारी, रुबी गरचा, मन्ना यादव, पंकज बाधव, मेहुल मारू, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शहर कांग्रेस महिला अध्यक्ष माया शर्मा, मनीष गौतम, हेमु सोनी, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### निधन

#### श्याम दुलारी बख्शी



छुईखदान/राजनांदगांव। अविभाजित राजनांदगांव जिले के छुईखदान निवासी श्रीमती श्याम दुलारी बख्शी का आज गुरुवार दोपहर छुईखदान स्थित उनके निवास में निधन हो गया। अपने समय के छुईखदान के प्रतिष्ठित पटवारी रहे स्वर्गीय नारायण लाल बख्शी की प ी श्याम दुलारी बख्शी 96 साल की थीं। स्वर्गीय श्याम दुलारी बख्शी खैरागढ़-छुईखदान क्षेत्र के रगरा के सरपंच रहे अनिल श्रीवास्तव, बिलासपुर के भेल के अधिकारी आलोक श्रीवास्तव, राजनांदगांव के अतुल श्रीवास्तव, बिलासपुर के रेलवे के अधिकरी आकाश श्रीवास्तव, बिलासपुर के अमित श्रीवास्तव, छुईखदान के अधिवक्त। सौरभ श्रीवास्तव और हैदराबाद के शशांक श्रीवास्तव की नानी थीं।

# बाहर से खूबसूरत अंदर से जर्जर हो रहा है जिला अस्पताल, सर पर टकप रहा शौच का गंदा पानी

## गंदा पानी से डॉक्टर और मरीज सभी हो रहें परेशान, प्रबंधन हुआ निष्क्रिय



पायनियर पड़ताल




पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले से सीएम चुने जाने के बाद से जशपुरवासियों को आस है कि जिले का अब बेहतर कायाकल्प हो जाएगा। लेकिन कमजोरियों को आवरण लगाकर छिपाने का काम किया जा रहा है। सीएम का गृह जिला होने के नाते जिला अस्पताल को संजाने-संवारने का काम जोरों पर है। साथ ही मानव संसाधन यानि डॉक्टर, नर्स और स्टाफ भी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन बद इंतजामी का शिकार हुए कुछ मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई कमियां सामने लगातार सामने आने के बाद प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है।

दरअसल पुरानी बिल्डिंग और नई बिल्डिंग को जोड़ने के लिए बनाई गई गली में ऊपर के शौचालय के सीवरेज का गंदा पानी नीचे चलने वाले डॉक्टर, नर्स और मरीजों के सिर पर गिर रहा है।

### गंदगी से परेशान

जिला अस्पताल में गुरूवार को आए मरीज रामसेवक राम और सुरेश राम ने बताया कि टायलेट भर जाने से गंदगी और बदबू से हम सभी परेशान हैं। शौचालय जाने से लेकर बिल्डिंग में चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। और सीवरेज के गंदे पानी से पूरे अस्पताल परिसर में बदबू फैल रहा है।

### बाहर रंग रोगन भीतर बदहाल

जिला अस्पताल को खूबसूरत बनाने के लिए रंग रोगन का बाहरी कार्य किया जा रहा है। लेकिन भीतर की बदहाली को दूर करने पर तत्परता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मरीजों का कहना है कि सीवरेज का गंदा पानी महीने भर लोगों के सिर पर टपक रहा है जिसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी है लेकिन इसपर सुधार कार्य समय पर नहीं कराया जा रहा है।

> सीवरेज का गंदा पानी टपकने के संबंध में जानकारी मिली है। इसके सुधार के लिए सीजीएमएससी और पीडब्लूडी के अधिकारियों से बातचीत हुई है जल्द इसका सुधार कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> -डॉ. विपीन इंदवार, सीएमएचओ व सीएस जशपुर

# कलेक्टर ने 64 यात्रियों के दल को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार की ओर से ''रामलला दर्शन योजना'' चलाई जा रही है। इस योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। कलेक्टर ने 64 यात्रियों के दल को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों में सवार ये तीर्थयात्री मुंगेली से बिलासपुर रेलवे स्टेशन जाएंगे और वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा और उन्हें पुष्पाहार पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। बस में बैठे महिला-पुरूष तीर्थ यात्री जय राम का नारा लगाते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। उत्साहित यात्रियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सरकार द्वारा की गई इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लोरमी विकासखंड के पीपरखुंटी गांव के पंडित शिवकुमार पांडे ने बताया कि शासन द्वारा शुरू किए गए रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। हम सभी इस यात्रा के लिए काफी उत्साहित है। इसी प्रकार मुंगेली विकासखंड के ग्राम केशरुवाडीह के पिल्लूराम साहू ने बताया कि सरकार की इस अनूठी पहल से हमें अयोध्या में रामलला दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने इसके लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई ने बताया कि जिले से 64 लोगों को ले जाने का लक्ष्य मिला था और जिले के सभी ब्लॉक और नगरीय क्षेत्र से सभी 64 तीर्थयात्री आज रवाना हुए। इन तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इन सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। तीर्थ यात्रा के दौरान दो कर्मचारी देखरेख के लिए लगाए गए हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय पौधा रोपण कार्यक्रम सपन्न



पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर.
www.dailypioneer.com

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बलरामपुर वन मंडल परिक्षेत्र के सेमली मोड़ अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहा ज़िले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, जिला पंचायत सीईओ रेना जमील, प्रभारी डीएफओ अशोक तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित के द्वारा कई फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है और वन विभाग इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जिले की हमारी धरती हरी-भरी बनी रहे इसके लिए प्रतिदिन सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। प्रभारी वनमण्डलाधिकारी अशोक तिवारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम का जो शुभारंभ किया गया है इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि अमूल्य पौधों को विलुप्त होने से बचाया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों सहित निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खंडहर में तब्दील होता पशु-औषधालय

## गेरवानी का पशु चिकित्सा केन्द्र हो रहा उपेक्षा का शिकार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय रायगढ़ से महज तेरह किमी. दूर ग्राम गेरवानी में स्थित पशु-औषधालय अपनी बदहाली के आँसू बहाने को मजबूर है। बरसों पुराने बने भवन का सही देख-रेख व मरम्मत नहीं होने से यह धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। प्लास्टर उखड़ने से बारिश का पानी जहाँ पूरे कमरे में टपकता है तो वहीं स्टॉफके लिए न तो बैठने के लिए कहीं जगह है और ना ही दवा रखने के लिए।

बताया जा रहा है कि बीते सालों में विभागीय अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप में कई बार अवगत कराया गया है किन्तु कोई कार्यवाही अब तक नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि गेरवानी तथा उसके आस-पास शिवपुरी, पाली, देलारी, लाखा, चिराईपानी आदि ऐसे कई गाँव हैं जहाँ ग्रामीण किसानों के घर सैकड़ों मवेशी हैं और पशुओं के उपचार आदि के लिए उनका आना-जाना हमेशा लगा रहता है। इस अवांछनीय खबर की तह तक जाकर देखें तो यह जर्जर भवन कभी भी ढह कर एक बड़े हादसे का रूप ले सकता है और जान-माल की हानि हो सकती है।

# अग्निवीर भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जमकोर में सम्पर्क कर पंजीयन कराया जा सकता है। साथ ही मोबाईल नम्बर 99772 30975 व 98278 66639 में व्हाट्सअप से जानकारी दी जा सकती है। गौरतलब है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती की लिखित परीक्षा 22 अप्रैल से 03 मई तक आयोजित किया गया था, जिसमें जिले के 08 हजार 500 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इन सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण रायगढ़ जिले में 04 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होगा।

## 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी

**मुंगेली।** विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम लिलवाकापा निवासी चंद्रप्रकाश माहिरे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम मुंगेली मती पार्वती पटेल ने मृतक की पत्नि राजेश्वरी माहिरे को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के निकटतम वैध वारिस को 25 हजार रूपए एवं गंभीर रूप से घायल होने पर अधिकतम 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है। तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के परिजन को यह राशि प्रदान

# सीमेंट फैक्टरी में जूटमिल पुलिस की रेड जुआ खेलते आधे दर्जन से अधिक जुआरी पकड़ाये



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जूटमिल पुलिस ने मंगलवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पुराना सीमेंट फैक्टरी के जुआ खेल रहे आधे दर्जन से अधिक जुआरियों को घेराबंदी करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से हजारों रूपये की नगदी रकम के अलावा ताश पत्ती बरामद करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम जूटमिल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गढउमरिया पुराना सीमेंट फैक्टरी के पास कुछ लोग ताश पत्ती से रूपये लगाकर हार जीत का दाव खेल रहे हैं। इस सूचना के बाद जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए एक गठित कर मुखबिर के बताये स्थान गढउमरिया पुराना सिमेंट फैक्टरी के पास घेराबंदी करते हुए छापामार कार्रवाई की गई जिसमें जुआ खेलते 8 आरोपी पकडाये जिनमें हिमांशु सावउम्र 24 साल, दीपक कुमार सोनी उम्र 36 वर्ष, कमल प्रसाद उम्र 25 वर्ष, कृष्णा मिश्रा उम्र 29 वर्ष, अनिल कुमार सोनी उम्र 48 वर्ष, मोह. अंसारी उम्र 51 वर्ष ,अनिल देवांगन उम्र 38 वर्ष, मोह. शहजादा 34 वर्ष को पकडा है। बहरहाल जूटमिल पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से 11 हजार 8 सौ रूपये नगद रकम के अलावा ताश पत्ती व पुराना प्लास्टिक की बोरी को जब्त कर जुआरियों को थाने लाकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में सिजेरियन डिलीवरी का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में गुरूवार को सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव की शुरूआत किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 किशोर कुमार चौहान एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार भगत के नेतृत्व में उनकी टीम एवं कुनकुरी के टीम द्वारा प्रथम सी-सेक्शन (सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव) से स्वस्थ शिशु (बालक वजन 3.1 किलोग्राम समय दोपहर 3:47 बजे) को जन्म हुआ इससे जशपुर जिले के आदिवासी पहुंच विहीन क्षेत्र के लोगों को नजदीक में ऑपरेशन से प्रसव सुविधा मिलने लगा है जिससें आम जनता को सिजेरियन प्रसव हेतु प्राइवेट अस्पताल एवं जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं सिजेरियन ओ.टी. की व्यवस्था, प्रशिक्षित मावन संसाधन, जिला चिकित्सालय से स्त्रीरोग विशेषज्ञ, एनेस्थेसिया विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे तथा ब्लड स्टोरेज की सुविधा है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के टीम को इस सफल शुरूआत हेतु बधाई दिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.के इन्दवार ने बताया कि इस सुविधा का लाभ नजदीकी विकासखण्ड फरसाबहार, दुलदुला कांसाबेल, बगीचा के लोगों को मिलेगा एवं इसका प्रचार-प्रसार समस्त विकासखण्ड में किया जाना है तथा शासकीय अस्पताल में प्रसव कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने का अपील किया गया है।

## 07वीं, 09वीं एवं 11वीं के रिक्त 03 सीटों में लेटरल एन्ट्री द्वारा प्रवेश दिया जाएगा

**मुंगेली।** जिले में संचालित पी.एम. एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 07वीं, 09वीं एवं 11वीं के रिक्त 03 सीटों में लेटरल एन्ट्री द्वारा प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 16 जुलाई 2024 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एल. पी. पटेल ने बताया कि लेटरल एन्ट्री के अंतर्गत 07वीं एवं 09वीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभवान छात्र सांसद के हाथों सम्मानित हुए

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को जॉजगीर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जॉगड़े ने सम्मनित की। ज्ञात हो कि भगवान श्रीराम जी के महान भक्त माता शबरी के पावन नगरी शिवरीनारायण में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं जिन्होने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 07 जुलाई को जांजगीर के हॉटल ड्रीम प्वाइंट में सम्मानित किया गया। इस विद्यालय के कक्षा दषम से 07 विद्यार्थियों कु. योगिता कहरा, कु. अमृता आदित्य, कु. प्राची साहू, कु. प्रिया श्रीवास, अनुराग, देषांक सोनी, अमन साहू, तथा कक्षा द्वादष से एक विद्यार्थी शिवम कैवर्त्य कुल 08 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जॉगड़े ने कहा कि विद्यार्थी जितना अधिक परिश्रम करेंगे वे उतने ही सफलता की बुलंदी को छुकर अपने विद्यालय व अपने नगर का नाम रोशन करेंगे। इनको मात्र निखारने व तरासने की आवश्यकता है ये सभी आगे चलकर डॉक्टर, इंजिनियर, कलेक्टर आदि बनकर देश की सेवा करेंगें।

जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थी नियमित परिश्रम करते हैं। और परीक्षा देते हैं और परीक्षा में अधिक अंक पाने पर वे खुशी मनाते हैं, मगर उनके शिक्षक व पालक उन पर गर्व महसूस करते हैं। प्राचार्य चंद्रा जी समस्त विद्यार्थीयों को जॉजगीर स्थित सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थान तक अपने साथ लेकर गये। और अंत तक स्वयं भी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थी सम्मान पाकर खुश हुए और प्राचार्य भी गर्व महसूस कर रहे हैं।

सभी ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, गगन जयपुरीया, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, शिवरीनारायण नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी तिवारी ,कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अमर सुल्तानिया, पीयुश जायसवाल, प्रतीक शुक्ला, उपस्थित रहे।

## पुलिस जन चौपाल, चलित थाना और साइबर सुबह के बैनर तले गांव-गांव आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

# साइबर अपराधों में कमी लाने रायगढ़ पुलिस ने चलाया वृहद जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा साइबर अपराधों में कमी लाने पिछ्ली क्राईम मीटिंग में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों को प्रत्येक बुधवार अनिवार्य रूप से सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर हर सुबह साइबर फ्रॉड की जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित करने साइबर सुबह के नाम पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सायबर सुबह अभियान के तहत प्रतिदिन सुबह साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी व बचाव संदेश आमजन में प्रसारित किया जा रहा है। वहीं कल 10 जुलाई, बुधवार को जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें राजपत्रित अधिकारीगण भी थाना प्रभारियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। जागरूकता कार्यक्रमों में साइबर ठगी से बचने आमजन को मोबाइल व इंटरनेट का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने बताया जा रहा है। वर्तमान में हो रहे ट्रेडिंग फ्रॉड , प्रोफाइल हैकिंग और फेक कॉल से ठगी की जानकारी देकर उन्हें अंजान व्यक्ति द्वारा जोड़े गये व्हाट्सएप, टेलीग्राम ग्रुप से रिमूव्ह होना बताया गया। साइबर फ्रॉड से बचने बैंक संबंधी डिटेल किसी व्यक्ति के साथ सांझा न करने के बताया गया और अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने कहा गया तथा उन्हें साइबर फ्रॉड पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर फ्रॉड व्हास्ट्अप हेल्पलाइन नंबर 9479281934 की जानकारी दी गई। थाना पुसौर के ग्राम औरदा में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम तथा थाना कोतरारोड़ के ग्राम कृष्णापुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डीएसपी अखिलेश कौशिक शामिल हुए। इसी प्रकार अन्य थाना क्षेत्र में थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर एवं महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई।

# कलेक्टर अजय पुजारी को सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ जिला मुंगेली द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर अजय पुजारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघ के द्वारा प्रदेश में कार्यरत समस्त विभागों के शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग की गई। संगठन के जिला संयोजक मनोज कश्यप ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेवा दे रहे 5 लाख कर्मचारियों के लिए बढ़ती मंहगाई में स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य सम्बन्धी बड़ी परेशानियों में इलाज करवा पाना असम्भव सा हो गया है। शासन द्वारा जो मेडिकल प्रतिपूर्ति की सुविधा दी जाती है उसे प्राप्त करने में बहुत समय लग जाता है। ज्ञापन सौंपने वाले जिला प्रतिनिधि मंडल में जिला संयोजक मनोज कश्यप, मनोज अंचल,भूपेन्द्र घृतलहरे, लक्ष्मीकांत जड़ेजा, इंद्राज पाटले, पिलालाल दिवाकर मौजूद रहें।

# पूर्व में स्वीकृत 16 गांव में 8 करोड़ 15 लाख रुपए के कृषि उपज मंडी लागत से सड़क कब बनेगी ?

## मंडी बोर्ड की स्वीकृति के उपरांत 9 माह बाद आखिर कृषि मंत्री से कब होगा पास

■ 16 गांवों के सडकें डब्ल्यू बीएम व सी.सी. रोड होने से 30 से अधिक गांवों का हो सकता है भला


पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा कृषि उपज मंडी अंतर्गत भाटापारा व सिमगा क्षेत्रांतर्गत तत्कालीन मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के अथक प्रयास से किसानों के हितार्थ सड़क निर्माण कार्य लगभग 16 गाँवो में डामरीकृत व सी.सी.रोड के सडक निर्माण की स्वीकृति मंडी बोर्ड रायपुर से हो चुका है।

**मंडी बोर्ड से बनने वाली 16 गाँवों की निर्माण लागत :** जिसकी कुल निर्माण लागत 8 करोड 15 लाख रुपये की जारी स्वीकृति पत्र मे दशार्या गया हैं उक्त स्वीकृति आदेश 4 अक्टूबर 2023 का है उक्त तिथि के आधार पर स्वीकृति आदेश जारी हुए 9 महिने से अधिक होने को जा रहा है परंतु टेन्डर आदेश जारी नही होने से भाटापारा मंडी क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों मे बनने वाले सडकों का निर्माण कार्य रुका पडा है जो की आज के वर्तमान समय मे अपनी बदहाली पर इस गाँव की सडकें आँसू बहा रहा है गौरतलब है कि उक्त सडकें बनकर तैयार होता है तो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जुडे चैनल के आधार पर 30 से अधिक गाँवो को लाभ मिल सकेगा। उक्त आदेश कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड जी.ई.रोड, तेलीबांधा, रायपुर से कृषि उपज मंडी भाटापारा सचिव को जारी किया गया है।

मंडी क्षेत्रांतर्गत 16 स्थानों में डब्ल्यू.बी.एम/सी.सी. रोड निर्माण कार्य जो कि मंडी निधि से प्रस्तावित है को प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा छ.ग. शासन कृषि स्थायी निधि से प्रस्तावित कार्यो को कराये जाने की अनुमति प्रदान की गई, जिसकी सूची निम्नानुसार है।



कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
बीज भवन, जी.ई.रोड, तेलीबांधा, रायपुर–492006

क्र. प्रस्तावित कार्य 1 ग्राम गुर्रा से जोगीदीप धार्मिक स्थल तक 1500 मी. डब्ल्यू. बी. सड़क निर्माण कार्य लागत ( लाख में) 23.03 2 ग्राम खपरी-आर से बिटकुली पहुँच मार्ग में 3000 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 51.97 3 ग्राम मराकीना संतोष भगत के खेत से संजरी नवागांव तक पहुंच मार्ग में 2500 मी. डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कार्य 93.16 4 ग्राम खैरघट से इन्दरमन गौशाला पहुंच मार्ग में 1200 मी. डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कार्य 18.56 5 ग्राम गणेशपुर शमशान घाट से माढर पहुंच मार्ग में 900 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 17.57 6 ग्राम चंदिया पथरा से अड़बंधा पहुँच मार्ग में 2200 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 77.30 7 7 ग्राम चंदेरी से दामाखेड़ा पहुंच मार्ग 2500 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 110.37 8 ग्राम करहुल से अड़बंधा पहुंच मार्ग में 2000 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 59.78 9 ग्राम किरवई से चंदिया पथरा पहुंच मार्ग में 4500 मी. डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य 148.59 10 ग्राम रानी जरौद तालाब महामाया चौक तक 150 मी. सी.सी. रोड निर्माण कार्य 8.88 11 ग्राम डोगरिया मुख्य मार्ग, पाल बाड़ी से स्कूल गौठान होते हुए जायसवाल दुकान तक 600 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य 36.36 12 12 मुख्य मार्ग रिगनी से टोपेलाल घर तक 100 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.06।

### ग्राम मराकीना में माना निषाद खेत से संतोष भगत खेत तक पहुंच मार्ग में 900 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य

क्र. प्रस्तावित कार्य ग्राम राजपुर शमशान घाट से खपरी-आर तक पहुंच मार्ग में 500 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य 14 15 ग्राम तरेगा मुख्य मार्ग में पेण्ड्री स्कूल होते हुए माचाभाट तक 500 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य 16 ग्राम चमारगुड़ा से पासिद (कोमल साहू बाड़ी तक) 900 मी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य योग ( लाख54.39)। उपरोक्त तालिका में दर्शित कार्यो की सक्षम स्तर पर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर मंडी समिति प्रशासकीय स्वीकृति जारी उपरांत निर्माण निर्देशिका में उल्लेखित शर्तों की निविदा की कार्यवाही किया जाकर गयी कार्यवाही से वरिष्ठालय को अवगत कराया गया है जो की अधीक्षण अभियंता छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, रायपुर उल्लेखित है एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिलिपि :- सूचनार्थ 1. संयुक्त संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, संभागीय कार्यालय, रायपुर की ओर। 2. कार्यपालन अभियंता जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ. ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, संभागीय कार्यालय, रायपुर की ओर से प्रेषित किया है। उपरोक्त सड़क अपनी नव निर्माण को तरस रहा है अपने आप को किसानो की सरकार कहने वाली सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम इन सड़को को निर्माण कराने निविदा आमंत्रित करने हेतु उचित निर्देश प्रबंध संचालक कृषि मंडी बोर्ड को आखिर कब देंगे।

# दुबई से ऑपरेशन कराने श्री बालाजी हॉस्पिटल रायपुर पहुंचा परवाज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में दुबई से एक मरीज ऑपरेशन कराने रायपुर पहुंचा, जहां मरीज का सफल ऑपरेशन हुआ और उन्हें डिस्चार्ज करने की तैयारी है । श्री बालाजी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक के मुताबिक मूलतः उत्तर प्रदेश के रहने वाले परवाज खान पिछ्ले 10 वर्षों से दुबई में रहकर जॉब कर रहे है ।

कुछ दिनों पहले स्टेपलर की पिन उन्होंने अपने मुंह में रखी थी, जो गले में फंस गई। उन्होंने उसे जितनी निकालने की कोशिश की पिन उतनी ही अंदर फंसती गई, इसके बाद उन्होंने दुबई में 2 बार ऑपरेशन कराया। मरीज परवाज के मुताबिक दोनो बार ऑपरेशन सफल नहीं हुआ, जिसके बाद मरीज के एक रिश्तेदार ने उन्हें भारत आकर रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन की सलाह दी ,यहां ऑपरेशन के बाद अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है. यहां नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिग्विजय सिंह और उनकी टीम ने मरीज का ऑपरेशन कर गले में फंसी पिन को सकुशन निकाला। डॉक्टरों के मुताबिक मरीज के गले में इंफेक्शन काफी बढ़ गया था और यदि वे जल्द ऑपरेशन नहीं कराते तो उन्हें जान का खतरा भी हो सकता था।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' महा वृक्षारोपण अभियान-2024 का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर के अटल नगर स्थित जैव विविधता पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने पूर्ण विधि विधान से पूजन कर पीपल के पौधे का रोपण कर महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री द्वारा अभियान का बैनर जारी किया गया। इस अभियान के तहत वन विभाग द्वारा प्रदेशभर में 4 करोड़ वृक्ष लगाये जाएंगे। इसी के अंतर्गत में प्रदेश के 33 जिलों में कुल 4 लाख पेड़ लगाए गए। महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के मौके पर जैव विविधता पार्क में मुख्यमंत्री साय के साथ सभी कैबिनेट मंत्रीगणों, स्कूली बच्चों, सीआरपीएफ के जवानों, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 20 हजार पेड़ लगाए। मुख्यमंत्री साय ने ओपन जिप्सी में वृक्षारोपण क्षेत्र का भ्रमण कर अभियान में हिस्सा ले रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक इंद्र कुमार साहू एवं गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे। सभी ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के 140 करोड़ लोगों से आह्वान किया है कि सभी अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएं। उनके आह्वान पर यह एक आंदोलन बन गया है, हम लोग छत्तीसगढ़ में भी इसको अभियान के रूप में ले रहे हैं और अकेले वन विभाग का 4 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है।

# केंद्र सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने सराहा रायपुर स्मार्ट सिटी की आईटीएमएस प्रणाली

## तक्षशिला लाइब्रेरी में अध्यनरत युवाओं से मिलकर संयुक्त सचिव हुई अभिभूत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी 'तक्षशिला' का अवलोकन किया। उन्होंने विश्व स्तरीय यातायात प्रबंधन की इस प्रणाली के अंतर्गत स्वच्छता, सुरक्षा, अपराध नियंत्रण विषयक नवाचारों की सराहना की है । तक्षशिला लाइब्रेरी में युवा प्रतिभागियों को अध्ययन सुविधा प्रदान करने के लिए रायपुर में उन्नत सुविधाओं की भी विस्तार से जानकारी ली एवं युवाओं का मार्गदर्शन किया। राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पांडेय भी भ्रमण में उनके साथ थे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के साथ मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए रायपुर में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में उन्हें विस्तार से अवगत कराया । संयुक्त सचिव मिश्रा ने महानगरों की तर्ज़ पर विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप विकास गतिविधियों के संचालन को अन्य शहरों के लिए भी अनुकरणीय कहा आई.टी. एम.एस. में उन्होंने यातायात प्रबंधन प्रणाली के साथ-साथ स्वच्छता संबंधी नवाचारों की भी विस्तार से जानकारी ली। भ्रमण के दौरान नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**प्रथम पेज का शेष**

## विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे : साय

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी योजनाएं जिनका संचालन केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के अंशदान से हो रहा है, उनमें केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि का अनुपात बढ़ाया जाए। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पनगढ़िया ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति की रफ्तार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से प्रगति हो रही है। नवा रायपुर को बहुत सुन्दर और व्यवस्थित तरीके से बसाया गया है। छत्तीसगढ़ बहुत ही सुन्दर राज्य है। विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजकोषीय स्थिरता के साथ आर्थिक वृद्धि एवं सामाजिक सूचकांकों में तेजी से सुधार हुआ है। छत्तीसगढ़ एक नवोदित एवं तेजी से बढ़ता राज्य है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के संबंध में कहा कि यहां का सबसे बड़ा संसाधन मानव शक्ति है। जिनको मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर के लिए स्किल्ड बनाना होगा। वही वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के वित्तीय परिदृश्य पर प्रस्तुतीकरण देते हुए कहा कि नवा रायपुर को ग्रीन स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अधोसंरचना विकास के लिए केन्द्र से और अधिक संसाधन मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्धारित मापदंडों के अनुसार वित्तीय अनुशासन का पालन कर रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे।

# मुख्यमंत्री साय आज भिलाई में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के सम्मेलन में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 जुलाई को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात भिलाई स्थित बैकुंठधाम मंदिर नेवई बांधापारा में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे अपने निवास कार्यालय में इंटरसेक्टर वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जाएंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मितानिनों को प्रोत्साहन राशि का ऑनलाईन अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 1.30 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड से हेलीकॉप्टर से भिलाई जाएंगे और वहां बैकुंठधाम मंदिर नेवई बांधापारा में आयोजित छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भिलाई से 3.05 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 3.25 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर लौट आएंगे।

## अब मितानिनों को होगा ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का भुगतान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 12 जुलाई को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि दिए जाने की व्यवस्था का शुभारंभ करने के साथ ही सीधे उनके बैंक खातों में प्रोत्साहन राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तर से मितानिनों को ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का भुगतान पारदर्शी प्रशासन की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में ऑनलाईन प्रोत्साहन राशि का यह कार्यक्रम 12 जुलाई पूर्वान्ह 11 बजे से रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव तथा विजय शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403